Page 9



मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाया जाए...

# हरियाणा मेल

सही खबर- भेदी नजर



haryanamail.in @haryanamail

शनिवार, 1 अगस्त, 2026

गुरुग्राम , वर्ष -14, अंक - 57, पृष्ठ-12, मूल्य : 3.00 रूपए
RNI NO. : HARHIN/2012/47672


डीएसपी को केस दर्ज कर कड़ी... 12 Page

### महाराष्ट्र में चार मंजिला इमारत ढही

## 10 की मौत, कुछ लोगों के दबे होने की आशंका

- **खतरनाक घोषित इमारत में चल रहा था मरम्मत कार्य, रात में अचानक भरभराकर गिरी**
- **पहले ही जारी किया था नोटिस, अन्य जर्जर इमारतों को खाली कराने की तैयारी तेज: नगर निगम**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में हुए चार मंजिला इमारत हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। हादसे में उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के एक ही परिवार के चार लोगों की भी मौत हुई है। वहीं, चार घायलों का इलाज इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल में चल रहा है। राहत और बचाव अभियान अभी भी जारी है तथा मलबे में कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को घटना पर दुख जताते हुए कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है। उन्होंने कहा कि इमारत में चोरी-छिपे मरम्मत कार्य किया जा रहा था, जो बेहद गंभीर मामला है। घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

ठाणे जिला प्रशासन के अनुसार भिवंडी के बालाजी नगर-गंगारामवाड़ी स्थित कोहिनूर अपार्टमेंट गुरुवार रात अचानक ढह गया था। हादसे के बाद एनडीआरएफ, टीडीआरएफ और स्थानीय फायर ब्रिगेड की टीमें लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। अब तक 14 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है, जिनमें 10 लोगों की मौत हो चुकी है और चार लोग घायल हैं। मृतकों में शमीम शेख, रंजीत सिंह, सिराज रसूल शेख, संतोष कुमार पांडे, शमीम अंसारी, अशोक कुमार पासवान, राकेश कुमार पासवान, मुकेश कुमार पासवान, किश कुमार पासवान और एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। इनमें गोंडा जिले के रहने वाले अशोक कुमार पासवान, राकेश कुमार पासवान, मुकेश कुमार पासवान और किश कुमार पासवान एक ही परिवार से संबंधित थे।

### प्रधानमंत्री ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की अनुग्रह राशि की घोषणा



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के ठाणे में इमारत गिरने की घटना में लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से हादसे में प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। वहीं, प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में कहा कि ठाणे में इमारत गिरने से हुई जनहानि की खबर अत्यंत दुखद है। इस कठिन समय में प्रधानमंत्री की संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं तथा उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

अशोक कुमार पासवान की पत्नी ने बताया कि वह अपने परिजनों के शव उत्तर प्रदेश ले जाना चाहती हैं, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस चालक शव ले जाने के लिए बड़ी रकम मांग रहे हैं। उन्होंने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

राज्य के मंत्री गिरीश महाजन ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इमारत को पहले ही खतरनाक घोषित किया जा चुका था और नगर निगम ने इसे खाली कराने की कार्रवाई की थी। इसके बावजूद इमारत के भूतल पर मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ, जिसमें मजदूरों समेत कई लोग मलबे में दब गए।

महाजन ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई होगी। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रशासन मलबा हटाने और फंसे लोगों को तलाशने का काम सावधानी से कर रहा है।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का शानदार प्रदर्शन, जूडो में रचा इतिहास

## 15 मिनट, 2 गोल्ड

### अस्मिता डे और हर्ष सिंह बने चैंपियन

- **19 पदकों के साथ भारत 9वें स्थान पर, यामिनी से एक और गोल्ड की उम्मीद**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**ग्लासगो।** कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महज 15 मिनट के भीतर दो स्वर्ण पदक जीत लिए। जूडो में अस्मिता डे और हर्ष सिंह ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर देश का नाम रोशन किया। खास बात यह है कि कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में भारत को जूडो में पहली बार गोल्ड मेडल मिला है।

शुक्रवार रात 8:56 बजे अस्मिता डे ने महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में कनाडा की हेइडी क्वाच को 2-1 से हराकर भारत को पहला स्वर्ण दिलाया। इसके कुछ ही मिनट बाद, रात 9:11 बजे हर्ष सिंह ने पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ काट्ज को 10-0 से हराकर दूसरा गोल्ड अपने नाम किया। भारत की इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। अब सबकी नजरें जूडो के महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल पर हैं, जिसमें यामिनी मौर्य जल्द ही मुकाबला खेलने उतरेंगी।

मेडल तालिका में भारत अब तक 5 स्वर्ण, 10 रजत और 4 कांस्य समेत कुल 19 पदक जीतकर नौवें स्थान पर पहुंच गया है। खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन आगे के मुकाबलों के लिए उम्मीदें और भी बढ़ा रहा है।

#### हर्ष ने जोशुआ काट्ज को हराकर जीता गोल्ड

**23 वर्षीय हर्ष** सिंह ने पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ काट्ज को 10-0 (वाजा-अरी) से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबले की



शुरूआत में काट्ज ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन हर्ष ने मजबूत बचाव करते हुए उन्हें बढ़त बनाने का मौका नहीं दिया।

#### अस्मिता ने कनाडा की हेइडी क्वाच को हराया



**त्रिपुरा की** 23 वर्षीय अस्मिता डे ने फाइनल में शानदार वापसी करते हुए कनाडा की हेइडी क्वाच को हराया। शुरूआत में एक अंक गंवाने और पेनल्टी मिलने से वह दबाव में थीं, लेकिन उन्होंने आक्रामक खेल दिखाया। लगातार हमलों से उन्होंने स्कोर 1-1 से बराबर कर मैच को रोमांचक बना दिया।

### समाचार सार

#### वरिष्ठ साहित्यकार कैलाश चंद्र पंत का निधन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार, पद्मश्री से सम्मानित और हिंदी भवन भोपाल के पूर्व निदेशक कैलाश चंद्र पंत का शुक्रवार को हृदय गति रुकने (कार्डियक अरेस्ट) से निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को उन्होंने भोपाल में अपने निवास में अंतिम सांस ली। उनके निधन से भोपाल से लेकर उनके पैतृक उत्तराखंड के बागेश्वर के गांव खंतोली में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे तीन विवाहित पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। कुछ वर्ष पहले उनकी पत्नी का भी निधन हो गया था। परिजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार शनिवार को भोपाल के भदभदा विश्राम घाट पर किया जाएगा।

#### दिल्ली पुलिसकर्मी बनकर 25 लाख की रंगदारी मांगने वाले चार गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-86 स्थित अंसल हाइट्स सोसायटी के एक फ्लैट में दिल्ली पुलिस की विशेष टीम बनकर रेड करने, युवकों को बंधक बनाने और 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में खेड़की दौला थाना पुलिस ने एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रोहतक निवासी सतविन्द्र, टीनू, नवीन और स्नेहा उर्फ सना के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने फ्लैट में घुसकर वहां मौजूद युवकों को अवैध गतिविधियों में फंसाने की धमकी दी और मारपीट की। शिकायतकर्ता के साथियों ने चार आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि मुख्य आरोपी ऋषि फरार हो गया।

### सीजेपी प्रदर्शन के दौरान घायल पुलिसकर्मियों के परिजनों ने बताई आपबीती

## पिता की वर्दी खून से लथपथ थी

- **पुलिसकर्मियों के परिवार पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, न्याय की मांग उठाई**
- **सब-इंस्पेक्टर की बेटी बोली- पिता को भीड़ ने खींचकर पीटा, घंटों रहे बेहोश**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के घायल कर्मियों के परिवार वालों ने शुक्रवार को कांस्टीट्यूशन क्लब में पत्रकार वार्ता कर 20 और 25 जुलाई को कोकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और 'संसद चलो' मार्च के दौरान हुए क्रूर हमलों का ब्योरा दिया। एक सब-इंस्पेक्टर की बेटी ने बताया कि कैसे असामाजिक तत्वों ने छात्रों का साथ दिया और उसके पिता को बैरिकेड से खींचकर घंटों तक बेहोश छोड़ दिया। एक सहायक आयुक्त की पत्नी ने अपने पति के घर लौटने को अपने और अपनी दो साल की बेटी के लिए दर्दनाक रात बताया। जबकि एक अन्य महिला ने बताया कि उनके पति के हेलमेट को पत्थरों और गमलों से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। दिल्ली में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में घायल हुए दिल्ली पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर की बेटी का कहना था, 25 तारीख को, मेरे पिता को उपद्रवियों की भीड़ ने खींच लिया और जंतर-मंतर पर मंच के पास लगभग पीट-पीटकर मार डाला। यह घटना 25 जुलाई को दोपहर लगभग 2:00 बजे हुई। वे आरएमएल अस्पताल में लगभग चार घंटे तक बेहोश रहे। रात लगभग 10:00 बजे, उनके साथी उन्हें घर लाए। उनकी वर्दी पूरी तरह से खून से सनी हुई थी। उन्हें उस हालत में देखना हमारे लिए बेहद दर्दनाक था। उसने कहा कि दुख के साथ उन्होंने फैसला किया कि उन्हें भी अपने पिता के लिए न्याय मांगना चाहिए। उन्हें अन्य पुलिसकर्मियों के परिवारों से समर्थन मिला और वे सुप्रीम कोर्ट गए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपना मामला पेश करने के लिए एक वकील से अनुरोध किया। वकील ने उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें भी समान अधिकार प्राप्त हैं और उन्हें भी न्याय मिलेगा।

## रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीयों के परिवारों की मदद का 'सुप्रीम' निर्देश

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वो रुस-यूक्रेन युद्ध के दौरान नौकरी का झांसा देकर रुस भेजे गए और बाद में युद्ध के मोर्चे पर पहुंचा दिए गए भारतीय नागरिकों को हर जरूरी सहायता और जानकारी उपलब्ध कराए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच इसे लेकर कई अहम दिशानिर्देश जारी किए।

कोर्ट ने कहा कि पीड़ित परिवार पहले ही भारी मानसिक और आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विदेश मंत्रालय तुरंत एक नोडल अधिकारी नियुक्त करे, जो युद्ध में मारे गए, घायल हुए या अब भी लापता भारतीयों के परिवारों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखे और उन्हें हर जरूरी जानकारी और सहायता उपलब्ध कराए। कोर्ट ने कहा कि युद्ध में मारे गए भारतीयों की पहचान के लिए डीएनए सैंपल का मिलान कराया जाएगा।



कोर्ट ने निर्देश दिया कि नई दिल्ली स्थिति रुसी दूतावास के समक्ष मुआवजा क्लेम दाखिल करने में विदेश मंत्रालय परिवारों को मदद करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सभी जरुरी जानकारी और प्रक्रियाएं उनकी मातृभाषा या स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाएंगी। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण परिवारों को मुफ्त कानूनी सहायता देंगे।

## हरिद्वार: गंगनहर में डूबने से चार कांवड़ियों की मौत

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**हरिद्वार।** हरिद्वार के ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित जटवाड़ा पुल के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में चार कांवड़ियों की गंगनहर में डूबने से मौत हो गई। सभी मृतक चंडीगढ़ से कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार आए थे और उनकी उम्र करीब 16 से 18 वर्ष बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जटवाड़ा पुल के पास स्नान के दौरान एक कांवड़िया गहरे गड्ढे में फंसकर डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसके तीन साथी भी पानी में उतर गए, लेकिन वे भी गहराई का अंदाजा नहीं लगा सके और चारों गंगनहर में लापता हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



बताया जा रहा है कि गंगनहर में सिल्ट सफाई के कारण जलस्तर कम होने से श्रद्धालु बीच धारा तक चले गए थे। इसी दौरान गहरे गड्ढे में फंसने से यह हादसा हुआ।

सूचना मिलते ही जल पुलिस, स्थानीय पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे। काफी देर तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद चारों के शव गंगनहर से बरामद कर लिए गए।

एसपी सिटी अभय सिंह ने बताया कि चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी की पत्नी ने की आत्महत्या

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रोहतक में रहने वाले अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी शीलू बल्हारा की पत्नी ने शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान मुस्कान बल्हारा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों को लेकर फिलहाल पता नहीं चल पाया है। मुस्कान महम के फरमाना गांव की रहने वाली थीं। उनकी दिसंबर 2023 में शीलू के साथ शादी हुई थी। पिछले साल नवंबर में उनके बेटे हार्दिक का जन्म हुआ।मुस्कान ने आत्महत्या से एक दिन पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिंगर दिलजीत दोसांझ के गाने पर अपनी रील अपलोड की थी। शीलू बल्हारा रोहतक में बहु अकबरपुर गांव के रहने वाले हैं। घर में पिता सुरेंद्र, मां निशा देवी, दादी, एक बहन और भाई मनीष हैं। पिता सुरेंद्र बल्हारा साधारण किसान हैं। मनीष भी कबड्डी खेलते हैं। शीलू जूडो खेलते थे। फिर पहलवानी करने लगे। छह साल की उम्र में कबड्डी खेलना शुरू कर दिया। जब जवानी में कदम रखा तो उनका नाम पंजाब तक पहुंचा। पंजाब की अलग-अलग टीमों में शीलू खेलने के लिए जाते रहते है। बहरहाल पुलिस ने आत्महत्या प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। परिजन अभी इस बारे में कुछ नहीं बोल रहे हैं।

## मिलेनियम सिटी सेंटर पर बनेगा छह लेन अंडरपास

- **ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**




**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के व्यस्त मिलेनियम सिटी सेंटर जंक्शन पर जल्द छह लेन अंडरपास बनाया जाएगा, जिससे एनएच-48, एसपीआर, गोल्फ कोर्स रोड और शहर के बीच ट्रैफिक सुगम होगा। करीब 55.46 करोड़ रुपये की इस परियोजना को 18 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। प्रस्तावित अंडरपास लगभग 1.35 किमी लंबा होगा, जिसमें दोनों ओर तीन-तीन लेन होंगी। परियोजना में आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम, वर्षा जल संचयन और सौर ऊर्जा आधारित सुविधाएं शामिल होंगी। यह जंक्शन मेट्रो, दफ्तरों, अस्पतालों और आवासीय इलाकों के कारण रोज भारी ट्रैफिक झेलता है, जिससे पीक आवर्स में जाम लगता है। अंडरपास बनने से ट्रैफिक दबाव घटेगा और यात्रा समय कम होगा। सरकार से मंजूरी के बाद यह परियोजना शहर के सड़क सुधार कार्यक्रम का हिस्सा है, जिससे कनेक्टिविटी तेज और सुरक्षित होगी।

## दिल्ली दंगा: अंकित शर्मा हत्याकांड में ताहिर हुसैन समेत पांच दोषियों को उम्रकैद

- **मामले के छह आरोपियों को बरी करने का आदेश दिया**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में ताहिर हुसैन समेत पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एडिशनल सेशंस जज प्रवीण सिंह ने छह अन्य आरोपियों को बरी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की फांसी की मांग को खारिज करते हुए कहा कि



दोषियों में सुधार की संभावना है।

कोर्ट ने 13 जुलाई को नाजिम, कासिम, अनस और जावेद समेत पांच आरोपियों को दोषी ठहराया था। वहीं हसीन उर्फ मुल्लाजी, मीर खान, फिरोज, गुल्फाम, शोएब आलम और मुंतजिम समेत छह लोगों को बरी कर दिया गया।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जून 2020 में दाखिल चार्जशीट में ताहिर हुसैन को हत्या की साजिश का मुख्य आरोपी बताया था। पुलिस का आरोप था कि फरवरी 2020 में चांद बाग इलाके में भीड़ का नेतृत्व किया गया और अंकित शर्मा को निशाना बनाया गया। पुलिस के अनुसार हत्या के बाद शव को नाले में फेंक दिया गया था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंकित शर्मा के शरीर पर धारदार हथियार से 51 वार के निशान मिले थे। इस मामले में ताहिर हुसैन के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था। फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी और करीब 200 लोग घायल हुए थे।

### क्वेटा के पास फ्रंटियर कॉर्प्स की दो चौकियों पर हमला

## 13 पाकिस्तानी जवानों की मौत

- **वली थंगी और स्पिन कारेज में हुई वारदात, हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा के निकट हथियारबंद लड़ाकों ने फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) की दो चौकियों पर बड़ा हमला किया। हमलावरों ने दोनों चौकियों पर कब्जा कर हथियार और गोला-बारूद अपने कब्जे में ले लिया तथा चौकियों को आग के हवाले कर दिया। हमले में पाकिस्तान के कम से कम 13 जवानों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबर है।




द बलूचिस्तान पोस्ट के मुताबिक बड़ी संख्या में हथियारबंद लड़ाकों ने एक साथ जारघून घर क्षेत्र के वली थंगी और क्वेटा के बाहरी इलाके स्पिन कारेज स्थित एफसी चौकियों को निशाना बनाया। दोनों स्थानों पर लंबे समय तक भारी गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें सुनाई देती रहीं। इसके बाद हमलावरों ने चौकियों पर कब्जा कर वहां मौजूद हथियार, गोला-बारूद और अन्य सैन्य उपकरण अपने साथ ले गए तथा चौकियों में आग लगा दी।

स्थानीय सूत्रों का दावा है कि इस हमले में कम से कम 13 पाकिस्तानी जवान मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी अधिकारियों ने हमले की पुष्टि करते हुए मृतकों की संख्या कम बताई है।

अधिकारियों के अनुसार, मारे गए जवानों में नायब सूबेदार अव्वल खान, नायक नूर बख्श, सिपाही समीउल्लाह और सिपाही रफीक शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हमलों के बाद तीन अन्य जवान लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।

समाचार लिखे जाने तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली थी। हालांकि, इस क्षेत्र में बलूच हथियारबंद संगठन सक्रिय हैं और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) पहले भी वली थंगी और आसपास के इलाकों में ऐसे हमलों की जिम्मेदारी ले चुकी है।

### राम मंदिर चढ़ावा विवाद को लेकर संसद परिसर में विपक्ष का प्रदर्शन

## पप्पू यादव पुजारी के वेश में पहुंचे

- **पप्पू यादव दानपेटी लेकर पहुंचे, विपक्षी सांसदों ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना**
- **जितेंद्र सिंह के बयान पर कांग्रेस ने दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपों को लेकर विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सांसद पप्पू यादव पुजारी के वेश में दानपेटी लेकर पहुंचे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई विपक्षी सांसदों ने दानपेटी में चंदा डालकर अपना विरोध दर्ज कराया।

**राहुल ने डाला चंदा**



प्रदर्शन कर रहे सांसदों ने हाथों में बैनर लेकर सरकार पर सवाल उठाए। बैनर पर ह्यअमित शाह संसद से गायब क्यों‌ह्व जैसे संदेश लिखे थे। विपक्ष ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से जवाब की मांग की और आरोप लगाया कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता होनी चाहिए।


उधर, संसद की कार्यवाही भी हंगामे की भेंट चढ़ी। लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई, लेकिन विपक्षी सांसदों के विरोध के कारण इसे दोपहर 12 बजे तक स्थगित करना पड़ा। दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई।

इधर, कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि मंत्री ने संसद में जंतर-मंतर और संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग नहीं होने का बयान देकर विपक्ष के दावों को गलत बताया। विपक्ष ने इस बयान को लेकर आपत्ति जताई है और मामले में स्पष्टीकरण की मांग की है।

## पंजाब कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं, सभी मिलकर काम करेंगे: भूपेश बघेल

- **समय से पहले भी हो सकते हैं विधानसभा चुनाव: बघेल**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल ने प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि कुछ लोग और मीडिया इस मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पंजाब कांग्रेस के सभी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में एकजुट होकर काम कर रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब में पत्रकारों से बातचीत में बघेल ने कहा कि वह पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं और अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंप दी है। उन्होंने कहा कि चन्नी की कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात के बाद स्थिति और स्पष्ट हो गई है। चन्नी और प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के अलग-अलग कार्यक्रमों पर बघेल ने कहा कि दोनों नेता अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और हालिया लाठीचार्ज मामले में प्रभावित लोगों के समर्थन को लेकर एकजुट हैं।

केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने छात्रों पर कथित लाठीचार्ज को लेकर सवाल उठाए और पूछा कि गृह मंत्री की जगह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने छात्रों से मुलाकात क्यों की। वहीं, राजा वड़िंग ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी के कई विधायक टिकट कटने की आशंका से चिंतित हैं।

# कर्नाटक में विरोध प्रदर्शन, 13 अगस्त को राज्यव्यापी बंद का आह्वान

हरियाणा मेल, एजेंसी



**बेंगलुरु।** तमिलनाडु को 15 दिनों तक कावेरी नदी का पानी छोड़ने के कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) के आदेश के विरोध में पूरे कर्नाटक में किसानों, कन्नड़ समर्थक संगठनों और विभिन्न राजनीतिक दलों का आंदोलन तेज हो गया है। मंड्या समेत कई जिलों में विरोध प्रदर्शन जारी है।

कन्नड़ समर्थक संगठनों ने 13 अगस्त को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक राज्यव्यापी कर्नाटक बंद का आह्वान किया है। हालांकि मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने बंद वापस लेने की अपील की है।

मंड्या जिले के श्रीरंगपट्टन तालुक स्थित केआरएस क्षेत्र में किसानों और विभिन्न कन्नड़ संगठनों ने बेंगलुरु-मैसूर राजमार्ग जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर लेटकर विरोध जताया, अर्धनग्न प्रदर्शन किया और टायर जलाने का प्रयास करते हुए राज्य सरकार से तमिलनाडु को पानी नहीं छोड़ने की मांग की।

कावेरी आंदोलन को कन्नड़ फिल्म उद्योग का भी समर्थन मिला है। कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स की अध्यक्ष जयमाला ने कहा कि भूमि, जल और भाषा के मुद्दे पर राज्य के हितों की रक्षा के लिए फिल्म उद्योग आंदोलन के साथ खड़ा रहेगा।

इधर, केआरएस बांध की ओर कूच कर रहे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक, विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाड़ी नारायणस्वामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र सहित कई नेता प्रदर्शन में शामिल हुए।

आंदोलन को और तेज करने के उद्देश्य से कन्नड़ समर्थक और किसान संगठनों ने 13 अगस्त को राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है। कन्नड़ आंदोलनकारी वाटल नागराज ने कहा कि अस्पतालों और एम्बुलेंस सेवाओं को छोड़कर सभी क्षेत्रों को बंद का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि सरकारी कर्मचारी, श्रमिक संगठन, होटल मालिक, एपीएमसी, ट्रक मालिक, ऑटो चालक तथा कर्नाटक फिल्म चैंबर सहित कई संगठनों ने बंद को समर्थन दिया है।

वाटल ने चेतावनी दी कि यदि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय 3 अगस्त को प्रस्तावित कर्नाटक दौरे के दौरान कावेरी मुद्दे पर राज्य के पक्ष में स्पष्ट रुख नहीं अपनाते हैं, तो उनके आगमन के समय हवाई अड्डे का घेराव किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने बंद का विरोध करते हुए कहा कि बंद से समस्या का समाधान नहीं होगा और इससे केवल आम जनता को परेशानी होगी। उन्होंने संगठनों से 13 अगस्त का बंद वापस लेने की अपील की।

विधानसौधा में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संकट की स्थिति के बावजूद सीडब्ल्यूएमए ने 15 दिनों के लिए लगभग 4.5 टीएमसी पानी छोड़ने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पहले ही कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) की सिफारिश के खिलाफ अपील कर चुकी थी और सीडब्ल्यूएमए की बैठक में राज्य के अधिकारियों ने पानी छोड़ने के लिए अतिरिक्त समय देने का अनुरोध भी किया था।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मुद्दे पर रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है, जिसमें सभी पक्षों की राय लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि राज्य के किसानों के हितों और पेयजल की आवश्यकता की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा कावेरी विवाद का समाधान कानूनी और सौहार्दपूर्ण तरीके से करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के प्रस्तावित दौरे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए तमिलनाडु सरकार से 3 अगस्त का दौरा स्थगित करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के हित में तनाव कम कर सौहार्दपूर्ण ढंग से समाधान निकालना आवश्यक है।

## हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई और राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले को लेकर हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

छात्रों पर हुई पुलिस की कार्रवाई को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। लोकसभा और राज्यसभा में शुक्रवार को भी सत्तापक्ष-विपक्ष में टकराव की स्थिति बनी रही। विपक्ष के हंगामे के चलते राज्यसभा के बाद लोकसभा की कार्यवाही भी 3 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिनभर के स्थगित कर दी गई है।

इससे पहले लोकसभा में आज भी विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहा। इस वजह से सदन की कार्यवाही शुरू होते ही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने के बाद हंगामे के बीच लोकसभा ने जन्म और मृत्यु के पंजीकरण संबंधी कानून में संशोधन करने के प्रावधान वाले विधेयक को बिना चर्चा के पारित कर दिया गया।

# राहुल गांधी एक अगस्त को तमिलनाडु दौरे पर, मुख्यमंत्री विजय से करेंगे मुलाकात

हरियाणा मेल, एजेंसी

**चेन्नइ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक अगस्त को तमिलनाडु के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह कांग्रेस के संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे और पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। साथ ही तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय से उनकी मुलाकात भी प्रस्तावित है। राजनीतिक हलकों में इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कांग्रेस के संगठनात्मक पुनर्गठन अभियान के तहत 23 जुलाई से एक अगस्त तक तमिलनाडु में पार्टी पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। तमिलनाडु कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में माणिक्कम ठाकुर के कार्यभार संभालने के बाद आयोजित इस शिविर का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और आगामी चुनावों की रणनीति तैयार करना है।

चेन्नई के निकट महाबलीपुरम में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में जिला कांग्रेस अध्यक्षों और अन्य पदाधिकारियों को संगठन विस्तार,



आगामी उपचुनाव, स्थानीय निकाय चुनाव तथा भविष्य के लोकसभा चुनावों की तैयारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया है।

प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन राहुल गांधी इसमें शामिल होंगे और पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वह संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति पर वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श भी करेंगे।

कांग्रेस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के श्रमिकों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ संवाद और क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इसका उद्देश्य पार्टी पदाधिकारियों को जमीनी स्तर पर जनसंपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए तैयार करना है।

राहुल गांधी अपने तमिलनाडु दौरे के दौरान मुख्यमंत्री विजय से भी मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि इस दौरान राज्य और राष्ट्रीय राजनीति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच लंबे समय से चर्चा में रहे मेकेदातु बांध परियोजना के मुद्दे पर भी बातचीत हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने दिल्ली दौरे के दौरान राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की थी। ऐसे में राहुल गांधी और मुख्यमंत्री विजय की प्रस्तावित बैठक को दोनों दलों के बीच राजनीतिक संवाद के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## खबरें फटाफट

### प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन के पीएम एंडी बर्नहम से बातचीत, भारत-ब्रिटेन संबंधों को नई ऊंचाई देने पर सहमति

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम से टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने बर्नहम को पदभार संभालने पर बधाई दी। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। भारत-ब्रिटेन विजन 2035 के अनुरूप प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा, सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते के हाल ही में लागू होने का स्वागत किया। उन्होंने इस समझौते के तहत व्यापार और निवेश की संभावनाओं का पूरा लाभ उठाकर दोनों देशों के लोगों की समृद्धि और कल्याण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी और बर्नहम ने क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने भविष्य में भी नियमित संपर्क बनाए रखने और भारत-ब्रिटेन संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की।

### गुजरात में भारी बारिश का कहर, करंट लगने से तीन मजदूरों की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात में भारी से अति भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार सुबह खेड़ा जिले के वसो में मात्र दो घंटे में पांच इंच बारिश दर्ज की गई, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। सूरत, वडोदरा, भरूच और अन्य शहरों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जबकि नदियां और खाड़ियां उफान पर हैं। नवसारी जिले के गणदेवी क्षेत्र में मजदूरों से भरा एक टेम्पो बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट फैलने से तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गया। नर्मदा जिले में एसडीआरएफ ने बाढ़ के पानी में फंसे एक युवक का सुरक्षित रेस्क्यू किया। कई मार्ग जलमग्न होने से यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य पर डीप डिप्रेशन, मानसून ट्रफ, अपर एयर साइक्लोनिक सकुर्लेशन और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सहित चार मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। इनके प्रभाव से 2 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। तटीय क्षेत्रों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है और मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

### असम में बाढ़ से शिवसागर जिले में सबसे ज्यादा तबाही

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की विभिषिका की बदरंग कहानी शिवसागर जिले में सबसे अधिक देखने को मिल रही है। कई गांवों की हालत ऐसी हो गयी है, जहां पर पूरे गांव में कमर तक मिट्टी की गाद भरी हुई है। बाढ़ में कई परिवारों के लोग लापता हो गये हैं। हालांकि, ऐसे लोगों की अभी तक आधिकारिक रूप से कोई डेटा सामने नहीं आया है। बावजूद नदियों का पानी अब उतरने लगा है जिसके चलते लोग अब नये सिरे से जीवन जीने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित ऊपरी असम के चार जिलों शिवसागर, चराईदेव, जोरहाट और गोलाघाट हैं, जहां पर सरकारी एवं निजी स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है। बाढ़ ने सभी कुछ तबाह कर दिया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 30 जुलाई को जारी आंकड़ों के अनुसार धनसिरि नदी (नुमलीगढ़) खतरे के निशान से उपर बह रही है। इस बीच शिवसागर जिले में दो लोगों के शव बरामद हुए हैं। मृतकों की कुल संख्या 80 हो गयी है। बाढ़ से वर्तमान समय में कुल आठ जिले अभी भी बुरी तरह से प्रभावित हैं। इन जिलों के 21 राजस्व मंडलों के कुल 437 गांव प्रभावित हैं। राज्य की कुल 212441 आबादी अभी भी प्रभावित हैं एवं 17198.09 हेक्टेयर कृषि भूमि पानी में डूबी हुई है। सरकार ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए वर्तमान में कुल 62 राहत शिविर एवं 50 राहत वितरण केंद्र समेत कुल 112 शिविर क्रियान्वित रखे हैं। बाढ़ में राहत एवं बचाय अभियान में एसडीआरएफ, सेना/अर्धसैनिक बल, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, एयर फोर्स, पुलिस, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं (एफ एंड ईएस), सर्कल कार्यालय/स्थानीय प्रशासन, नागरिक सुरक्षा/प्रशिक्षित स्वयंसेवक और अग्निशमन विभाग जुटा हुआ है।

# सिपाही और जमादार रैंक के पुलिसकर्मी अब नहीं कर पायेंगे वाहन जांच

हरियाणा मेल, एजेंसी

**पटना।** बिहार सरकार ने अब सिपाही और जमादार (एएसआई) रैंक के पुलिसकर्मी को सड़क पर वाहन जांच करने पर रोक लगा दी है।

यानि दारोगा से नीचे के पुलिसकर्मियों को गाड़ी रोककर कागजात या अन्य जांच करने का अधिकार नहीं होगा। यह निर्णय वाहन जांच के दौरान आ रही विभिन्न शिकायतों को देखते हुए ली गयी है। इस सबंध में बिहार पुलिस मुख्यालयने निर्देश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार सिपाही और एएसआई की जिम्मेदारी अब सिर्फ ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने और सड़कों को जाम मुक्त रखने की होगी। अगर कोई पुलिसकर्मी इस आदेश का उल्लंघन करते हुए वाहन जांच करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।


बिहार पुलिस के एडीजी (ट्रैफिक) सुधांशु कुमार ने शुक्रवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वाहन जांच की जिम्मेदारी अब दारोगा या उससे ऊपर के अधिकारियों की होगी। सिपाही और जमादार किसी भी परिस्थिति में वाहन चालकों को रोककर जांच नहीं करेंगे।


एडीजी ने कहा कि इस आदेश को प्रभावी तरीके से लागू कराने के लिए जांच दल भी बनाए जाएंगे। समय-समय पर इसकी निगरानी की जाएगी। अगर किसी जगह से शिकायत मिलती है कि निचले स्तर के पुलिसकर्मी वाहन जांच कर रहे हैं, तो संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान सभी ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को बॉडी वॉर्न कैमरा हर हाल में ऑन रखना होगा। यदि किसी कारण कैमरा बंद पाया जाता है और बाद में पुलिसकर्मी पर कोई शिकायत या आरोप लगता है, तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा. इसका उद्देश्य कार्रवाई में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

# हरियाणा और आंध्र प्रदेश एसआईआर में 33.83 और 44.89 लाख मतदाता घटे

हरियाणा मेल, एजेंसी





**नई दिल्ली।** हरियाणा और आंध्र प्रदेश में 15 जून से 24 जुलाई तक चले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य चला। दोनों राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने शुक्रवार को मतदाता सत्यापन के प्रमुख आंकड़े साझा किए हैं। आंकड़ों के अनुसार हरियाणा में 33.83 लाख और आंध्र प्रदेश में 44.89 लाख मतदाताओं (यानी 16.39 और 10.88 प्रतिशत) का नाम सूची से हटाया गया है। इन मामलों में मृत्यु, स्थायी स्थानांतरण, अनुपस्थिति और एक से अधिक स्थानों पर नाम दर्ज होने जैसी स्थितियां हैं।

चुनाव आयोग की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार हरियाणा में कुल 1.727 करोड़ (83.61 प्रतिशत) मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त हुए। 24.13 लाख (11.68 प्रतिशत) मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित अथवा अन्य कारणों से सत्यापित नहीं हो सके। 7.66 लाख (3.71 प्रतिशत) मतदाताओं के निधन की जानकारी मिली, जबकि 2.04 लाख (0.99 प्रतिशत) मतदाता एक से अधिक स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज पाए गए।

वहीं, आंध्र प्रदेश में 3.71 करोड़ (89.22 प्रतिशत) मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र जमा किए। 15.22 लाख (3.66 प्रतिशत) मतदाताओं के निधन की पुष्टि हुई। 22.30 लाख (5.35 प्रतिशत) मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित अथवा अन्य श्रेणी में पाए गए। इसके अलावा 7.37 लाख (1.77 प्रतिशत) मतदाताओं के नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज मिले।

निर्वाचन अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिन मतदाताओं के प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए, वे आवश्यक नहीं कि सूची से बाहर कर दिए जाएं। ऐसे मामलों में कारण यह हो सकता है कि संबंधित व्यक्ति दूसरे राज्य में मतदाता बन चुका हो, निर्धारित अवधि तक प्रपत्र जमा न किया हो, संबंधित पते पर उपलब्ध न मिला हो या किसी अन्य कारण से पंजीकरण नहीं कराना चाहता हो।

आयोग ने बताया है कि 31 जुलाई से 30 अगस्त तक चलने वाली दावे और आपत्तियों की अवधि के दौरान वास्तविक पात्र मतदाता फॉर्म-6 तथा निर्धारित घोषणा-पत्र के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं। वहीं, जिन मतदाताओं के नाम एक से अधिक स्थानों पर पाए गए हैं, उनका नाम केवल एक ही निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में रखा जाएगा।

## नेपाल-भारत रेल सेवा पर अगले आदेश तक रोक



**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच संचालित एकमात्र रेल सेवा को अगले आदेश तक रोक दिया गया है। धनुषा जिले में स्थानीय प्रशासन के कर्फ्यू लगाए जाने के बाद नेपाल रेलवे कंपनी लिमिटेड ने यह निर्णय लिया। नेपाल रेलवे के शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि जयनगर-जनकपुर-भंगहा रेलखंड पर रेल सेवा कर्फ्यू आदेश प्रभावी रहने तक स्थगित रहेगी। कंपनी के कार्यवाहक प्रशासन प्रमुख अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन कार्यालय धनुषा के गुरुवार के पत्र और कर्फ्यू आदेश के अनुपालन में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत के बिहार के जयनगर से नेपाल के जनकपुर रेलखंड पर सभी रेल सेवाएं अगले आदेश तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

## हूती हमलों से निपटने के लिए सऊदी बना रहा 'समुद्री गठबंधन'

**रियाद।** रेड सी में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सऊदी अरब एक अंतरराष्ट्रीय समुद्री गठबंधन बनाने की तैयारी कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से जहाजों पर किए जा रहे हमलों से समुद्री यातायात की सुरक्षा करना है। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अब तक 14 देशों ने इस प्रस्ताव को समर्थन दिया है। इनमें तुर्किये, पाकिस्तान, मिस्र, सूडान और जिबूती सहित कई देश शामिल हैं। सऊदी अरब ने इस गठबंधन में शामिल होने के लिए करीब 50 देशों को आमंत्रित किया है। हाल के महीनों में हूती विद्रोहियों की ओर से लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ा है। सऊदी अरब की इस पहल को समुद्री सुरक्षा मजबूत करने और व्यापारिक मार्गों को सुरक्षित बनाए रखने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

# भरत तिवारी मुठभेड़ मामला में एसटीएफ जवान अक्षय कुमार गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**पटना।** भरत तिवारी मुठभेड़ मामले में जांच के दौरान बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने बिहार स्पेशल टास्क फोर्स के जवान अक्षय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई आरा पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने की। आरा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राज ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़ाई जा रही है। अक्षय कुमार की गिरफ्तारी वीडियो फुटेज, वैज्ञानिक साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर की गई है। जांच में मिले वीडियो के अनुसार, घटना के दिन भरत तिवारी ने कथित रूप से पुलिस और एसटीएफ टीम के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। आरोप है कि इसके बावजूद सबसे पहली गोली एसटीएफ जवान अक्षय कुमार ने चलाई। पहली गोली लगने के बाद भरत तिवारी जमीन पर गिर पड़े और इसके बाद उन्हें तीन और गोलियां मारी गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि इन आरोपों की अंतिम पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया और एसआईटी की जांच पूरी होने के बाद ही होगी। यदि जांच में यह आरोप सही साबित होते हैं, तो मामला कथित फर्जी मुठभेड़ और हत्या जैसे गंभीर अपराधों का रूप ले सकता है। अक्षय कुमार की गिरफ्तारी के बाद मृतक के परिजनों ने इसे न्याय की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम बताया है। हालांकि उनका कहना है कि केवल एक जवान की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मुठभेड़ में शामिल अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कर उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। इस मामले में पहले ही तत्कालीन एसडीएम संजीत कुमार को पद से हटाया जा चुका है, जबकि तत्कालीन एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा को लाइन हाजिर किया गया है। इन प्रशासनिक कार्रवाइयों के बाद अब जांच एजेंसियां मुठभेड़ में शामिल अन्य अधिकारियों और कर्मियों की भूमिका की भी गहन जांच कर रही हैं।

# पाकिस्तान में कोयला खदान में विस्फोट, कम से कम 34 की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**इस्लामाबाद।** देश के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में एक कोयला खदान में विस्फोट होने से कम से कम 34 खनिकों की मौत हो गई। अनेक लोग लापता बताए जा रहे हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने कहा कि यह हादसा बलोचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा के बाहरी सोरंगे इलाके में गुरुवार को हुआ। बचावकर्मी सुरंग में फंसे बाकी खनिकों तक पहुंचने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं।

पीडीएमए के अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह कहा कि विस्फोट के बाद कोयला खान ढह गई। हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। खदान से छह और शव निकाले गए हैं। बचाव दल अभी भी उन दर्जनों खनिकों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं जिनके सुरंग में फंसे होने की आशंका है। बलोचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने हादसे की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर राहत और बचाव कार्य में लापरवाही पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को पूरे प्रांत में कोयला खदानों में सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने का भी निर्देश दिया। खान एवं खनन मंत्री शोएब नोशिरवानी ने कहा है कि बेहद मुश्किल हालात के बावजूद बचाव दल अपना काम कर रहे हैं और प्रभावित खदान में फंसे अन्य कर्मचारियों तक पहुंचने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मारे गए कर्मचारियों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये और घायलों को 3-3 लाख रुपये दिए जाएंगे।



कोयला खदान के मालिक कुर्बान जोगेजई ने कहा कि यह हादसा मीथेन गैस विस्फोट के कारण हुआ है। उन्होंने बताया कि घटना के समय खदान के अंदर 42 मजदूर काम कर रहे थे। उन्होंने पुष्टि की कि फंसे हुए सभी लोग खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले के निवासी थे। पुलिस के अनुसार, गुरुवार को ही एक अलग घटना में बलोचिस्तान के हरनाई जिले में कोयला खदान दुर्घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, बलोचिस्तान और सिंध प्रांत में कोयला खदान दुर्घटनाएं आम हैं। इसकी वजह अपर्याप्त सुरक्षा उपाय और खराब कामकाजी परिस्थितियां है। इससे पहले सिंध के थट्टा जिले में मेटिंग रेलवे स्टेशन के पास एक कोयला खदान के अंदर दीवार ढहने से चार मजदूरों की मौत हो गई थी।

## आज का इतिहास

### इतिहास के पन्नों में 1 अगस्त

# जब महात्मा गांधी ने शुरू किया असहयोग आंदोलन

**भारतीय स्वतंत्रता संग्राम** के इतिहास में 01 अगस्त 1920 अहम मोड़ लेकर आया, जब महात्मा गांधी ने अंग्रेजी हुकूमत की बढ़ती ज्यादतियों के खिलाफ असहयोग आंदोलन की शुरूआत की। यह आंदोलन भारतीयों को सत्याग्रह, अहिंसा और आत्मनिर्भरता के रास्ते पर एकजुट करने का महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

असहयोग आंदोलन के तहत लोगों ने ब्रिटिश शासन की संस्थाओं से सहयोग करना बंद कर दिया। छात्रों ने सरकारी स्कूल और कॉलेज छोड़ दिए, वकीलों ने ब्रिटिश अदालतों का बहिष्कार किया और श्रमिकों ने बड़े पैमाने पर हड़तालें कीं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, साल 1921 में कुल 396



हड़तालें हुईं, जिनमें 6 लाख से अधिक मजदूरों ने हिस्सा लिया और इससे 70 लाख कार्य दिवसों का नुकसान हुआ। यह ब्रिटिश शासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया।

यह आंदोलन केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा बल्कि गांव-कस्बों तक इसकी गूंज पहुंची। यह साल 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद पहली बार था जब अंग्रेजी शासन की नींव बुरी तरह हिली थी। हालांकि यह आंदोलन पूरी तरह से अहिंसा पर आधारित था लेकिन 05 फरवरी 1922 को गोरखपुर जिले के चौरी-चौरा कस्बे में आंदोलनकारियों के एक समूह ने पुलिस थाने में आग लगा दी, जिसमें कई पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

गांधी जी इस हिंसक घटना से बहुत आहत हुए। उन्होंने यह कहते हुए कि असहयोग आंदोलन को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया कि भारत इस समय अहिंसा के रास्ते पर चलने के लिए तैयार नहीं है।

**जन्म**

1869 - हरकोर्ट बटलर - उत्तर प्रदेश के प्रथम राज्यपाल थे।

1882 - पुरुषोत्तम दास टंडन - स्वतंत्रता सेनानी।

1899 - कमला नेहरू - प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की पत्नी।

1910 - मुहम्मद निसार, भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी।

**निधन**

1591 - उर्फी शीराजी - मुगल दरबार में बादशाह अकबर के प्रसिद्ध कवियों में से एक था।

1913 - देवकीनन्दन खत्री - हिन्दी के महान और प्रथम तिलिस्मी लेखक।

1920 - बाल गंगाधर तिलक - विद्वान, गणितज्ञ, दार्शनिक और भारतीय राष्ट्रवादी नेता

1969 - कांठे महाराज - भारत के प्रसिद्ध तबला वादकों में से एक थे।

### महत्वपूर्ण घटनाचक्र

1732 - बैंक ऑफ इंग्लैंड का उद्घाटन।

1831 - नया लंदन ब्रिज यातायात के लिए खुला।

1834 - ब्रिटिश साम्राज्य में गुलामी उन्मूलन अधिनियम 1833 लागू हुआ।

1869 - भारतीय नागरिक सेवा अधिकारी हरकोर्ट बटलर उत्तर प्रदेश के प्रथम राज्यपाल थे।

1883 - ग्रेट ब्रिटेन में अंतदेर्शीय डाक सेवा शुरू हुई थी।

1914 - प्रथम विश्व युद्ध की शुरूआत, जर्मनी द्वारा रूस।

1916 - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एनी बेसेंट ने होम रूल लीग की शुरूआत की।

1920 - महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन शुरू किया।

1944 - एनी फ्रैंक ने अपनी डायरी में आखिरी एंट्री की। एनी फ्रैंक की डायरी को जर्मन शासन की क्रूरता का लिखित दस्तावेज माना जाता है।

1953 - क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो को गिरफ्तार किया गया।

1953 - देश में सभी एयरलाइंस का हवाई निगम अधिनियम के तहत राष्ट्रीयकरण किया गया।

1957 - राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (नेशनल बुक ट्रस्ट) की स्थापना की गई।

## हिपा रोड, सेक्टर-18 में विकास कार्यों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरियाणा मेल ब्यूरो

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिरिक्त निगमायुक्त यश जालुका, डॉ. जयवीर यादव, कनिष्ठ अभियंता भूपेंद्र शर्मा तथा स्वच्छता टीम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने वार्ड-2 के अंतर्गत हिपा रोड, सेक्टर-18 स्थित विभिन्न स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर चल रहे विकास एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित एजेंसियों और अधिकारियों को कार्य अनुबंध के अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, जल निकासी व्यवस्था, स्वच्छता एवं अन्य नागरिक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया तथा जहां आवश्यक सुधार की आवश्यकता पाई गई, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बारिश से पहले निगम अलर्ट, हर हॉटस्पॉट पर 24×7 निगरानी

- जलभराव प्रबंधन के लिए इंजीनियरिंग एवं स्वच्छता की संयुक्त टीमें की तैनात
- त्वरित कार्रवाई और समन्वय के लिए जारी किए विस्तृत आदेश

हरियाणा मेल, एजेंसी




**गुरुग्राम।** मानसून के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नगर निगम गुरुग्राम की व्यापक तैयारियां हैं। नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया द्वारा जारी आदेशों के अनुसार शहर के सभी चिन्हित वॉटर लॉगिंग हॉटस्पॉट्स पर इंजीनियरिंग एवं स्वच्छता शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त तैनाती की गई है। प्रत्येक हॉटस्पॉट के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नामवार ड्यूटी निर्धारित करते हुए विस्तृत रोस्टर जारी किया गया है। आदेशों के अनुसार सभी तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में नालों, ड्रेनों, गलियों, कल्वर्ट तथा अन्य जल निकासी तंत्र की समयबद्ध सफाई एवं डी-सिल्टिंग सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही आवश्यकता अनुसार पंप, सुपर सकर मशीन, जेसीबी, टैंकर एवं अन्य मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित कर जलभराव की स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेंगे। नगर निगम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे मानसून प्रबंधन सेल एवं कंट्रोल रूम के साथ लगातार समन्वय बनाए रखें, नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान करें तथा वर्षा के दौरान चिन्हित हॉटस्पॉट्स की लगातार निगरानी करते हुए जलभराव रोकने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाएं। सभी अधिकारियों को नियमित फील्ड रिपोर्ट तथा जियो-टैग्ड फोटो एवं वीडियो भी उपलब्ध कराने होंगे। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि बिना सक्षम अनुमति के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी वर्षा अथवा आपातकालीन स्थिति के दौरान अपने निर्धारित स्थल को नहीं छोड़ेगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही, देरी या निर्धारित दायित्वों के निर्वहन में विफलता को गंभीरता से लिया जाएगा तथा संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम द्वारा जारी हॉटस्पॉट सूची में सभी आठ जोनों के प्रमुख जलभराव संभावित स्थलों को शामिल किया गया है।

> **जलभराव की समस्याओं से राहत देना प्राथमिकता**
> नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि मानसून के दौरान नागरिकों को जलभराव की समस्या से राहत देना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित हैं और संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। हमारा उद्देश्य त्वरित प्रतिक्रिया, बेहतर समन्वय और प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है।

# गुरुग्राम में 14 अगस्त को होगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस समारोह: अर्चना

- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, तिरंगा यात्रा के लिए संयोजक व सह-संयोजक नियुक्त किए

हरियाणा मेल, एजेंसी



**गुरुग्राम।** हर घर तिरंगा अभियान तथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को प्रदेशभर में व्यापक स्तर मनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी हरियाणा ने संगठनात्मक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। 14 अगस्त को गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजर वैली में होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने विभिन्न समितियों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी है।

कार्यक्रम के साथ-साथ जिला, मंडल, विश्वविद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर भी श्रद्धांजलि सभाएं, प्रदर्शनी, संगोष्ठियां, संवाद कार्यक्रम और तिरंगा यात्राएं आयोजित की जाएंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने बोधराज सीकरी को विभाजन विभीषिका दिवस आयोजन समिति का संयोजक नियुक्त किया है। पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा और निखिल मदान को सह-संयोजक तथा जगदीश चोपड़ा को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। यह समिति प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाओं और समन्वय का दायित्व संभालेगी। युवा पीढ़ी को विभाजन के इतिहास से जोड़ने के उद्देश्य से विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने इन कार्यक्रमों की जिम्मेदारी राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, विधायक विनोद भयाना, महापौर प्रवीण पोपली, हरविंद्र कोहली और विशाल सेठ को दी है। विभाजन विभीषिका के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटिकाओं और सोशल मीडिया अभियान की जिम्मेदारी डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी तथा राजू बिरमानी को सौंपी गई है। वहीं वीडियो क्लिप तैयार करने का दायित्व गार्गी कक्कड़ और सतीश जग्गा को दिया गया है। कार्यक्रमों के लिए भाषण बिंदु और विषय सामग्री तैयार करने की जिम्मेदारी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, ललित बत्रा और भारत भूषण मिड्ढा निभाएंगे।

## खबरें फटाफट

### मुशेदपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में समस्याओं के समाधान का भरोसा

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार की रात्रि ठहराव पहल के तहत जिला प्रशासन ने गुरुवार रात को फर्रुखनगर खंड के गांव मुशेदपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम दिनेश लुहाच ने की। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं एवं सुझाव गंभीरता से सुने और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जागरूकता एवं सेवा शिविर भी लगाए गए, जिनमें ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। गांव पहुंचने पर एसडीएम दिनेश लुहाच का ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विभागों के शिविरों का निरीक्षण कर अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति और लाभार्थियों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच ने गांव की प्रमुख विकास आवश्यकताओं से संबंधित मांगपत्र एसडीएम को सौंपा। एसडीएम ने आश्वस्त किया कि गांव से जुड़े सभी उचित प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### गुरुग्राम में डिफेंस यूनिवर्सिटी का निर्माण 12 साल बाद भी फाइलों में अटका

**गुरुग्राम।** केंद्र की यूपीए तथा हरियाणा की पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान हरियाणा के हिस्से आई इंडियन नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी का प्रोजेक्ट 12 साल बाद भी फाइलों में दबा हुआ है। रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा लोकसभा में उठाए गए सवाल के जवाब में रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार किया कि गुरुग्राम में प्रस्तावित विश्वविद्यालय के लिए अभी तक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तक मंजूर नहीं हुई है। फिलहाल केवल दो सदस्यीय समिति विभिन्न पक्षों से विचार-विमर्श कर प्रस्ताव तैयार कर रही है। जबकि भूमि अधिग्रहण, बाउंड्री वॉल, परिधि सडक, गार्ड रूम और वॉच टावर जैसे शुरूआती कार्यों पर 176 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। दीपेंद्र हुड्डा ने सरकार से पूछा था कि परियोजना के लिए अब तक कितना धन आवंटित और खर्च हुआ,डीपीआर कब मंजूर हुई, देरी क्यों हुई और इसे पूरा करने की समय-सीमा क्या है। जवाब में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किसी तय समय-सीमा का उल्लेख नहीं किया। उन्होंने सिर्फ इतना बताया कि इंडियन डिफेंस यूनिवर्सिटी का प्रस्ताव तैयार करने के लिए दो सदस्यीय समिति गठित की गई है। इंडियन नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी की घोषणा यूपीए सरकार के दौरान हुई थी। उस समय हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी और राष्ट्रीय महत्व की इस परियोजना के लिए गुरुग्राम का चयन किया गया था। इसे आधुनिक युद्ध, राष्ट्रीय सुरक्षा, साइबर वारफेयर, स्पेस, समुद्री सुरक्षा और रणनीतिक अनुसंधान का विश्वस्तरीय संस्थान बनाने की योजना थी। उम्मीद थी कि इससे हरियाणा वैश्विक रक्षा शिक्षा के नक्शे पर स्थापित होगा।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण 31 जुलाई से 30 अगस्त तक, नाम जांचने की अपील

**गुरुग्राम।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने शुक्रवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए-1) के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने राजनीतिक दलों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। डीसी ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 31 जुलाई को कर दिया गया है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, नाम हटाने अथवा अन्य दावे एवं आपत्तियां 31 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से दर्ज कराई जा सकती हैं। इनका निस्तारण 28 सितंबर तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 3 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित होगी। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर चुके और जिनका नाम किसी भी विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर नाम जुड़वा सकते हैं। नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा नाम, पता, फोटो या अन्य विवरण में संशोधन अथवा स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जा सकता है। डीसी ने कहा कि सभी राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें और पात्र मतदाताओं को सूची में अपना नाम जांचने तथा आवश्यक संशोधन कराने के लिए प्रेरित करें, ताकि कोई भी योग्य मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

# सीजेपी के छात्रों पर दर्ज केस वापस लेने के लिए बम ब्लास्ट की धमकी

- खालिस्तान नेशनल आर्मी के नाम से ईमेल भेजकर बम ब्लास्ट की धमकी
- कोर्ट व डीसी कार्यालय कराए खाली, स्कूलों में भी इस धमकी से मचा हडकंप
- कॉकरोच जनता पार्टी के छात्रों पर दर्ज केस वापस लेने की मांग रखी
- पांच अगस्त तक सीरियल ब्लास्ट की चेतावनी भी दी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**गुरुग्राम।** दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज केस वापस लेने की मांग करते हुए शुक्रवार को कोर्ट, डीसी कार्यालय और स्कूलों में बम रखने होने की धमकी दी गई। साथ ही कहा गया कि पांच अगस्त तक ऐसा नहीं किया जाता है तो सीरियल ब्लास्ट किए जाएंगें। खुद को खालिस्तान नेशनल आर्मी बताने वाले संगठन की ओर से भेजे गए ई-मेल के तुरंत बाद से सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई और गहनता से जांच शुरू की।

शुक्रवार सुबह 8:20 बजे आए ई-मेल में कॉकरोच जनता पार्टी के छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि ऐसा नहीं होने पर पांच अगस्त तक सिलसिलेवार बम धमाके किए जाएंगे। मेल में धमाकों का समय भी तय किया गया था, जिसमें गुरुग्राम के स्कूलों में दोपहर 01:11 बजे, कोर्ट में 02:11 बजे, डीसी कार्यालय में 03:11 बजे और दिल्ली संसद भवन में शाम 04:11 बजे का समय धमकों के लिए दिया गया। यह सूचना मिलते ही गुरुग्राम पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते ने जिला कोर्ट और लघु सचिवालय की गहन तलाशी ली। कुछ स्कूलों ने एहतियातन क्लासरूम खाली करा दिए, जबकि कई अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल से घर ले गए। मेल में संसद भवन का जिक्र होने के बाद गुरुग्राम पुलिस ने तुरंत दिल्ली पुलिस और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को सूचना दी।

**पहले भी आ चुकी हैं ऐसी धमकियां**

पुलिस के अनुसार इस साल हरियाणा को यह पांचवीं बम धमकी है। इससे पहले सतलुज-यमुना लिंक नहर के मुद्दे पर भी बम विस्फोट की धमकी मिली थी। 19 मार्च को गुरुग्राम पुलिस ने इसी तरह की धमकी के मामले में गुजरात के अहमदाबाद से सौरभ विश्वास उर्फ माइकल (30) को गिरफ्तार किया था। सौरभ मूल रूप से बांग्लादेश का रहने वाला है और उसने एक अन्य बांग्लादेशी के कहने पर 300 जी-मेल आईडी बनाई थीं। इन्हीं में से एक आईडी से 28 जनवरी को गुरुग्राम के स्कूलों को उड़ाने की धमकी भेजी गई थी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शुरूआती जांच में यह मेल सिर्फ धमकी के लिए भेजी गई है। इससे पहले भी गुरुग्राम में इसी तरह के फर्जी धमकी भरे ई-मेल आ चुके हैं।

# गैरतपुर बास में वन विभाग का बुलडोजर गरजा, पांच एकड़ जमीन कब्जामुक्त

- होटल, कैफे और खेती के लिए किए गए अवैध कब्जे हटाए

हरियाणा मेल ब्यूरो



**सोहना।** वन विभाग ने शुक्रवार को गैरतपुर बास गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए अपनी करीब पांच एकड़ जमीन से अवैध कब्जे हटा दिए। विभाग की जमीन पर बनाए गए होटल और कैफे के ढांचे ध्वस्त करने के साथ ही खेती के लिए बोई गई फसल को भी जेसीबी से उखाड़ दिया गया।

वन विभाग के रेंज अधिकारी खजान सिंह के नेतृत्व में गठित टीम पुलिस बल और मशीनरी के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने जमीन की निशानदेही करने के बाद अवैध निर्माण और अन्य कब्जों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए विभागीय कर्मचारी सतर्क रहे। गैरतपुर बास में पिछले 15 दिनों के दौरान वन विभाग की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले विभाग ने करीब दो एकड़ जमीन पर बने पक्के मकान, दुकानें और पशुपालन के लिए बनाए गए ढांचे हटाकर जमीन को अपने कब्जे में लिया था। दोनों कार्रवाइयों में गांव की करीब सात एकड़ वन भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया जा चुका है।

वन विभाग ने करीब एक माह पहले सोहना की आईटीआई कॉलोनी से कब्जा हटाओ अभियान शुरू किया था। वहां वन भूमि पर बने एक धार्मिक स्थल और निजी स्कूल के भवन को हटाया गया था।

विभाग का दावा है कि बीते एक माह में चार स्थानों पर बुलडोजर चलाकर कई एकड़ जमीन कब्जामुक्त कराई गई है। अब विभाग के निशाने पर आईटीआई कॉलोनी में करीब तीन एकड़ जमीन पर बने लगभग 75 मकान हैं।

# इस साल वन विभाग लगाएगा 40 हजार पौधे, पहाड़ी और मैदानी क्षेत्र होगा हरा-भरा

हरियाणा मेल ब्यूरो

**सोहना।** वन विभाग ने अपने रेंज क्षेत्र में 40 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निरधारित किया है। ग्रामीण क्षेत्र के पहाड़ी और मैदानी इलाके में यह पौधारोपण किया जाएगा।

वन विभाग ने जिले अंदर इस वर्ष बरसाती मौसम में डेढ़ लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निरधारित किया है। जिसमें सोहना रेंज में करीब 40 हजार पौधे लगाएं जाएंगे। वन विभाग यह 40 हजार पौधे अरावली पहाड़ी से लेकर मैदान क्षेत्र और राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली-वडोदरा के साथ-साथ लगाने की योजना बनाई है। अरावली पहाड़ी से लगता गुरुग्राम नगर निगम का गांव गैरतपुरबांस और सोहना खंड की ग्राम पंचायत मंडावर को चुना है। मैदानी क्षेत्र में सोहना नगर परिषद का गांव रायपुर, ग्राम पंचायत खूटपुरी व रिठौज शामिल है। विभाग रिठौज की अपेक्षा दिल्ली-वडोदरा राष्ट्रीय राजमार्ग को अधिक महत्व देना चाह रहा है। जिसके लिए वन विभाग की तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधीकरण एसोसिएशन को पत्र लिखकर अनुमति मांगी है। जिस दिन एनएचएआई की मंजूरी मिल जाएगी।

> इस वर्ष पौधारोपण करने का लक्ष्य निरधारित कर लिया है। अभियान की कवायद एक दो दिन में शुरू कर दी जाएगी। ताकि बरसाती मौसम में लगाएं जाने वाले पौधों की जड़े मजबूती से जम पाएगी।
> खजान सिंह, रेंज अधिकारी
> वन विभाग सोहना

> **गैरतपुरबांस में बनेगा मियावाकी पार्क**
> वन विभाग गैरतपुरबांस में करीब दो एकड़ जमीन पर मियावाकी पार्क बनाएगा। इस पार्क में सघंन पौधारोपण अभियान चलाकर हरा-भरा करेगा। मियावाकी पार्क में छायादार, फलदार और औषधिय पौधे लगाएं जाएंगे। जिसमें 24 घंटे आक्सीजन देने वाले पौधे भी शामिल होंगे।

# भाजपा गुरु कमल में एसआईआर के दूसरे चरण की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

- BLA-2 कार्यकर्ताओं को दिए गए संगठनात्मक गुर
- मतदाता सूची के शत-प्रतिशत सत्यापन में BLA-2 की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण : प्रदीप जैन

हरियाणा मेल ब्यूरो




**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय गुरु कमल में बादशाहपुर एवं गुरुग्राम विधानसभा के BLA-2 कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण कार्यशाला भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदीप जैन उपस्थित रहे।

आज इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में बादशाहपुर विधानसभा से विधायक एवं हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा, हरियाणा प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, प्रदेश प्रवक्ता जवाहर यादव, गुरुग्राम जिला प्रभारी संदीप जोशी, प्रदेश पदाधिकारी, मेयर, चेयरमैन, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, विभाग एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, निगम पार्षद, BLA-1, जिला मोर्चा अध्यक्ष, विभाग एवं प्रकोष्ठों के जिला संयोजक, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रमुख तथा बड़ी संख्या में बादशाहपुर एवं गुरुग्राम विधानसभा के BLA-2 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में BLA 1 और BLA 2 के प्रशिक्षण में पधारे प्रदीप जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन की कार्यपद्धति बूथ आधारित है और मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार है। उन्होंने कहा कि इछअ 1 और इछअ-2 कार्यकर्ता केवल संगठन के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के महत्वपूर्ण सहभागी हैं। उन्होंने दूसरे चरण की कार्यप्रणाली, आवश्यक दस्तावेजों, घर-घर संपर्क अभियान, नए मतदाताओं के पंजीकरण, पात्र मतदाताओं के सत्यापन तथा त्रुटियों के सुधार की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अभियान को सफल बनाए।

## पानी के अवैध कनेक्शन को वैध कराने में उपभोक्ता नहीं ले रहे है रुचि

हरियाणा मेल ब्यूरो

**सोहना।** जनस्वास्थ्य विभाग ने शहरी क्षेत्र में पानी के अवैध कनेक्शनों को वैध करने का अभियान चलाया हुआ है। विभाग कर्मचारी 5 अगस्त तक शहर के अंदर 530 अवैध कनेक्शनों को वैध करने के लक्ष्य को पूरा करने में पूरी ताकत लगा रहे है।

40 हजार की आबादी वाले शहर में 6 हजार के करीब वैध पानी के कनेक्शन लोगों द्वारा लिए हुए है। जबकि करीब 18 हजार पानी के कनेक्शन अवैध रुप से घरों में चल रहे है। राज्य सरकार ने अवैध पानी के कनेक्शनों को वैध करने के लिए विशेष योजना चलाई हुई है। जिसमें अवैध पानी कनेक्शन धारक को मात्र 1550 रुपये फीस जमा करने पर वैधता की मंजूरी दे दी जाएगी। जनस्वास्थ्य विभाग को 5 अगस्त क शहर के अंदर 530 पानी के अवैध कनेक्शनों को वैध करने का लक्ष्य रखा है।

# जीएमडीए की अनूठी पहल: आईसीसीसी से जुड़ेंगे कचरा वाहन, लेन तोड़ने और नो एंट्री में घुसने वालों के घर पहुंचेगा चालान

- जीएमडीए ने 31 कचरा संग्रहण वाहनों को सीसीटीवी नेटवर्क से जोड़ा, एआई आधारित ट्रैफिक नियम एनफोर्समेंट की तैयारी

हरियाणा मेल ब्यूरो



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम शहर में अब कचरा ढोने वाले वाहनों की हर गतिविधि पर कंट्रोल रूम से नजर रखी जाएगी। वहीं, लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने वाले और नो एंट्री में घुसने वाले भारी वाहन चालकों को भी दण्डित किया जाएगा, जल्द ही उनके घर पहुँचेगा ऑनलाइन चालान।

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) शहर के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) को और स्मार्ट बनाते हुए इसमें तीन नई तकनीकी व्यवस्थाएं जोड़ने जा रहा है। इनका उद्देश्य स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी मजबूत करना और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराना है।


जीएमडीए ने गुरुग्राम के 31 कचरा संग्रहण वाहनों को आईसीसीसी से जोड़ दिया है। इन सभी वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर शहर के सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क से मैप किए गए हैं। अब ये वाहन शहर के जिस भी हिस्से से गुजरेंगे, उनकी लोकेशन और मूवमेंट कंट्रोल सेंटर में रियल-टाइम देखी जा सकेगी। इससे कचरा परिवहन व्यवस्था की लगातार निगरानी होगी और किसी भी तरह की गड़बड़ी या शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी।

ये वाहन शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से ठोस कचरा एकत्र कर लैंडफिल साईट तक पहुंचाते हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद यह भी पता लगाया जा सकेगा कि कहीं रास्ते में कचरा तो नहीं गिराया गया या उसका अनुचित तरीके से निस्तारण तो नहीं किया गया। ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित वाहन की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी।

> **नो एंट्री में घुसे भारी वाहन भी नहीं बचेंगे**
> भारी वाहनों की आवाजाही पर भी एआई आधारित निगरानी की तैयारी है। प्रस्तावित प्रणाली के तहत ट्रैफिक पुलिस से वैध अनुमति प्राप्त वाहनों की स्वत: पहचान कर उन्हें छूट दी जाएगी, जबकि बिना अनुमति शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को सीसीटीवी कैमरों के जरिए चिन्हित कर सिस्टम जनरेटेड ऑनलाइन चालान जारी किए जाएंगे। इससे नो एंट्री नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## डीसीपी मानेसर और डीसीपी ट्रैफिक ने एनएचएआई अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरियाणा मेल ब्यूरो



**गुरुग्राम।** कांवड़ यात्रा-2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए डीसीपी मानेसर प्रबीना पी. और डीसीपी ट्रैफिक प्रतीक गहलोत ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ दिल्ली-जयपुर हाईवे का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कांवड़ियों के संभावित आवागमन मार्ग का बारीकी से जायजा लिया। हाईवे पर यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, सड़क किनारे संभावित बाधाओं, मार्ग परिवर्तन और आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और आम वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए एनएचएआई अधिकारियों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। दोनों पुलिस उपायुक्तों ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर सड़क की मरम्मत, पर्याप्त रोशनी, संकेतक बोर्ड और आवश्यक बैरिकेडिंग की व्यवस्था समय रहते पूरी की जाए। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती और यातायात संचालन के लिए विशेष योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। डीसीपी मानेसर और डीसीपी ट्रैफिक ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि वे कांवड़ ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कांवड़ियों की सुरक्षा, यातायात का सुचारु संचालन और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# ब्रजमंडल यात्रा में चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे सुरक्षाकर्मी

### तीन अगस्त को मुख्य मार्ग पर बंद रहेगा भारी वाहनों का आवागमन

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नूंह।** ब्रजमंडल जलाभिषेक शोभायात्रा को लेकर नूंह जिला 3 अगस्त को पूरी तरह सुरक्षा व्यवस्था के अभूतपूर्व घेरे में रहेगा। जिला प्रशासन और पुलिस ने यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले की सीमाओं पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है तथा हर आने-जाने वाले व्यक्ति और वाहन की सघन जांच की जा रही है।

साधु-संतों की अगुवाई में निकलने वाली यह धार्मिक यात्रा नूंह के अरावली पर्वत क्षेत्र स्थित प्राचीन नल्हड़ेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर फिरोजपुर झिरका के झिरकेश्वर महादेव मंदिर और पुन्हाना के सिंगार गांव स्थित सिंघेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंचेगी। लगभग 80 किलोमीटर लंबे इस यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

यात्रा के मद्देनजर 3 अगस्त को नेशनल हाईवे-248 पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। राजस्थान के अलवर से



गुरुग्राम और दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों को फिरोजपुर झिरका से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और केएमपी एक्सप्रेसवे के माध्यम से भेजा जाएगा। इसी प्रकार तावडू से अलवर और उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की ओर जाने वाले भारी वाहनों के लिए भी वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं, ताकि यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए हरियाणा के साथ-साथ राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सीमाओं पर भी विशेष चौकसी बरती जा रही है। सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। प्रशासन सोशल मीडिया पर भी पूरी तरह सतर्क है। अफवाह फैलाने, भ्रामक या भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कई संदिग्ध अकाउंट्स के खिलाफ कार्रवाई की गई है और आवश्यकतानुसार अन्य जिलों की पुलिस को भी सूचित किया गया है। यात्रा की सुरक्षा के लिए हरियाणा पुलिस के अलावा सात पैरामिलिट्री कंपनियां तैनात की गई हैं। करीब 800 पुलिसकर्मी पूरे यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे, वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पूरे मार्ग की चौबीसों घंटे निगरानी की जाएगी। यात्रा की प्रत्येक गतिविधि को रिकॉर्ड करने के लिए 100 से अधिक पुलिसकर्मी और निजी वीडियोग्राफर भी तैनात रहेंगे। पूरी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी 10 डीएसपी करेंगे। पुलिस अधीक्षक लगातार अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

## एसडीई ने विधायक मामन खान के खिलाफ पुलिस में दी शिकायत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नूंह।** ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में सोमवार को कांग्रेस विधायक मामन खान और भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक नसीम अहमद के बीच हुई जुबानी जंग लगातार नया रूप लेती जा रही है। मीटिंग के बाद मंगलवार को जहां नसीम अहमद ने प्रेस कांफ्रेंस कर फिरोजपुर झिरका विधायक मामन खान पर गंभीर आरोप लगाए तो बुधवार को कांग्रेस विधायक मामन खान ने प्रेसवार्ता कर अपनी बात रखी। वहीं इस मामले में नया मोड़ उस वक्त आ गया जब शुक्रवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के फिरोजपुर झिरका उपमंडल में कार्यरत उपमंडल अभियंता (एसडीई) वली मोहम्मद ने सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ कथित मानहानिकारक सामग्री प्रकाशित करने, विभागीय दस्तावेज सार्वजनिक करने और उनके व परिवार के मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दी है। उन्होंने निष्पक्ष, समयबद्ध और कानून के अनुरूप जांच कराने की मांग की है।

29 जुलाई 2026 को थाना प्रभारी, फिरोजपुर झिरका को भेजी गई चार पृष्ठों की शिकायत की प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक हरियाणा, पुलिस अधीक्षक नूंह, डीएसपी फिरोजपुर झिरका और साइबर थाना नूंह सहित अन्य अधिकारियों को भी भेजी गई है। शिकायत में वली मोहम्मद ने बताया कि उन्होंने 23 उनका कहना है कि 27 जुलाई को जिला परिवेदना समिति की बैठक के बाद उनसे संबंधित कुछ विभागीय दस्तावेज कथित रूप से सोशल मीडिया पर साझा किए गए।

# एनएच-44 पर अवैध घेवर विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई, अतिक्रमण हटाए

हरियाणा मेल, एजेंसी

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के उद्देश्य से सोनीपत पुलिस और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान चलाकर बीसवां मील चौक से अतिक्रमण हटाया। अभियान के दौरान अवैध रूप से घेवर बेच रहे दुकानदारों, सड़क किनारे खड़े वाहनों और अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पुलिस आयुक्त ममता सिंह और पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात सोनाक्षी सिंह के निर्देशन में थाना यातायात, मुरथल और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध रूप से घेवर बेच रहे लोगों को नोटिस जारी किए गए और नियमानुसार चालान किए गए। चौक पर लगी अवैध रेहड़ियां, अस्थायी ढांचे तथा अन्य



अतिक्रमण भी हटवाए गए। संयुक्त टीम ने संबंधित लोगों को चेतावनी दी कि भविष्य में राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं किया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति दोबारा एनएच-44 पर अवैध रूप से घेवर बेचता मिला तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही संबंधित वाहन को भी जब्त किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध रूप से वाहन खड़े करना और अस्थायी दुकानें लगाना यातायात में बाधा उत्पन्न करता है तथा सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ाता है।

इसलिए, सभी व्यापारियों और आमजन से नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है। अभियान निरीक्षक बलवान, प्रभारी थाना यातायात मुरथल के नेतृत्व में चलाया गया।

पुलिस का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## खबरें फटाफट

### हर पात्र नागरिक का वोट सुनिश्चित करने को प्रारंभिक सूची प्रकाशित



**नारनौल।** लोकतंत्र को मजबूत और सहभागी बनाने की दिशा में महेंद्रगढ़ जिले की चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि यह सूची सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध है। कोई भी नागरिक अपने मतदान केंद्र पर जाकर या ऑनलाइन माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम देख सकता है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा सूची को पूरी तरह सटीक और त्रुटिरहित बनाना है। उपायुक्त ने बताया कि प्रारंभिक मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल छह लाख 85 हजार 653 मतदाता हैं। इनमें नारनौल विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 41 हजार 841, अटेली में एक लाख 91 हजार 736, महेंद्रगढ़ में एक लाख 98 हजार 194 तथा नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 53 हजार 882 मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई से 30 अगस्त तक आमजन से दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अवधि में पात्र नागरिक नए मतदाता के रूप में अपना नाम जुड़वा सकते हैं, जबकि जिनके नाम, पता, आयु या अन्य विवरण में त्रुटि है, वे संशोधन के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 30 अगस्त तक प्राप्त सभी दावों और आपत्तियों का निपटारा 28 सितंबर तक कर दिया जाएगा। इसके बाद सभी संशोधनों को शामिल करते हुए तीन अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

### कोर्ट परिसर में पुलिस की मॉक ड्रिल, डॉग स्क्वाड ने खंगाला चप्पा-चप्पा



**कैथल।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए शुक्रवार को कैथल के न्यायिक परिसर में पुलिस ने व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की। इस दौरान डॉग स्क्वाड और पुलिस की विभिन्न टीमों ने कोर्ट परिसर के हर हिस्से की गहन जांच कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति से निपटने की पुलिस की तैयारियों को परखना और लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मियों ने न्यायिक परिसर के प्रवेश और निकास मार्गों, पार्किंग, अदालत कक्षों और अन्य संवेदनशील स्थानों की बारीकी से जांच की। डॉग स्क्वाड की मदद से पूरे परिसर की सघन तलाशी ली गई, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि का समय रहते पता लगाया जा सके। ड्रिल के दौरान परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और अन्य लोगों को भी सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। पुलिस ने लोगों से अपील की कि यदि उन्हें कहीं कोई लावारिस बैग, संदिग्ध वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसे स्वयं छूने या नजरअंदाज करने के बजाय तुरंत पुलिस को सूचना दें। डीएसपी मुख्यालय बीरभान ने बताया कि समय-समय पर इस तरह की मॉक ड्रिल आयोजित करने का उद्देश्य पुलिस की कार्यप्रणाली और आपातकालीन प्रतिक्रिया को और बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि पुलिस और आमजन के सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। यदि लोग सतर्क रहकर समय पर सूचना दें, तो कई संभावित घटनाओं को होने से पहले ही रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि कैथल पुलिस जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार ऐसे सुरक्षा अभ्यास करती रहेगी।

# सीआईए कोसली ने अंतरराज्यीय पशु चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

### 3 शातिर आरोपी गिरफ्तार, 6 वारदातों का किया खुलासा

हरियाणा मेल ब्यूरो

**रेवाड़ी।** सीआईए कोसली पुलिस टीम ने एक अंतरराज्यीय भैंस चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने गिरोह के 3 सक्रिय व शातिर सदस्यों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण ने आज आयोजित एक प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गांव रोहड़ाई निवासी किसान राम किशोर ने थाना रोहड़ाई में शिकायत दर्ज कराई थी कि गत 12 जुलाई की तड़के अज्ञात चोर उनके प्लॉट का ताला तोड़कर अंदर बंधी 1 भैंस तथा 1 कटिया को पिकअप गाड़ी में लादकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना रोहड़ाई में



मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जांच सीआईए कोसली इंचार्ज पीएसआई नितीश कुमार व उनकी टीम को सौंपी थी।

सीआईए कोसली ने मुखबिरों की सूचना और तकनीकी संसाधनों की मदद से जांच को आगे बढ़ाते हुए इस गिरोह के 2 सदस्यों जिला महेंद्रगढ़ के गांव बसई निवासी राजू बंजारा व राजस्थान के जयपुर के गांव जयसिंहपुरा खोर निवासी गोपी उर्फ पांडू बंजारा को गत 28 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया था। अदालत से मिले 4 दिन के पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से गहन पूछताछ के आधार पर सीआईए कोसली ने वीरवार को गिरोह के तीसरे मुख्य आरोपी मोहम्मद सलमान निवासी बुलंदशहर, यू.पी.को भी धर दबोचा लिया। आरोपी मोहम्मद सलमान गांवों में फर्जी भैंस व्यापारी बनकर घर-घर जाता था, जबकि राजू बंजारा और गोपी बंजारा गांवों में लहसुन बेचने के बहाने घूमते थे। इसके बाद सभी आरोपी मौके पर पिकअप गाड़ी लेकर पहुंचते, और रात के अंधेरे में पशुओं (भैंसों) को लादकर ले जाते थे। इन पशुओं (भैंसों) को यूपी के पशु मेलों में बेच दिया जाता था।

## ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा : तीन अगस्त को बंद रहेंगे सभी स्कूल

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नूंह।** नूंह जिले में आगामी तीन अगस्त को आयोजित होने वाली ब्रजमंडल जलाभिषेक शोभायात्रा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर नूंह जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में तीन अगस्त को अवकाश घोषित किया है।

जारी आदेशों के अनुसार, यात्रा के दौरान जिले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने और व्यापक सुरक्षा प्रबंधों को देखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। आदेश जिले के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों पर समान रूप से लागू रहेगा। गौरतलब है कि 3 अगस्त को ब्रजमंडल जलाभिषेक शोभायात्रा नूंह के नल्हड़ेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर फिरोजपुर झिरका के झिरकेश्वर महादेव मंदिर और पुन्हाना के श्रृंगेश्वर महादेव मंदिर तक निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर प्रशासन ने जिले में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल, अर्धसैनिक बल तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती की गई है।

## लंबित मामलों की जांच तेज करने के निर्देश, कांवड़ सुरक्षा पर जोर

हरियाणा मेल, एजेंसी



**सोनीपत।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन मेधा भूषण की अध्यक्षता में शुक्रवार को पूर्वी जोन के लंबित मामलों और पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रबंधक, पुलिस चौकी प्रभारी, मालखाना प्रभारी तथा 60 से 90 दिन से लंबित मामलों की जांच कर रहे जांच अधिकारी केस डायरी और संबंधित अभिलेखों सहित उपस्थित रहे। कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में लंबित मामलों की प्रगति, जांच की गुणवत्ता, अभिलेख प्रबंधन, मालखाना की व्यवस्था और जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। पुलिस उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों की जांच निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि जांच में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक जांच अधिकारी अपने मामलों की नियमित निगरानी स्वयं सुनिश्चित करे। सभी थानों में अभिलेख व्यवस्थित रखने, मालखानों का रिकॉर्ड अद्यतन करने तथा न्यायालय से जुड़े कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश भी दिए। साथ ही जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर संवेदनशील और त्वरित निस्तारण करने पर बल दिया।

## दो अलग-अलग ट्रेन हादसे, एक में किशोर की मौत, दूसरे की पहचान नहीं

हरियाणा मेल, एजेंसी

**सोनीपत।** गन्नौर में दो अलग-अलग ट्रेन हादसों में एक किशोर की मौत गुरुवार देर रात हो गई, जबकि दूसरे युवक की शुक्रवार की दोपहर बाद मौत हुई अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। दोनों मामलों में जीआरपी गन्नौर ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

पहला हादसा गुरुवार देर रात बीएसटी के निकट रेलवे लाइन पार करते समय हुआ। दिल्ली से जम्मू जा रही राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से 17 वर्षीय आशीष की मौत हो गई। आशीष गन्नौर की गांधी नगर कालोनी का रहने वाला था और सोनीपत के कच्चे क्वार्टर में एक दुकान पर काम करता था। हादसे के बाद करीब 20 मिनट तक शताब्दी ट्रेन प्रभावित रही। सूचना मिलने पर जीआरपी गन्नौर इंचार्ज सुरेश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव शुक्रवार को स्वजन को सौंप दिया गया। दूसरा हादसा शुक्रवार दोपहर गन्नौर और राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। दिल्ली से पानीपत जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

## प्री-नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में दिव्यांशी ने जीते चार पदक



हरियाणा मेल, एजेंसी

**सोनीपत।** देहरादून में 13 से 30 जुलाई तक आयोजित प्री-नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में गांव बली कुतुबपुर की दिव्यांशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए। दिव्यांशी ने सब-यूथ वर्ग में रजत पदक, यूथ वर्ग में रजत पदक, जूनियर वर्ग में रजत पदक तथा सीनियर वर्ग में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

दिव्यांशी, संदीप की पुत्री हैं और वह ओलंपिक इंटरनेशनल शूटिंग अकादमी में कोच प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि से गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दिव्यांशी बीआर ग्लोबल स्कूल की छात्रा हैं। उनकी सफलता पर स्कूल प्रबंधन, अकादमी के प्रशिक्षकों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कोच प्रदीप कुमार ने कहा कि दिव्यांशी ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है और आने वाले समय में वह राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

# डीसीआरयूएसटी में एक पौधा मां के नाम अभियान, नए विद्यार्थियों को जिम्मेदारी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**सोनीपत।** मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया। कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने अपनी माताजी के नाम पर पहला पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाला प्रत्येक नया विद्यार्थी अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाएगा और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. के.सी. शर्मा, प्रो. एस.के. गखर, परियोजना समन्वयक आर.एस. राठौर, संयुक्त निदेशक सुरेंद्र सिंह तथा परियोजना प्रबंधक अपूर्व पांडे ने भी पौधारोपण



कर अभियान में भागीदारी की। कुलगुरु प्रो. प्रकाश सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनका संरक्षण और पालन-पोषण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से पौधों को परिवार के सदस्य की तरह संभालने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधे शुद्ध वायु, फल, छाया और औषधियां प्रदान करते हैं तथा प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा के नेतृत्व में आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगा। उन्होंने लोगों से जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की।

# दायित्व निभाने को प्रेरित करता है वन महोत्सव

### जिला स्तरीय वन महोत्सव का पौधारोपण करते हुए बोले विधायक डॉ कृष्ण कुमार

सुरेन्द्र इंदौरा, हरियाणा मेल

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार के स्वच्छ हरियाणा-हरित हरियाणा अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय वन महोत्सव-2026 का आयोजन वीरवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर करनाल में आयोजित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राज्य स्तरीय वन महोत्सव समारोह का वर्चुअल प्रसारण भी दिखाया गया। विधायक डॉ. कृष्ण कुमार का विश्वविद्यालय प्रशासन एवं जिला प्रशासन की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर डीसी अभिषेक मीणा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी, कुलसचिव



प्रो. दिलबाग सिंह तथा जिला वन अधिकारी दीपक नंदा विशेष रूप से मौजूद थे। समारोह के दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित इको क्विज प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधारोपण का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण का अनूठा संदेश देता है। सभी जिलों में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों पर कर में छूट दी है। उन्होंने नागरिकों से जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ तथा अन्य विशेष अवसरों पर पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आग्रह किया। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि पर्यावरण स्वच्छ और सुरक्षित नहीं होगा तो मानव जीवन का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन करने, खाली स्थानों पर कचरा न फेंकने, ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण न करने तथा पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# राष्ट्र भक्ति की भावना के साथ चलाया जाएगा तिरंगा अभियान

### वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत की मनाई जाएगी 150 वीं वर्षगांठ

हरियाणा मेल ब्यूरो

**रेवाड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में इस बार 9 से 17 अगस्त तक वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ तथा हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति एवं राष्ट्र नवनिर्माण की भावना के साथ चलाया जाएगा। भारत के बंटवारे की पीड़ा व पड़ोसी देश से आए लोगों की कठिनाइयों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए 13 व 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा।

हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग के साथ हुई वीसी के बाद डीसी अभिषेक मीणा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि विभाजन विभीषिका दिवस का आयोजन 13-14 अगस्त को सरकार के निर्देशानुसार होगा, जिसमें विभाजन के दौरान भारत आए स्थानीय वयोवृद्ध नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

इस अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर उन दिवंगत देशवासियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिन्होंने आजादी के लिए अपनी कुर्बानी दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सरकार की ओर से तैयार किए गए वृत्त चित्र व नाटक भी दिखाए जाएंगे तथा प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में सरकारी विभाग, शिक्षण संस्थाएं, ग्राम पंचायत, नगर पालिका एवं नगर परिषद, सामाजिक संगठन सक्रिय रूप से भाग लेंगे। अभियान के दौरान बाइक रैली, प्रदर्शनी, रंगोली, सेल्फी विद तिरंगा आदि कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन होगा।

# कानून हाथ में लेने का किसी को अधिकार नहीं: कृष्णपाल गुर्जर

## पार्षद-एक्सईएन विवाद पर बोले केंद्रीय राज्यमंत्री

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के वार्ड नबर-42 के पार्षद दीपक यादव और नगर निगम के एक्सईएन के बीच चल रहे विवाद में अब केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने स्पष्ट किया कि किसी को भी कानून को हाथ में लेने का कोई हक नही है। उन्होंने कहा कि पार्षद को अगर कोई परेशानी थी तो वो स्थानीय विधायक, नगर निगम कमिश्नर, मंत्री या सीएम किसी से भी शिकायत कर सकते थे। देश में लोकतंत्र है सबको अपनी बात रखने का हक है, लेकिन सरकारी ऑफिस पर ताला लगाना गलत है। गौरतलब है कि 28 जुलाई को वार्ड-42 के निर्दलीय पार्षद दीपक यादव ने बल्लभगढ़ नगर निगम जोन कार्यालय में पहुंचकर नगर निगम के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) डालचंद शर्मा के कार्यालय के बाहर जंजीर और ताला लगाकर उसे बंद कर दिया। उनका कहना था कि वार्ड-43 में सुषमा स्वराज कॉलेज से लेकर तिरखा कॉलोनी की गली होते हुए तिगांव रोड तक मुख्य सीवर लाइन डालने का कार्य स्वीकृत हुआ था। करीब 15 दिन पहले इस कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया था और ठेकेदार को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया था।



वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद 4 दिन के भीतर काम शुरू हो जाना चाहिए था, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी मौके पर कोई काम शुरू नहीं हुआ। एक्सईएन डालचंद के साथ कथित अभद्र व्यवहार के विरोध में बुधवार से कर्मचारी नगर निगम मुख्यालय पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने कामकाज बंद कर धरना दे रहे है। उनकी मांग की है कि पार्षद पवन यादव ने एक अधिकारी के साथ गलत बर्ताव किया है। कर्मचारियों ने मांग की है कि पवन यादव के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया जाए। पार्षद पवन यादव ने कहा कि वो जनता के हक की लड़ाई लड़ रहे है। लोग काम शुरू न होने के कारण परेशानियों का सामना कर रहे है। लेकिन अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे है। उन्होंने कहा कि आगे भी वो जनता के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस मामले को लेकर एक्सईएन डालचंद की तरफ से पुलिस को शिकायक दी गई है। जिसकी जांच बल्लभगढ़ एसीपी अशोक कुमार के द्वारा की जा रही है। एसीपी ने कहा कि पुलिस दोनों पक्षों को सुन रही है। दोनों की तरफ से बयान दर्ज कराए गए है। जांच में जो भी सामने आएगी उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सीवरेज का गड्ढा खोदते हुए करंट लगने से दो की मौत

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सेक्टर-14 में शुक्रवार को सीवर लाइन पाइप को जोडऩे के लिए गड्ढा खोदते समय करंट लगने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मकान मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि सेक्टर-14 स्थित कोठी नंबर-692 के बाहर सीवर लाइन को जोडऩे के लिए गड्ढा खोदने का काम चल रहा था। इसी दौरान जमीन के अंदर से गुजर रही बिजली लाइन के संपर्क में आने से दो मजदूरों को करंट लग गया। करंट इतना तेज था कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान मनीष (55), निवासी सेक्टर-3 और शहंशाह (29), निवासी सेक्टर-2 के रूप में हुई है। दोनों ही मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। सेक्टर-14 स्थित कोठी नंबर-692 के बाहर सीवर लाइन को जोडऩे के लिए गड्ढा खोदने का काम चल रहा था। हादसे के समय मजदूर राम रहीसा, सूरज और रतीराम भी मौके पर मौजूद थे। उनका आरोप है कि मकान मालिक सुशील को जमीन के अंदर से गुजर रही बिजली की लाइन की जानकारी थी, लेकिन काम शुरू कराने से पहले इसकी सूचना मजदूरों को नहीं दी गई। उनका कहना है कि यदि पहले से जानकारी दी जाती तो यह हादसा टाला जा सकता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लीनिक पर की छापेमारी

## बिना डिग्री के क्लीनिक संचालक गिरफ्तार

**उदय चंद माथुर, हरियाणा मेल**

**हथीन।** उपायुक्त डा. जयेंन्द्र सिंह छिल्लर के मार्गदर्शन और सिविल सर्जन डा. सतिंदर वशिष्ठ के निर्देशन में गुप्त सूचना के आधार पर गठित विशेष टीम ने इस्लामाबाद उर्फ ईश्वर नगर, पलवल स्थित एक अवैध क्लीनिक पर छापेमारी कर बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के क्लीनिक संचालित कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

सिविल सर्जन डा. सतिंदर वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा द्वारा गठित विशेष टीम में डा. राहुल कुमार (एमटीपी नोडल अधिकारी), डा. निधि सोरौट, एलएमओ (सीएचसी औरंगाबाद), डा. पंकज, एमओ (सीएचसी औरंगाबाद) तथा जिला समन्वय अधिकारी (डीसीओ), पलवल शामिल थे। विशेष टीम ने 30 जुलाई 2026 को अपराह्न लगभग 3 बजे इस्लामाबाद उर्फ ईश्वर नगर स्थित बिना नाम के क्लीनिक पर योजनाबद्ध ढंग से छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक महिला को गर्भवती के रूप में तथा एक व्यक्ति को उसके परिजन के रूप में क्लीनिक पर भेजा गया। टीम द्वारा पूर्व निर्धारित क्रमांकित मुद्रा भी उपलब्ध कराई गई थी।



सिविल सर्जन डा. सतिंदर वशिष्ठ ने बताया कि जांच के दौरान क्लीनिक पर मौजूद आरोपी ने महिला से 600 रुपये प्राप्त कर गर्भपात के लिए प्रयुक्त एमटीपी किट उपलब्ध कराई तथा उसके उपयोग की विधि भी बताई। जांच में यह भी सामने आया कि कुल 700 रुपये में सौदा तय हुआ था, जिसमें से 100 रुपये पूर्व में दिए जा चुके थे।

सिविल सर्जन डा. सतिंदर वशिष्ठ ने बताया कि पूर्व निर्धारित संकेत मिलते ही विशेष टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके पास कोई वैध चिकित्सकीय डिग्री अथवा प्राधिकृत चिकित्सा अभ्यास का अधिकार नहीं है तथा वह अवैध रूप से क्लीनिक संचालित कर रहा था। छापेमारी के दौरान मौके से एमटीपी किट, विभिन्न प्रकार की दवाइयां, चिकित्सा उपकरण तथा पूर्व निर्धारित क्रमांकित मुद्रा बरामद की गई।

## खबरें फटाफट

### आज और कल 10 गांवों में दिन में नहीं की जाएगी बिजली सप्लाई

**हथीन।** दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम हथीन के एसडीओ जसवीर बैनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार एवं रविवार को 33 केवी बिजली लाइन बहीन के खराब पोल बदले जाएंगें। इस कारण सम्बन्धित 33 केवी पॉवर हॉउस बहीन की बिजली सुबह 10 बजे से सांयकाल 7 बजे तक बन्द रहेगी। एसडीओ ने बताया कि इस कारण 10 गांवों बहीन, नांगल जाट, मानपुर, कोट, पहाड़ी, आली ब्राह्मण, आलीमेव, अंधोप, नांगल सभा एवं पावसर की लगभग 2 लाख की आबादी को दिन के समय बिजली सप्लाई नहीं हो पाएगी। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से सांयकाल 7 बजे तक बिजली सप्लाई उपलब्ध नहीं होगी।

### चोरी के मामले में सीआईए टीम ने आरोपी गिरफ्तार कर रिमांड के दौरान की नगदी बरामद

**हथीन।** सीआईए स्टाफ की टीम ने थाना होडल क्षेत्र में हुई मकान में चोरी की वारदात को सुलझाने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ प्रभारी निरीक्षक जगमिंदर सिंह से प्राप्त विवरण के अनुसार, शिकायतकर्ता अंशु निवासी कृष्णा कालोनी, होडल ने थाना होडल में शिकायत दर्ज कराई थी कि 11 जून 2026 से 14 जून 2026 के दौरान जब वह अपने मायके गई हुई थी, तब अज्ञात चोरों ने उनके बंद मकान का ताला तोड़कर अलमारी से 1.75 लाख रुपये नकद, जेवरात और कपड़े चोरी कर लिए थे। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।
मामले में सीआईए स्टाफ के मुख्य सिपाही मनोज कुमार द्वारा मामले में पहले ही एक किशोर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। विवेचना टीम ने गहन जांच के आधार पर चोरी में संलिप्त आरोपी जतिन उर्फ पिस्तौल निवासी भगतजी कालोनी, पलवल को 30 जुलाई 2026 को नियम अनुसार गिरफ्तार किया और एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।
पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान आरोपी जतिन उर्फ पिस्तौल की निशानदेही पर चोरी की राशि में से बचे हुए 8000 रुपये बरामद किए गए। अपराधिक रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पांच रंगीन मामले दर्ज है तथा संगठित अपराध को अंजाम देते हैं, जिस पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा भी अभियोग में जोड़ी गई है।

### गांजा सहित युवक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वाणिज्यिक मात्रा में 21.060 किलोग्राम गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरीकुमार (29 वर्ष), निवासी जिला मुजफ्फरपुर, बिहार के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से बरामद गांजा एनडीपीएस अधिनियम के तहत वाणिज्यिक मात्रा की श्रेणी में आता है। आरोपी को शुक्रवार अदालत में पेश कर छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ के उपरांत गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई 2026 को अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति बदरपुर बॉर्डर स्थित ऑटो स्टैंड के पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर खड़ा है और उसे आगे सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू किया और राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उससे 21.060 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह बिहार से मादक पदार्थ लाकर दिल्ली में सप्लाई करता है। उसने खुलासा किया कि वह मुजफ्फरपुर से यह गांजा करीब एक लाख रुपये में खरीदकर बस के माध्यम से दिल्ली लेकर आ रहा था, जहां इसे आगे बेचने की योजना थी।

## चाइनीज मांझे की बिक्री पर होगी कार्रवाई

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हथीन।** जिला पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने आमजन की सुरक्षा और पशु-पक्षियों के बचाव को ध्यान में रखते हुए जिला पलवल में चाइनीज मांझे (नायलॉन, प्लास्टिक या कांच लेपित धागे) की बिक्री, भंडारण और उपयोग करने वालों पर पूरी तरह से लगाम कसने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझे का प्रयोग मानव जीवन के साथ-साथ बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए भी अत्यंत घातक सिद्ध होता है। इसके उपयोग से राहगीरों, दुपहिया वाहन चालकों और पक्षियों के गंभीर रूप से घायल होने या जान जाने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा, धातु या कांच लेपित मांझा बिजली की लाइनों से टकराने पर करंट लगने और बड़े हादसों का कारण भी बनता है।



**सख्त कानूनी कार्यवाही की चेतावनी**

जिला पलवल में चाइनीज मांझा बेचने, खरीदने, भंडारण करने या इसका उपयोग करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नियम का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पर्यावरण संरक्षण अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत तुरंत मामला दर्ज किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने सभी माता-पिता और अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को चाइनीज मांझे के खतरों के प्रति जागरूक करें और उन्हें केवल पारंपरिक सूती धागे का ही उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही, जिला के सभी दुकानदारों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि वे किसी भी सूरत में चाइनीज मांझा न बेचें और न ही इसका अवैध स्टॉक रखें।

**गुप्त रखी जाएगी सूचना देने वाले की पहचान**

यदि किसी भी नागरिक को अपने आसपास चाइनीज मांझे की बिक्री या अवैध भंडारण की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत नजदीकी थाना, चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

## स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के माध्यम से जीवनदान के संकल्प को किया सशक्त

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** रक्त केवल एक चिकित्सीय संसाधन नहीं है, बल्कि यह समय, आशा और जीवन का अमूल्य उपहार है। ईएसआईसी ब्लड सेंटर, प्रतिरक्षा रक्त विज्ञान एवं रक्त आधान विभाग (आईएचबीटी), फरीदाबाद ने उस भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया, जहाँ किसी भी मरीज को इस जीवन रक्षक उपहार के लिए प्रतीक्षा न करनी पड़े। विभाग द्वारा आयोजित प्रेरणादायी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन समाज को एक साझा उद्देश्य—जीवन बचाने—के सूत्र में जोड़ने में सफल रहा। शिविर के दौरान 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

यह जीवनदायी पहल डीन डॉ. चवण कालिदास के दूरदर्शी नेतृत्व तथा चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) डॉ. संदीप कुमार के सशक्त मार्गदर्शन एवं महत्वपूर्ण सहयोग में आयोजित की गई। उनका सामूहिक संकल्प इस तृतीयक रेफरल केंद्र के लिए अत्यंत संवेदनशील और मानवीय है—दूर-दराज क्षेत्रों से उपचार के लिए आने वाले किसी भी मरीज या उसके परिजन को रिप्लेसमेंट ब्लड डोनर की व्यवस्था को लेकर चिंता न करनी पड़े।

## युवा सामाजिक भागीदारी कर राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक बनें

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** प्रदेश के पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, एमआरआईआईआरएस के महानिदेशक और डा.ओपी भल्ला फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन डा.एनसी वधवा ने युवाओं का आह्वान किया है कि स्वयं को सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय करें और राष्ट्र के जिम्मेदार बनें। डा.वधवा ने कहा कि यूनिवर्सिटी का नेतृत्व हमें सिर्फ किताबों तक सीमित न रख कर समाज का एक जिम्मेदार हिस्सा बनने की राह भी दिखाता है। डा.वधवा, मानव रचना यूनिवर्सिटी के मंडाला सभागार में एमआर यूनिवर्सिटी के छात्रों के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। डा. वधवा ने आगे कहा कि मानव रचना शिक्षण संस्थान के संस्थापक डा. ओपी भल्ला एक उच्च कोटि के



सामाजिक व्यक्ति थे, जिनके जीवन का उद्देश्य यही था कि उनके संस्थान में युवा एक अच्छी डिग्री हासिल कर एक बेहतरीन करियर बनाने की ओर अग्रसर हों, और साथ ही सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी रहें। उन्हीं की स्मृति में स्थापित डा.ओपी भल्ला फाउंडेशन के बैनर तले सामाजिक भागीदारी के कार्य बखूबी हो रहे हैं।

डा.वधवा ने युवाओं से आग्रह किया कि वह सब फाउंडेशन से जुड़ें। उन्होंने कहा कि इस जीवनदायिनी पृथ्वी का, प्रकृति का हम पर ऋण है। हम अब अगर सक्षम हैं तो प्रतिदिन उपरोक्त अच्छे कार्य करते हुए उस ऋण को लौटाने का काम करें।

## पे-आउट सर्विस प्रोवाइड करवाने के नाम पर ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** पे-आउट सर्विस प्रोवाईड करवाने के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने दो आरोपितों को औरंगाबाद बिहार से गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान गौरव (36) व अभिषेक (32) निवासी जिला औरंगाबाद बिहार के रुप में हुई है। आरोपितों को शुक्रवार अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच में सामने आया कि घटनाक्रम का मुख्य सूत्रधार आरोपी गौरव है।

जिसने शिकायतकर्ता के पास पे-आउट सर्विस प्रोवाईड करने के लिए फोन किया था। आरोपित अभिषेक खाताधारक है, जिसके खाता में ठगी के साढ़े आठ लाख रुपये आये थे। जांच में यह भी सामने आया है कि अभिषेक और गौरव दोनों दोस्त हैं। अभिषेक ने गौरव को अपना खाता दिया था। अभिषेक के खाता को गौरव ही ऑपरेट कर रहा था। गौरव एम.बी.ए पास है, वह पहले गुरुग्राम की ही एक कंपनी में पे-आउट सर्विस प्रावाईडर का काम करता था, वही अभिषेक आईटीआई पास है।

## समाज सेवा का व्रत लेने वाले चला रहे देश-प्रदेश की सरकार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** मंत्री राजेश नागर ने आज भैंसरावली गांव में 48 लाख की लागत से हुए विकास कार्य जनता को समर्पित किए। उन्होंने यहां आयोजित लोकार्पण समारोह में गांव के बुजुर्गों के हाथ नारियल फुडवाए।

इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि आज देश और हरियाणा की सरकार सेवा का व्रत लेने वालों के हाथों में है। भाजपा की सरकारों ने न केवल पूर्व की सरकारों द्वारा बनाए गड्ढों को भरा बल्कि नई सड़कों का निर्माण भी किया। नागर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि विकास का रास्ता सड़कों से होकर गुजरता है। यही कारण है कि आज तक भारत में कितनी सरकारें आई गई लेकिन मोदी सरकार के कार्यकाल में सड़कों पर सबसे ज्यादा काम हुआ है। जिससे आज पूरा देश



हर आदमी की पहुंच में हो गया है। 10-10 घंटे का रास्ता दो-दो घंटे में पूरा हो रहा है। आज देश तरक्की कर रहा है। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र में भी भरपूर विकास कार्य हो रहे हैं। यहां सड़क, पानी, बिजली के रास्ते से होकर शिक्षा, स्वास्थ्य और शहरीकरण पहुंच रहे हैं। जिससे लोगों का जीवन स्तर सुधर रहा है।

इस अवसर पर अधिकारी ने बताया कि इन विकास कार्यों में गांव के बारात घर में टीन शेड, बाउंड्री, छत, मंदिर की परिक्रमा मार्ग आदि कार्य शामिल थे।

## डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर करोड़ों ठगे

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** डिजिटल अरेस्ट के नाम पर करोड़ों रुपये की साइबर ठगी के एक मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने ठगी की राशि प्राप्त करने वाले बैंक खाताधारक को शुक्रवार को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ऐश्वर्य वर्धन (23 वर्ष), निवासी भांकरोटा, जयपुर (राजस्थान) के रूप में हुई है। अदालत में पेश करने के बाद आरोपी को 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान मामले में शामिल अन्य आरोपियों, बैंक खातों तथा ठगी की रकम के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार जनवरी 2026 में सेक्टर-64सी निवासी एक व्यक्ति के साथ डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 2.13 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। मामले की गंभीरता के मद्देनजर थाना साइबर बल्लभगढ़ में



नौ फरवरी 2026 को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। साइबर थाना की टीम ने तकनीकी विश्लेषण, बैंक खातों की पड़ताल तथा डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी ऐश्वर्य वर्धन को जयपुर से गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी के बैंक खाते में ठगी की पांच लाख दस हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। जिसने अपना बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। वह जयपुर स्थित एक निजी कंपनी में काम करता है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के तुरंत बाद साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने बैंक खातों का विस्तृत विश्लेषण किया और बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए एक करोड़ पांच लाख रुपये की राशि संबंधित खातों में तत्काल फ्रीज करवा दिये और फिर आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने यह राशि शिकायतकर्ता के खाता में ट्रांसफर करवा दी है। फरीदाबाद पुलिस की तत्परता और त्वरित कार्रवाई के कारण शिकायतकर्ता को भारी आर्थिक नुकसान से बचाया जा सका।

बता दें कि 13 जनवरी 2026 को शिकायतकर्ता की पत्नी के मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड से जुड़े एक बैंक खाते में 20 लाख रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। इसके बाद कॉल को कथित रूप से मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के पास ट्रांसफर कर दिया गया।

## प्रारूप मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन, 30 अगस्त तक दर्ज कराएं दावे एवं आपत्तियां : उपायुक्त

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हथीन।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला पलवल के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों—82-हथीन, 83-होडल (अनुसूचित जाति) तथा 84-पलवल की प्रारूप मतदाता सूची 31 जुलाई 2026 को जिला के निर्धारित मतदान केंद्रों पर प्रकाशित कर दी गई है। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन कराने अथवा अन्य दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने बताया कि 31 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने, त्रुटियों में सुधार



कराने या आपत्ति दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकता है। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में नहीं है, तो वह फॉर्म-6 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकता है। 1 जुलाई 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र नागरिक भी मतदाता बनने के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। इसी प्रकार यदि किसी मतदाता का नाम स्थानांतरित करना हो या किसी अपात्र व्यक्ति का नाम हटवाना हो, तो संबंधित प्रपत्र के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। मतदाता सूची में नाम, पता, फोटो या अन्य विवरण में संशोधन के लिए भी निर्धारित आवेदन पत्र उपलब्ध हैं।


जिला निर्वाचन अधिकारी डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने बताया कि 24 जुलाई 2026 तक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रथम चरण पूरा होने के बाद प्रारूप सूची प्रकाशित की गई है। प्रारूप मतदाता सूची की प्रतियां सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों, सचिवों एवं प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के दौरान अपने मतदान केंद्र पर जाकर या संबंधित अधिकारियों के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि या नाम छूट गया हो, तो 30 अगस्त 2026 तक दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## प्रदेश कांग्रेस के सीनियर नेताओं ने की दूसरे दिन संवाद बैठक

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त व प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेन्द्र ने आज दूसरे दिन जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद की संवाद बैठक ली। बैठक में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बलजीत कौशिक के अलावा जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेन्द्र ने मतदाता सूची पुनरीक्षण यानी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि भाजपा एसआईआर के जरिए फर्जी वोट बनवाकर या सही मतदाताओं के वोट काटकर चुनावी गड़बड़ी करने का प्रयास कर रही है। एक अगस्त से चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर को लेकर वोटरों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उसके बाद जिस भी साथी का गलती से वोट कटा हो तो उसका



नया फार्म भरवाकर वोट बनवाए और अगर प्रशासन ने गलत तरीके से वोट को काटा हो तो उसकी आपत्ति दर्ज करवाकर वोट को दोबारा बनवाने का काम करें। क्योंकि भाजपा एसआईआर की आड़ में कांग्रेस के समर्थित लोगों के वोटर चिहिन्त करके काटने में लगी हुई है।

राव ने जहां कांग्रेस पदाधिकारियों को एकता का पाठ पढ़ाया, वहीं सक्रिय रहने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के जिन पदाधिकारियों की ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी के रूप में लगाई गई है, वह अपने-अपने क्षेत्र में मजबूती से काम करते हुए जिला अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपे।



## संपादकीय

# स्मार्ट सिटी का सबसे बड़ा मिसिंग केस

यदि शरलॉक होम्स, ब्योमकेश बक्शी और करमचंद जीवित होते, तो वे गुरुग्राम और फरीदाबाद में अपने कार्यालय अवश्य खोलते। गुरुग्राम में लगभग 15.56 लाख मतदाताओं में से करीब 4.55 लाख नाम और फरीदाबाद में लगभग 18.89 लाख में से 5.18 लाख नाम प्रारूप मतदाता सूची में कम हो गए। दोनों जिलों को मिलाकर करीब 9.73 लाख मतदाता लोकतंत्र के रजिस्टर से गायब दिखाई दे रहे हैं। यह आंकड़ा है या हरियाणा का सबसे बड़ा मिसिंग केस?

आमतौर पर कोई व्यक्ति लापता हो जाए तो उसकी तस्वीर छपती है, कपड़ों का रंग बताया जाता है और नीचे लिखा जाता है—सूचना देने वाले को उचित इनाम मिलेगा। यहां लगभग दस लाख मतदाता गायब हैं, लेकिन न पोस्टर लगा, न मुनादी हुई, न किसी थाने में सामूहिक गुमशुदगी दर्ज हुई। लोकतंत्र रजिस्टर के पन्ने पलट रहा है और पूछ रहा है—भाई साहब, इतने लोग गए कहां?

गुरुग्राम अद्भुत शहर है। यहां सुबह जिम में भीड़ मिल जाएगी, एक्सप्रेसवे पर जाम मिल जाएगा, साइबर सिटी में कर्मचारी मिल जाएंगे, मॉल में खरीदार मिल जाएंगे और आधी रात को फूड डिलीवरी वाला भी सही फ्लैट ढूंढ़ लेगा। बारिश हो तो सड़क पर वाहन, पानी और प्रशासनिक दावे—तीनों तैरते मिलेंगे। लेकिन मतदाता सूची खुलते ही लगता है मानो लाखों नागरिक स्थानांतरित हो गए हों।

स्मार्ट सिटी ने नागरिक को स्मार्ट बना दिया है। आदमी आधार में मिल जाएगा, पैन में मिल जाएगा, बैंक खाते में मिल जाएगा, मोबाइल कंपनी के रिकॉर्ड में मिल जाएगा, बिजली के बिल में मिल जाएगा और प्रॉपर्टी टैक्स के नोटिस में मिल जाएगा। व्यवस्था को पैसा चाहिए तो नागरिक हाजिर है; वोट चाहिए तो पता सत्यापनाधीन निकलता है। तकनीक ने मनुष्य को ऑनलाइन कर दिया, लोकतंत्र ने उसे ऑफलाइन घोषित कर दिया। फरीदाबाद भी इस चमत्कार में पीछे नहीं। वहां उद्योग बढ़े, कॉलोनियां बढ़ीं, फ्लैट बढ़े, वाहन बढ़े, प्रदूषण बढ़ा, पर मतदाता घट गए। अर्थशास्त्र की पुस्तकों में नया सिद्धांत जोड़ना चाहिए—विकास जितना तेज होगा, मतदाता उतनी तेजी से अदृश्य होंगे। शायद इसे हरियाणा मॉडल ऑफ डेमोक्रेटिक डिसअपियरेंस कहकर सम्मेलन में उपलब्धि माना जाए।

निर्वाचन व्यवस्था सूचना जारी कर सकती है—यदि किसी सज्जन को लगभग दस लाख मतदाता कहीं घूमते मिलें, तो कृपया उन्हें निकटतम निर्वाचन कार्यालय में जमा कराएं। पहचान के लिए उनके पास वोटर कार्ड, बिजली का बिल, आधार और जीवित होने का आत्मविश्वास हो सकता है। सूचना देने वाले को धन्यवाद मिलेगा; इनाम का प्रस्ताव समिति के पास है।

बताया गया है कि मृत्यु, स्थायी स्थानांतरण, दोहरी प्रविष्टि और सत्यापन में अनुपलब्धता के कारण नाम कम हुए। यह संभव है। महानगरों में लोग नौकरी, मकान, मोबाइल नंबर और कई बार राजनीतिक निष्ठा भी बदल लेते हैं। फिर भी लाखों नाम एक साथ कम हों तो प्रश्न फाइल के नीचे दबाकर नहीं रखा जा सकता। यदि ये नाम पहले सूची में थे, तो आए कैसे? यदि वे वास्तविक मतदाता थे, तो अब गए कहां? और यदि वे यहां रहते ही नहीं थे, तो वर्षों तक किसके पड़ोसी बने रहे? क्या वे लोकतांत्रिक किरायेदार थे, जो चुनावी मौसम में आते, मतदान करते और बिना सिक्योरिटी वापस लिए पांच वर्ष के लिए मकान खाली कर जाते थे?

हम किसी दल या नेता पर आरोप नहीं लगा रहे। भारतीय राजनीति इतनी निष्कलंक है कि उस पर संदेह करना संदेह का अपमान लगता है। फिर भी जनता पूछ सकती है कि क्या कुछ नाम ऐसे पतों पर पलते रहे, जहां मकान मालिक तक उन्हें नहीं जानता था। चुनाव आते ही कुछ मतदाता प्रकट होते, वोट डालते और फिर ऐसी समाधि लगाते कि निर्वाचन कर्मचारी भी उन्हें जगा न पाता।

पर सूची की सफाई में असली मतदाता बाहर न रह जाए, यह सबसे जरूरी है। कहीं ऐसा न हो कि अपात्र नाम हटाने की खुशी में जीवित नागरिक को लोकतंत्र मृत घोषित कर दे। बूथ पर खड़े व्यक्ति को यदि कहा जाए कि सूची में उसका नाम नहीं है, तो उसके लिए संविधान, अधिकार और चुनाव—तीनों एक साथ व्यंग्य बन जाते हैं।

मतदाता सूची लोकतंत्र की उपस्थिति पंजिका है। इसमें मृतकों की हाजिरी और जीवितों की गैरहाजिरी—दोनों शर्मनाक हैं। इसलिए इस मिसिंग केस का रहस्य खुलना चाहिए। नेता तो चुनाव आते ही स्वयं मिल जाते हैं; मतदाता को कौन खोजेगा? लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी जनविश्वास है। और जब विश्वास लापता हो जाए, तो उसे खोजने के लिए कोई डायल-112 भी नहीं होता।

-ऋषि नारायण आचार्य

# पाक अधिकृत कश्मीर में बदलाव की तस्वीर

**पीओजेके में क्षेत्रीय विधानसभा चुनाव के बीच हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं, जहां विरोध प्रदर्शनों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई में दर्जनों लोगों की मौत और सैकड़ों के घायल होने की खबर है। संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी द्वारा आरक्षित सीटों और राजनीतिक हस्तक्षेप के विरोध में चल रहे आंदोलन ने हिंसक रूप ले लिया है। बढ़ती महंगाई, बिजली संकट और खाद्य सामग्री की कमी ने भी जनाक्रोश को तेज किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों के बीच भारत ने इन चुनावों को अवैध करार देते हुए पाकिस्तान की नीतियों पर सवाल उठाए हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव और गहराता दिख रहा है।**



● प्रमोद भार्गव

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में क्षेत्रीय विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया के दौरान लगातार हालात हिंसक एवं तनावपूर्ण हुए हैं। रावलकोट और मीरपुर में हिंसा के चलते संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने गोली चलाकर 37 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। मानवाधिकार संगठनों ने पीओजेके के इन हालातों पर गंभीर चिंता जताई है।

गौरतलब है कि जेएएसी पिछले करीब दो माह से पीओजेके की तथाकथित विधानसभा की 12 विवादित सीटों को लेकर आंदोलन चला रही है। संगठन का आरोप है कि ये शरणार्थी निर्वाचन क्षेत्र उन मतदाताओं को जरूरत से ज्यादा महत्व देते हैं, जो पीओजेके के मूल निवासी नहीं है। इनमें से ज्यादातर की वैधानिक पुष्टि भी नहीं हुई है। पाकिस्तान सरकार इन सीटों के जरिए अपनी पसंद की सरकार चुनवा कर मर्जी का प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। इसी मनमानी को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। इसके अलावा बिजली, सस्ता आटा और अन्य खाद्य सामग्री की कमी भी आक्रोश का कारण बनी हुई है। भारत ने इन इन चुनावों को पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की कोशिश कहा है। जबकि यह भारत का अभिन्न हिस्सा है।

पीओजेके में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक तीन चरणों में चुनाव होने हैं। चुनावों में कुल 45 सीटों में से 12 सीटें शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं। किंतु गुलाम जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों के लिए आरक्षित सीटें मंजूर नहीं हैं। इसलिए जम्मू-कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान के लोग जबरदस्त विरोध में उतर आए हैं। इस विरोध के चलते पहले 46 प्रदर्शनकारी और अब मतदान के दौरान 37 लोग मारे जा चुके हैं, सैंकड़ों लोग घायल हैं। पाक आर्मी और पुलिस के इस दमन एवं नरसंहार से आंदोलनकारियों का गुस्सा और भड़क गया है। इस नाराजगी को दबाने के लिए पुंछ, मीरपुर एवं मुजफ्फराबाद में बड़ी संख्या में अतिरिक्त अर्धसैनिक बल तैनात कर दिए हैं। दरअसल लोगों का गुस्सा इसलिए फूट रहा है क्योंकि ये चुनाव अंतरराष्ट्रीय समुदाय एवं मानवाधिकार आयोग को यह दिखाने के लिए कराए जा रहे हैं कि पाकिस्तान लोकतंत्र का पैरोकार है। लेकिन यह पूरा नाटक फरेब की नौटंकी के अलावा कुछ नहीं है। भारत भी इस चुनाव के विरोध में है।

इस विरोध का प्रमुख कारण पीओजेके में विधानसभा की 45 निर्वाचित सीटों में से 12 सीटों का शरणार्थियों के लिए आरक्षित करना है। जेएएसी का आरोप है कि इन सीटों के कारण स्थानीय लोगों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रभावित हो रहा है। संगठन लंबे समय से इन सीटों को समाप्त करने की मांग कर रहा है। चुनाव के ठीक पहले यह मुद्दा राजनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील बन गया है। इस मुद्दे के साथ-साथ आमजन बढ़ती महंगाई, गेहूं और आटे की उपलब्धता में कमी, बिजली दरों में वृद्धि, बेरोजगारी तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारों की मांग को भी आगे बढ़ा रहा है।

दरअसल शरणार्थियों के लिए सीटें आरक्षित करने का मतलब स्थानीय लोगों को जनप्रतिनिधित्व से बहिष्कृत करने का संवैधानिक उपाय पाकिस्तान ने मान लिया है। अतएव ये चुनावी फरेब पीओजेके पर अवैध कब्जे को वैध ठहराने का उपाय भर है। पाकिस्तान इस चुनाव के जरिए यह जताने का उपक्रम कर लेता है कि वह लोकतंत्र का पक्षधर होने के साथ भू-राजनीतिक शक्ति भी है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत को इस चुनावी हथकंडे को राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के परिदृश्य में इसे एक बड़े मुद्दे के रूप में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पेश करने के साथ हस्तक्षेप की मांग करने की जरूरत है।

हालांकि पीओके में हुई हिंसा को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाक पर करारा हमला बोला है। कहा है कि पाकिस्तान को उसके दुष्कर्मों और मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए उत्तरदायी ठहराना चाहिए। पाकिस्तान अपनी आंतरिक विफलताओं को छुपाने और मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान भटकाने के लिए झूठी खबरों और फर्जी वीडियो का सहारा ले रहा है। जबकि पीओजेके में आर्मी और पुलिस ने बर्बर कार्रवाही की है। हम उम्मीद करते है कि विश्व समुदाय पाक के इन कृत्यों के लिए उसे जवाबदेह ठहराएगा।

इसी बीच संयुक्त राष्ट्र संघ के गलियारों से ऐसी खबर आई है, जिसने आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक कूटनीति के दोहरे मानदंडों को एक बार फिर से उजागर कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान और चीन की साझा और बेहद महत्वाकांक्षी कोशिश को अमेरिका ने पूरी तरह से असफल कर दिया। इन दोनों देशों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर अमेरिका ने फ्रांस और ब्रिटेन के साथ मिलकर वीटो लगा दिया है। दिलचस्प बात है कि खुद अमेरिका ने 2019 में बीएलए और मजीद ब्रिगेड को अपनी घरेलू फॉरेन टेररिस्ट आगेर्नाइजेशन सूची में शामिल किया था। बावजूद वैश्विक मंच पर चीन और पाकिस्तान के इस साझा प्रस्ताव को अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों द्वारा रोका जाना बड़ा कूटनीतिक संदेश है।

यह वही चीन है, जिसने अतीत में भारत और अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकियों को वैश्विक प्रतिबंधित आतंकवादी सूची में डालने से जुड़े कई प्रस्तावों पर वीटों लगा दिया था। पीओजेके में वर्तमान नरसंहार को लेकर ब्रिटेन के 50 सांसदों ने भी अंतरराष्ट्रीय समुदायों के समक्ष चिंता जताई है। भारत को पीओजेके में उभरे इस आंतरिक संकट और नरसंहार से सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि धूर्त पाकिस्तान इस ओट में अपनी पुरानी और नापाक चालें चलते हुए प्रशिक्षित आतंकियों की भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने की चाल चल सकता है। हालांकि भारतीय खुफिया एजेंसी आईबी ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई इस अराजकता और खून-खराबे की आड़ में नियंत्रण रेखा पर आतंकियों की घुसपैठ कराकर जम्मू-कश्मीर तथा भारत के अन्य नगरों में हिंसा व अशांति फैलाने की दृष्टि से आत्मघाती हमले करा सकती है। हालांकि भारतीय सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं।

इधर, पीओजेके में आमजनों पर सुरक्षा बलों की बर्बरता को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने उचित ठहराया है। उन्होंने अधिकारों और पहचान दिए जाने की मांग कर रहे कश्मीरियों को भारत जैसा दुश्मन करार दिया है। आसिफ के इस बयान को इस तथ्य की स्वीकार्यता माना जा रहा है कि गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोग भारतीय जम्मू-कश्मीर की भूमि का हिस्सा हैं। हकीकत भी यही है। पीओजेके की परिधि में आने वाले गिलगित-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं। बावजूद पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं। लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं इसलिए इसे गिलगित-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। पाक और बलूचिस्तान के बीच संघर्ष 1945, 1958, 1962-63, 1973-77 में होता रहा है। 1977 में पाकिस्तान द्वारा दमन के बाद करीब 2 दशक तक यहां शांति रही। लेकिन 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर अवैध कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया।

यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं। लिहाजा चुनाव के बावजूद यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है। यह आग उन सब इलाकों में सुलगी रहती है, जो शिया बहुल हैं। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में शिया और अहमदिया मुस्लिमों समेत सभी धार्मिक अल्पसंख्यक प्रताड़ित किए जा रहे हैं। अहमदिया मुस्लिमों के साथ तो पाकिस्तान के मुस्लिम समाज और हुकूमत ने भी ज्यादती बरती है। इस क्षेत्र में चीन बड़ा निवेश कर रहा है। ग्वादर में एक बड़ा बंदरगाह बनाया है। चीन की एक और बड़ी योजना है, ह्यचाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोरह्य जिसकी लागत 3 लाख 51 हजार करोड़ है। यह गलियारा गिलगिट-बाल्टिस्तान से गुजर रहा है। इस गलियारे के निर्माण में लगे चीनी नागरिकों की आतंकी संगठन बीएलए हत्या कर रहा है। चूंकि यह क्षेत्र अधिकारिक रूप से भारत का है इसलिए भारत भी इस परियोजना का लगातार विरोध कर रहा है। पाकिस्तान रणनीतिक रूप से गिलगित-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बना लेने की फिराक में है। चूंकि यह क्षेत्र आधिकारिक रूप से भारत के जम्मू-कश्मीर प्रांत का हिस्सा है इसलिए यहां कोई भी बदलाव कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन होगा।

अतएव इन क्षेत्रों को पाकिस्तान के कब्जे से मुक्त करना भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति होना चाहिए। क्योंकि भारत के पास अपनी स्थिति को मजबूती से रखने के लिए राजनीतिक कानूनी और संवैधानिक आधार मौजूद हैं। पाकिस्तान यहां सुन्नी मुसलमानों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र का जनसंख्यात्मक घनत्व बदलने के प्रयास में भी लगा है। इन कारणों से यहां के मूल बलूचों की पाकिस्तान के प्रति जबरदस्त नाराजी है और वे निर्णायक लड़ाई लड़के भारत में विलय होने की कोशिश में हैं।

# शिवभक्ति, प्रकृति और भारतीय संस्कृति का शुभ उत्सव है सावन

● दुर्गेश्वर राय

भारतीय पंचांग और जनमानस में सावन का महीना आस्था, उल्लास और प्रकृति के पुनर्जन्म का एक जीवंत कालखंड है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सावन या श्रावण मास की शुरूआत तब होती है जब सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करते हैं और पूर्णिमा के दिन चंद्रमा 22 वें नक्षत्र श्रवण में विराजमान होते हैं। इसी पवित्र नक्षत्र के नाम पर इस महीने का नाम श्रावण पड़ा है। इस दौरान ग्रहों की स्थिति में जल तत्त्व की प्रधानता अत्यधिक हो जाती है। सूर्य और चंद्रमा के विशेष गोचर के कारण पृथ्वी का वायुमंडल नमी और शीतलता से भर जाता है, जिसे ज्योतिष और योग विज्ञान में आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत करने, ध्यान-साधना और मानसिक शांति के लिए अनुकूल माना गया है।

सनातन परंपरा में सावन की धार्मिक मान्यता और महत्व सीधे तौर पर भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक इतिहास और कथाओं के अनुसार, इसी पवित्र महीने में देवों और दानवों के बीच समुद्र मंथन हुआ था। उस मंथन से निकले हलाहल विष को पीकर महादेव ने पूरी सृष्टि की रक्षा की थी। विष के उस तीव्र ताप को शांत करने के लिए सभी देवी-देवताओं ने उन पर पवित्र गंगाजल और शीतल जल अर्पित किया था, जिससे जलाभिषेक की शाश्वत परंपरा का जन्म हुआ। यही कारण है कि सावन में शिव उपासना और सोमवार के व्रतों का विशेष महत्व है, जो मनुष्य के भीतर छिपे विकारों को नष्ट कर आत्मा की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

सावन में प्रकृति और पर्यावरण भी एक सक्रिय साधक की तरह प्रतिभाग करते हैं। ग्रीष्म ऋतु की झुलसाने वाली गर्मी के बाद जब मानसून की पहली फुहारें धरती पर गिरती हैं, तो पूरी प्रकृति हरे रंग की चुनर ओढ़ लेती है। सूखे पेड़-पौधे, नदियाँ और ताल-तलैया नवजीवन से लबालब भर उठते हैं। पर्यावरण का यह उल्लास सीधे तौर पर हमारे सामाजिक सरोकारों से जुड़ जाता है। खेतों में लहलहाती फसलें किसानों के चेहरों पर जहाँ नई उम्मीद और मुस्कान लाती हैं, वहीं गाँवों और कस्बों में पेड़ों पर पड़ने वाले झूले, कजरी और मल्हार के गीत आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का सुंदर ताना-बाना बुनते हैं। यह महीना ऊँच-नीच के भेदों को मिटाकर समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में पिरोने का काम करता है।

भारत की समृद्ध संस्कृति और प्राचीन साहित्य में सावन की चर्चा हर कालखंड में बहुत गहराई से मिलती है। महाकवि कालिदास के मेघदूतम् से लेकर सूरदास, तुलसीदास के पदों और विभिन्न अंचलों के लोकगीतों तक, सावन के बादलों को प्रेम, विरह, श्रृंगार और ईश्वर से मिलन के जीवंत प्रतीक के रूप में दर्शाया गया है। भारत के विभिन्न हिस्सों में इस महीने को मनाने के तरीके हमारी विविधता में एकता का दर्शन कराते हैं। उत्तर भारत में जहाँ विशाल कांवड़ यात्राएं निकलती हैं, हरियाली तीज और रक्षाबंधन की धूम होती है, वहीं गुजरात और महाराष्ट्र जैसे पश्चिमी राज्यों में श्रावण पूर्णिमा को नारली पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है, जहाँ मछुआरे और आम जन समुद्र देव की पूजा करते हैं। दक्षिण भारत में यद्यपि पंचांग की गणना अमावस्यांत कैलेंडर के कारण तिथियां थोड़ी भिन्न होती हैं, लेकिन वहाँ भी मानसून के आगमन और शिव मंदिरों में विशेष अनुष्ठानों का उत्साह और उमंग बिल्कुल समान होता है।

इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलता है कि सावन चातुर्मास का वह अहम समय होता था जब प्राचीन काल में व्यापारिक और सैन्य यात्राएँ रोक दी जाती थीं। संत-महात्मा, विद्वान और यहाँ तक कि राजा-महाराजा भी एक ही स्थान पर रुककर अपना समय धर्म, साहित्य, कला और जनकल्याण के चिंतन में व्यतीत करते थे।

वर्तमान में सावन का यह उत्सव अपने पारंपरिक स्वरूप के साथ-साथ आधुनिकता के रंग में भी पूरी तरह ढल चुका है। आज के समय में लोग मंदिरों में जाकर रुद्राभिषेक तो करते ही हैं, साथ ही शहरी जीवन में तीज मिलन समारोह, डिजाइनर परिधानों के साथ सांस्कृतिक संध्याएं और सोशल मीडिया के माध्यम से भक्ति गीतों का आनंद भी लेते हैं। युवा वर्ग पूरे जोश और ऊर्जा के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल होता है, जिसमें अब आधुनिक सुविधाएं, डीजे की धुनें और समाजसेवियों द्वारा लगाए गए विशाल सेवा शिविर भी देखने को मिलते हैं, जो इस प्राचीन पर्व को एक नया सामाजिक विस्तार देते हैं।

इस वर्ष सावन का पवित्र महीना 30 जुलाई से आरंभ होकर 28 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के साथ संपन्न होगा। इस पावन मास में शिवभक्तों के लिए सोमवार के व्रत का विशेष महत्व है, जो क्रमशः 3 अगस्त, 10 अगस्त, 17 अगस्त और 24 अगस्त को रखे जाएंगे। व्रतों और त्योहारों की इस सतत श्रृंखला में 9 अगस्त को कामिका एकादशी का व्रत एवं सावन शिवरात्रि 11 अगस्त को मनेगा जिसमें जलाभिषेक सर्वाधिक पुण्य माना जाता है। इसके पश्चात 15 अगस्त को सुहागिन स्त्रियों का प्रिय पर्व हरियाली तीज मनाया जाएगा, जिसमें वे माता पार्वती और भगवान शिव की आराधना कर अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी। प्रकृति और जीवों के प्रति सम्मान दर्शाने वाला नाग पंचमी का पर्व 17 अगस्त को मनाया जाएगा और 23 अगस्त को श्रावण पुत्रदा एकादशी का व्रत रखा जाएगा। अंततः 28 अगस्त को भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन के पावन पर्व और श्रावण पूर्णिमा के साथ ही भक्ति, उल्लास और सामाजिक समरसता से भरा यह सावन मास अपनी पूर्णता को प्राप्त करेगा। सावन का यह पूरा कालखंड मनुष्य को यह सिखाता है कि जिस तरह बारिश की बूंदें धरती की तपन बुझाती हैं, उसी तरह ईश्वर की भक्ति और प्रकृति का सान्निध्य मनुष्य के मन की हर पीड़ा को हर कर उसे नवजीवन से भर देता है।

# जर्सी का रंग नहीं, खेल की गरिमा बचाने की जरूरत

● कुमार कृष्णन

भारतीय हॉकी टीम की नई यूनिफॉर्म में केसरिया रंग के प्रयोग को लेकर शुरू हुई बहस अब केवल खेल तक सीमित नहीं रही। यह विवाद राजनीति, इतिहास, सांस्कृतिक प्रतीकों और राष्ट्रीय पहचान के प्रश्नों तक पहुँच गया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बयान के बाद यह मुद्दा संसद से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा का विषय बन गया। सत्ता पक्ष इसे भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बता रहा है, जबकि विपक्ष इसे प्रतीकों की राजनीति से जोड़कर देख रहा है। ऐसे में मूल प्रश्न यह नहीं है कि जर्सी का रंग क्या है, बल्कि यह है कि क्या खेल भी अब वैचारिक संघर्ष का नया मैदान बनते जा रहे हैं।

लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है। सरकार के निर्णयों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है और जवाब देना सरकार की जिम्मेदारी। लेकिन जब राष्ट्रीय टीम की जर्सी का रंग खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बड़ा मुद्दा बन जाए, तो यह चिंता का विषय है। खेलों की आत्मा प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और उत्कृष्टता में निहित होती है। यदि चर्चा खिलाड़ियों की उपलब्धियों के बजाय उनकी पोशाक पर केंद्रित हो जाए, तो यह खेल संस्कृति के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता।

भारत में रंग केवल रंग नहीं, बल्कि गहरे सांस्कृतिक अर्थों से जुड़े प्रतीक हैं। केसरिया त्याग, साहस, तप और बलिदान का प्रतीक माना जाता है और राष्ट्रीय ध्वज में भी इसे प्रमुख स्थान प्राप्त है। इसलिए खेल पोशाक में इसका उपयोग स्वाभाविक माना जा सकता है। वहीं लोकतंत्र में किसी भी निर्णय पर सवाल उठाना भी समान रूप से जरूरी है। समस्या तब पैदा होती है जब सांस्कृतिक प्रतीकों की व्याख्या राजनीतिक ध्रुवीकरण का माध्यम बन जाती है।

प्रियंका गांधी का बयान कि रंग बदलने से सोच नहीं बदलती एक व्यापक संदेश देता है कि राष्ट्र निर्माण केवल प्रतीकों से नहीं होता। शिक्षा, रोजगार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, खेल ढांचा और सामाजिक न्याय ही असली ताकत हैं। दूसरी ओर, सत्ता पक्ष का तर्क है कि केसरिया किसी दल का नहीं बल्कि भारतीय परंपरा का प्रतीक है। यही कारण है कि यह बहस खेल से आगे बढ़कर सांस्कृतिक विमर्श का रूप ले चुकी है।

यह पहली बार नहीं है जब किसी प्रतीक को लेकर विवाद हुआ हो। पिछले वर्षों में इतिहास, नामकरण और सांस्कृतिक विरासत पर कई बहसें हुई हैं। इससे स्पष्ट है कि पहचान की राजनीति अब सार्वजनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी है। हॉकी जर्सी का विवाद भी उसी क्रम की एक कड़ी है।

इस पूरे विवाद में सबसे अधिक उपेक्षित खिलाड़ी हैं। भारतीय हॉकी इस समय पुनरुत्थान के दौर में है। पुरुष और महिला दोनों टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। खिलाड़ियों की मेहनत और प्रशिक्षण के कारण भारत फिर विश्व हॉकी में अपनी पहचान बना रहा है। ऐसे समय में यदि चर्चा खेल के बजाय जर्सी पर केंद्रित हो, तो यह उचित नहीं है।

खेल समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं। वे भाषा, धर्म और विचारधाराओं की सीमाओं को मिटाते हैं। खिलाड़ी देश के लिए खेलता है और दर्शक उसकी सफलता में अपना गौरव देखते हैं। इतिहास गवाह है कि खेलों का उपयोग कई बार राजनीतिक संदेश देने के लिए हुआ है, लेकिन जब राजनीति हावी हो जाती है तो नुकसान खेल भावना को होता है।

भारत के खेल इतिहास में हॉकी का विशेष स्थान है। 1948 के ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना देश के आत्मसम्मान का प्रतीक था। मेजर ध्यानचंद की विरासत आज भी प्रेरणा देती है। हाल के वर्षों में भारतीय हॉकी ने जो वापसी की है, वह सराहनीय है और इसे प्रोत्साहन की जरूरत है।

आज जरूरत इस बात की है कि चर्चा खिलाड़ियों के प्रदर्शन, प्रशिक्षण और सुविधाओं पर हो। यदि बहस केवल जर्सी के रंग तक सीमित रह जाए, तो यह खेल के विकास में बाधा बन सकती है। खिलाड़ियों का मूल्यांकन उनके खेल से होना चाहिए, न कि उनकी पोशाक से।

लोकतंत्र में प्रतीकों का महत्व है, लेकिन वे नीतियों का विकल्प नहीं हो सकते। खेलों को मजबूत बनाने के लिए बेहतर ढांचा, पारदर्शिता और अवसर जरूरी हैं। मीडिया और राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी है कि वे खेलों को अनावश्यक विवादों से दूर रखें।

अंततः खिलाड़ी की पहचान उसकी जर्सी का रंग नहीं, बल्कि उसके सीने पर लगा तिरंगा होता है। वही उसकी असली पहचान और प्रेरणा है। इसलिए आवश्यक है कि खेलों की गरिमा को बनाए रखा जाए और उन्हें राजनीतिक विवादों से ऊपर रखा जाए।




**मेष:** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृषभ:** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मिथुन:** पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा।

**सिंह:** संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर नजर रखिए। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

**कन्या:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**तुला:** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**वृश्चिक:** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं।

**धनु:** घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा।

**मकर:** भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी।

**कुंभ:** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी।

**मीन:** आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।

# कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**जींद।** जिला अदालत को बम को उड़ाने की मेल पर मिली धमकी को लेकर शुक्रवार को पुलिस ने बम निरोध दस्ते तथा डॉग स्कवायड के साथ अदालत परिसर में सर्च अभियान चलाया। अदालत परिसर में आने वाले लोगों की तलाशी ली गई। संदिग्ध लोगों को वेरिफाई भी किया गया। लगभग साढ़े चार घंटे चले सर्च अभियान के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। स्वयं एसपी कुलदीप सिंह ने भी मौके पर पहुंच गहनता से जांच की। हालांकि अदालतों का कामकाज सुचारू रूप से चलता रहा। धमकी भरी मेल को कहां से भेजा गया, इसकी पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार सैशन जज की मेल पर शुक्रवार को सुबह धमकी भरी मेल मिली। जिसमें अदालत को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सूचना मिलने के साथ ही पुलिस हरकत में आ गई और कोर्ट परिसर की चौकसी को बढा दिया गया। इसके साथ-साथ पुलिस का बम निरोधक, डॉग स्कवायड दस्ता अपने उपकरणों के साथ पहुंच गया। जिसके साथ परिसर में बारिकी से सर्च अभियान चलाया गया। अदालत परिसर में आने-जाने वाले लोगों की गहनता से तलाशी ली गई। जो संदिग्ध दिखाई दिए उन्हें वेरीफाई किया गया। हालांकि अदालत परिसर में ज्यादा भीड़ नहीं थी। लगभग साढ़े चार घंटे तक अदालत परिसर को खंगाला गया।

सर्च अभियान के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाया गया। ज्यादातर लोग सर्च अभियान को स्वतंत्रता दिवस के मध्यनजर सुरक्षा को लेकर उठाया गया कदम मानते रहे। लोग व अधिवक्ता आराम से अपने कामों को निपटाते हुए दिखाई दिए। धमकी किस मेल से भेजी गई, उसका आईपी एड्रेस कहां का है, समेत अन्य तथ्यों का पुलिस पता लगाने में लगी है।

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि स्वतंत्र दिवस के मद्देनजर जींद पुलिस अलर्ट मोड पर है। सैशन जज की मेल पर बम से अदालत परिसर को उड़ाने की धमकी मिली थी। जिस पर सघन तलाशी एवं चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस सर्च अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

## फतेहाबाद कोर्ट को भी मिली धमकी, जांच के बाद पटरी पर लौटा कामकाज

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिला न्यायिक परिसर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को पूरे प्रशासनिक अमले में हडक़ंप मच गया। यह धमकी जिला सेशन कोर्ट की आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक धमकी भरे मेल के जरिए भेजी गई है, जिसमें साफ तौर पर 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे लिखे गए हैं। धमकी की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे कोर्ट परिसर को तुरंत खाली करवा दिया और सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए। इसके बाद हिसार से डॉग स्क्वॉयड और बम डिस्पोजल दस्ते की टीम को बुलाया गया। टीम ने कोर्ट परिसर में जांच शुरू की। करीब दो घंटे से भी ज्यादा समय तक जांच पड़ताल के बाद कोर्ट परिसर को आवागमन के लिए खोल दिया गया। दोपहर बाद कोर्ट परिसर में कामकाज शुरू हो सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेशन कोर्ट को मिली ईमेल में असामाजिक तत्वों ने चुनौती देते हुए लिखा कि दोपहर को जिला कोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा। जैसे ही इस मेल की सूचना अधिकारियों तक पहुंची, अदालत परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

प्रशासन ने बिना कोई जोखिम लिए तुरंत अदालती कार्यवाही रुकवाई और वकीलों, कर्मचारियों तथा आम जनता को सुरक्षित बाहर निकालकर पूरे परिसर को खाली करवा लिया। एहतियात के तौर पर कोर्ट के सभी मुख्य द्वारों को बंद कर वहाँ भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर तुरंत भारी पुलिस बल के साथ कोर्ट परिसर पहुंचीं और स्थिति का जायज़ा लिया।

सिटी थाना प्रभारी सुरेंद्रा की टीम ने पूरे इलाके को सील कर सुरक्षा घेरा बना लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए हिसार से डॉग स्क्वॉयड और बम डिस्पोजल दस्ते को मौके पर बुलाया गया।

# जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही नहीं चलेगी: मंत्री गंगवा

## अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**अशोक कुमार, हरियाणा मेल**



**हिसार।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

रणबीर गंगवा ने अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। सभी विभाग समयबद्ध, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण ही सुशासन की पहचान है और राज्य सरकार इसी सोच के साथ कार्य कर रही है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी केवल विकास कार्य करवाना ही नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना भी है।

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने सड़क, पेयजल, सीवरेज, बिजली और अन्य स्थानीय समस्याओं सहित कई मुद्दों से मंत्री को अवगत कराया। रणबीर गंगवा ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और अधिकांश मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शेष मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने को कहा। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

## खबरें फटाफट

### पुलिस ने अफीम व कार सहित आरोपी को पकड़ा

**हिसार।** सीआईए टीम ने एक आरोपी को एक किलो 160 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में प्रयुक्त एक टाटा टियागो कार भी कब्जे में ली है। सीआईए प्रभारी पीएसआई कर्ण सिंह ने शुक्रवार को बताया कि उनकी टीम के उप निरीक्षक विजय सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त, अपराध नियंत्रण एवं नशा तस्करों की धरपकड़ के संबंध में हरिकोट बस स्टेंड क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक कार में बैठा है और उसके पास मादक पदार्थ है। सूचना के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और टाटा टियागो कार में बैठे युवक को काबू कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक किलो 160 ग्राम अफीम बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान मंगाली सुरतिया निवासी राहुल के रूप में हुई है। उस पर आजाद नगर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है।

### घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार, जान से मारने की भी दी थी धमकी

**हिसार।** थाना एचटीएम पुलिस ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान धर्मराज निवासी गांव रतेरा, जिला भिवानी, हाल शिव नगर, हिसार के रूप में हुई है। थाना प्रभारी एचटीएम पीएसआई विकास कुमार ने बताया कि 30 जुलाई को शिव नगर निवासी पीड़िता की माता की शिकायत पर थाना एचटीएम में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, वह किसी कार्य से घर से बाहर गई हुई थी, जबकि उसका पति भी काम पर गया था। इसी दौरान आरोपी उनके घर में घुस आया और घर में मौजूद उनकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच उप निरीक्षक बबीता को सौंपी गई। जांच के दौरान पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी धर्मराज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को नियमानुसार अदालत में पेश करेगी, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नकदी व मोबाइल लूट के चार आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

**हिसार।** अग्रोहा थाना पुलिस ने लूट के एक मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया है। इस संबंध में अग्रोहा निवासी चिराग ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 13 जून की रात लगभग 9:40 बजे वह अपनी बेकरी की दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान चार युवक दुकान पर आए, जिनमें से एक ने पिस्तोल तानकर जान से मारने की धमकी दी, जबकि अन्य साथियों ने उसे डराकर 40 हजार रुपये की नकदी तथा सैमसंग मोबाइल फोन लूट लिया और मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर अग्रोहा थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### एटीएम के एसी कैबिन में सोता मिला पंजाब रोडवेज का कंडक्टर

**सिरसा।** सिरसा के एक एटीएम के एसी कैबिन में अंडरवियर-बनियान में गद्दा डालकर सो रहे एक व्यक्ति का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। एटीएम में पैसे निकालने उपभोक्ता पहुंचा तो वह हैरान रह गया। आनन-फानन में सो रहे व्यक्ति ने अपना बिस्तर समेटा और चलता बना। बताया जा रहा है कि यह व्यक्ति पंजाब रोडवेज में कंडक्टर है और रात को गर्मी अधिक होने के कारण एटीएम के एसी कैबिन में सोने चला गया। सिरसा के बस अड्डा पर इंडसंइड बैंक का एटीम लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार अलसुबह एक उपभोक्ता पैसे निकालने पहुंचा तो एटीम के कैबिन में अंडरवियर और बनियान में एक व्यक्ति सो रहा था, जिसे देखकर वह हैरान हो गया। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सो रहे व्यक्ति को जगाया तो वह बहसबाजी करने लगा।

# सीवर में उतरने से पहले गैस जांच अनिवार्य

## सुरक्षा उपकरणों के बिना सफाई नहीं : विशेषज्ञ

**महेंद्र गोयल, हरियाणा मेल**



**हिसार।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से शुक्रवार को ब्राह्मण धर्मशाला में सीवरमैन एवं सीवर सफाई कार्य से जुड़े कर्मचारियों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों को सीवर एवं मैनहोल की सफाई के दौरान होने वाले संभावित खतरों से अवगत कराना और सुरक्षा मानकों के पालन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता, उप मंडल अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, सुपरवाइजर तथा बड़ी संख्या में सीवर सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

सुरक्षा प्रशिक्षक गौरव कालिया ने कहा कि सीवर और मैनहोल की सफाई अत्यंत जोखिमपूर्ण कार्य है। इनमें जहरीली गैसों का रिसाव, ऑक्सीजन की कमी, संक्रमण और अन्य गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कर्मचारी को बिना गैस जांच और सुरक्षा उपकरणों के सीवर में प्रवेश नहीं करना चाहिए। कार्य शुरू करने से पहले गैस डिटेक्टर से गैस की जांच, पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था तथा सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए।

प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा हेलमेट, दस्ताने, गमबूट, रिफ्लेक्टिव जैकेट, सेफ्टी हार्नेस, लाइफ लाइन, गैस डिटेक्टर, ऑक्सीजन मास्क, रेस्क्यू उपकरण और फर्स्ट-एड किट के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार और दुर्घटना होने पर अपनाई जाने वाली आवश्यक प्रक्रियाओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यकारी अभियंता बलकार सिंह ने कर्मचारियों से सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि विभाग सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सीवर सफाई कार्य को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए आधुनिक मशीनों और यांत्रिक उपकरणों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी नवीनतम तकनीकों और मानकों की जानकारी मिलती रहे।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां तेज, 13 अगस्त को होगी फाइनल ड्रेस रिहर्सल

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हिसार।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों एवं संगीत शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन ने विद्यालय प्रमुखों को कार्यक्रमों की गुणवत्ता, अनुशासन और प्रभावी प्रस्तुति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार ने की। जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन उपमंडल अधिकारी (एसडीएम), नगराधीश एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यालयों से देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और हरियाणवी सांस्कृतिक विरासत पर आधारित आकर्षक एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियां तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि चयनित टीमों की फाइनल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त 2026 को आयोजित होगी।

# पुलिस व पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाने का अभियान

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फतेहाबाद।** शहर में लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था और रोजाना बनने वाले भारी जाम से आम जनता को निजात दिलाने के लिए नगर परिषद और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार तडक़े प्रशासनिक अभियान चलाया। गुरुवार को दिए गए 24 घंटे के अल्टीमेटम की अवधि समाप्त होते ही संयुक्त टीम दुकानें खुलने से पहले ही सुबह-सुबह बाजारों में उतर आई। टीम ने हंस मार्केट से लेकर थाना रोड तक सडक़ों पर अवैध रूप से कब्जा जमाए रेहड़ी चालकों, दुकानदारों द्वारा बाहर रखे गए साइन बोर्ड, होर्डिंग्स को हटवा दिया और सामान को ट्रैक्टर-ट्राली में डालकर कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के बाद जो बाजार रोजाना सुबह 9 बजे से ही जाम की गिरफ्त में आ जाते थे, वे शुक्रवार को पूरी तरह से खुले, चौड़े और सुचारू नजर आए। शुक्रवार सुबह जैसे ही नगर परिषद के स्वच्छता निरीक्षक महेश कुमार और ट्रैफिक थाना प्रभारी जयसिंह के नेतृत्व में टीम हंस मार्केट पहुंची, वहां हडक़ंप मच गया। अधिकांश अतिक्रमणकारियों को भनक तक नहीं लगी और टीम ने एक-एक कर अवैध रेहडियों को हटवाना शुरू कर दिया।

कार्रवाई के दौरान थाना रोड पर उस समय माहौल गर्मा गया जब बाजार में खड़ी एक बग्गी को पुलिसकर्मी हटाने लगे। इस पर बग्गी संचालक बेहद भडक़ गया और उसने गुस्से में आकर यहाँ तक कह दिया, फांसी डाल दो मेरे! कभी रेहड़ी वालों को धमका रहे हो, कभी किसी और को। सिर्फ गरीब पर ही जोर चल रहा है आपका। हमारी ही हड्डी दिख रही है तोडऩे के लिए, हिम्मत है तो पैसे वालों की हड्डी तोड़ो।

# चार पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ तीन काबू

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**जींद।** अलग-अलग स्थानों से जिला पुलिस ने तीन युवकों को काबू कर उनके कब्जे से चार पिस्तौल तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव शामलो कलां नहर पूल पर दो युवक अवैध असलहा लिए खड़े हुए हैं, जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को काबू कर लिया।

पुलिसकर्मियों ने एक युवक की तलाशी ली, तो उसके कब्जे से दो पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। जिसकी पहचान गांव शामलो कलां निवासी मोहित के रूप में हुई। जबकि उसके दूसरे साथी की पहचान मनीष के रूप में हुई। जिसके पास से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। वहीं सीआईए स्टाफ ने गांव अहिरका के निकट गांव रजाना कलां निवासी अजमेर को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। संबंधित थाना पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# वाहन की टक्कर में खेत से लौट रहे किसान की मौत

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**जींद।** गावं कर्मगढ़-कान्हाखेड़ा रोड पर खेत से लौट रहे किसान की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। चालक घटना को अंजाम देकर वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कर्मगढ़ निवासी दलबीर गत 29 जुलाई रात को खेत में गया था। देर रात को वह जब घर लौट रहा था तो कान्हाखेड़ा रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें दलबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

दलबीर को नागरिक अस्पताल लाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के भतीजे विकास की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी सर्बेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक खेत में गया था, रास्ते में हुए हादसे में उसकी मौत हो गई। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को तैनात होंगे पुलिस के 500 सुरक्षाकर्मी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फतेहाबाद।** आगामी कांवड़ यात्रा-2026 के पावन अवसर पर शिवभक्तों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सडक़ों पर सुगम व निर्बाध यातायात संचालन सुनिश्चित करने के लिए फतेहाबाद पुलिस ने व्यापक एवं बहुस्तरीय सुरक्षा खाका तैयार किया है। 11 अगस्त तक चलने वाली इस धार्मिक यात्रा के दौरान हरिद्वार से आने वाले हजारों कांवडिए जिले के विभिन्न रास्तों से गुजरेंगे। श्रद्धालुओं की यात्रा को पूरी तरह सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सुविधाजनक बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शुक्रवार को एसपी निकिता खट्टर ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना, असामाजिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों या कानून-व्यवस्था बिगडऩे की स्थिति से निपटने के लिए मजबूत सुरक्षा तंत्र लागू किया गया है। यात्रा मार्गों पर लगभग 500 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त, जिले के सभी थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, पीसीआर, ईआरवी तथा पुलिस राइडर टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में चौबीसों घंटे निरंतर गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके। कांवडियों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस ने प्रमुख संवेदनशील मार्गों पर विशेष पुलिस बल तैनात किया है। इनमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग-09 हिसार सीमा से फतेहाबाद सीमा तक, स्टेट हाईवे-02 सनियाना-भूना-फतेहाबाद मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग-148बी नरवाना-टोहाना-कुलां-रतिया-हांसपुर मार्ग, जिला मुख्य मार्ग-103 खाराखेड़ी से भट्टू कलां तथा स्टेट हाईवे-02 भट्टू कलां से फतेहाबाद होते हुए रतिया शामिल हैं। डीएसपी यातायात बने जिला नोडल अधिकारी कांवड़ यात्रा के दौरान संपूर्ण सुरक्षा प्रबंधों और ट्रैफिक व्यवस्था की सुचारू निगरानी के लिए उप पुलिस अधीक्षक यातायात जयसिंह को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# मतदाता सूची का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

रेशनलाइजेशन के बाद जिले में 59 नए मतदान केंद्र



**फतेहाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत फतेहाबाद जिले में फोटो मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया हैं। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस में राजनैतिक दलों व निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन, दावे एवं आपत्तियों की अवधि तथा एएसडीडी सूची से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीसी अनुराग ढालिया ने बताया कि आज फोटोयुक्त मतदाता सूची तथा सैनिक मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन सभी मतदान केन्द्रों तथा अन्य प्रकाशन स्थलों पर विधिवत रूप से किया गया है। जिले में कुल 659694 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 348669 पुरुष, 311010 महिला तथा 15 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। टोहाना विधानसभा क्षेत्र में कुल 216404 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 114428 पुरुष, महिला 101973 तथा 3 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुल 235739 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 124735 पुरुष, 110995 महिला तथा 9 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। रतिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 207551 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 109506 पुरुष, 98042 महिला तथा 3 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन के बाद जिले में 59 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अब जिले में कुल 767 मतदान केंद्र होंगे।

उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल नहीं है तो वह निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है।

**यह रहेगा एसआईआर का शेड्यूल**

31 जुलाई से 30 अगस्त, 2026 तक दावे एवं आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। इस अवधि में नागरिक नए नाम जोडने, नाम हटाने अथवा आवश्यक संशोधन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

प्राप्त सभी दावों एवं आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नोटिस जारी किए जाएंगे। सभी दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 28 सितंबर तक पूरा किया जाएगा। सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद 3 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। यदि कोई नागरिक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के निर्णय से संतुष्ट नहीं होता है तो उसे नियमानुसार अपील करने का अधिकार प्राप्त है।

# न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने केंद्रीय कारागार-1 का किया निरीक्षण

## बंदियों से संवाद कर दिए आवश्यक निर्देश

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**हिसार।** हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने शुक्रवार को आयोग के सदस्यों कुलदीप जैन और दीप भाटिया के साथ हिसार का दौरा किया। उन्होंने केंद्रीय कारागार-1 का गहन निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर मानवाधिकार मामलों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान आयोग की टीम ने कारागार की बैरकों, रसोईघर, अस्पताल, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, पुस्तकालय, विधिक सहायता कक्ष तथा महिला एवं किशोर बंदियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। न्यायमूर्ति बत्रा ने बंदियों से सीधे संवाद कर उनके स्वास्थ्य, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, कानूनी सहायता और परिवारजनों से मुलाकात की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। बंदियों द्वारा रखी गई समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के मानवाधिकारों की रक्षा प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। कारागार प्रशासन को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी बंदियों के साथ मानवीय एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस के पुख्ता प्रबंध

# मुख्य बिंदुओं पर लगे नाके

**हरिदास, हरियाणा मेल**

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस की ओर से हरिद्वार व नीलकंठ इत्यादि धार्मिक स्थानों से कांवड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन ने जिला कुरुक्षेत्र से गुजरने वाले कावड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता प्रबन्ध किये हैं। सभी थाना प्रभारियों को कड़ी चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन ने बताया कि 30 जुलाई से शुरू हुई कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु हरिद्वार व नीलकंठ इत्यादि धार्मिक स्थानों से कावड़ लेकर अपने गंतव्य की तरफ प्रस्थान शुरू हो चुका है। ऐसे में पंजाब व राजस्थान के लाखों कांवड़ यात्री जिला कुरुक्षेत्र से होकर गुजरेंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से जिला में चिन्हित 15 मुख्य बिंदुओं पर नाके स्थापित किए गए हैं। जिन भी मार्गों से कावड़ यात्री गुजरेंगे, उन सभी मार्गों पर पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के अलावा मुख्य चौक चौराहों पर बैरिकेडिंग की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि



जिला पुलिस की ई-आरवी डायल-112 सेवा व मोटरसाईकिल राइडर, पेट्रोलिंग तथा पैदल गश्त पार्टियां कावड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे तैनात रहेगी। इसके अलावा फायर ब्रिगेड, क्रेन व एंबुलेंस की व्यवस्था भी अलग से करवाई गई है। इसके अलावा यातायात थाना प्रभारियों को भी निर्देश जारी किए हैं कि जिला में कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार की यातायात संबंधी बाधा उत्पन्न न होने पाए ।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस प्रशासन की और ने श्रद्धालुओं अपील करते हुए कहा गया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें तथा सरकार द्वारा गाइड लाइन की पालना करें। इसके अलावा डीजे या लाउड स्पीकर का प्रयोग न करें तथा सड़क किनारे सुरक्षित दिशा में यात्रा करें।

### 15 मुख्य बिंदुओं पर नाके स्थापित किए गए हैं : पुलिस अधीक्षक

पुलिस प्रवक्ता के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र में कावड यात्रियों की सुविधा के लिया तथा यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिये जिला कुरुक्षेत्र में 15 मुख्य स्थानों पर नाके लगये गए हैं। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र-यमुनानगर बॉर्डर बदशामी, इंद्री चौंक लाडवा, रामकुण्डी चौंक लाडवा, पीर बाबा चौंक लाडवा, बराडा चौंक बाबैन, गीता द्वार पीपली, सैक्टर 2/3 कट, उमरी चौंक, देवी लाल चौंक, थर्ड गेट केयूके, ढांड रोड मिर्जापुर, पेहवा कुरुक्षेत्र रोड मिर्जापुर मोड़, पेहवा बाईपास 152-डी, शाहबाद में जलेबी पुल, शाहा पुल के नीचे पर नाके लगये गए हैं। इसके साथ-साथ सुरक्षा के मध्यनजर जिला में अलग-अलग स्थानों पर 8 फायर ब्रिगेड की गाइड, 8 एम्बुलेंस तथा एक क्रेन को तैनात किया गय है।

## अद्वितीय साहस और वीरता के प्रतीक थे शहीद ऊधम सिंह

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**करनाल।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने आज शहीद ऊधम सिंह के बलिदान दिवस पर करनाल स्थित शहीद ऊधम सिंह कम्बोज चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और जिलाध्यक्ष ने गांव घीड में शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में भाग लिया और उनकी प्रतिमा पर नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

इस अवसर पर उनके साथ प्रधान कर्ण सिंह कम्बोज, जनरल सेक्रेटरी श्याम लाल , कम्बोज धर्मशाला के प्रधान विनोद कुमार घीड़ में आयोजित कार्यक्रम में सांगोहा मंडल अध्यक्ष जॉनी शर्मा, ब्लॉक समिति सदस्य जॉनी कम्बोज, सरपंच जसबीर लाठर, सरपंच पंकज कम्बोज सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं समाज के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शहीद ऊधम सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि आज 31 जुलाई शहीद उधम सिंह का बलिदान दिवस है। शहीद ऊधम सिंह का जन्म 26 दिसंबर, 1899 को संगरूर जिले के सुनाम में शेर सिंह के रूप में हुआ था।

## सावन मास के दूसरे दिन भी काशी विश्वनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

### कैंट रेलवे स्टेशन से लेकर बाबा विश्वनाथ के दरबार तक गूंजा 'हर-हर महादेव' का जयघोष

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी में श्रावण मास के दूसरे दिन शुक्रवार को भी श्री काशी विश्वनाथ धाम में शिवभक्तों और कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ी। अलसुबह से ही श्रद्धालु पवित्र गंगा में स्नान कर गंगाजल लेकर बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध होकर मंदिर पहुंचते रहे। वहीं, चौबेपुर के कैथी स्थित प्रसिद्ध मार्कंडेय महादेव धाम में भी दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

कैंट रेलवे स्टेशन से लेकर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर तक कांवड़ियों के जत्थे 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष के साथ आगे बढ़ते दिखाई दिए। पूरे मार्ग और धाम परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में रेड कार्पेट बिछाया गया है, जिससे कांवड़ियों और दर्शनार्थियों को सुगमता से आवागमन में मदद मिल रही है।

श्रावण मास में उमड़ रही भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मंदिर प्रशासन, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी में जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि सावन के पहले दिन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन-पूजन किए थे। प्रशासन का अनुमान है कि पूरे सावन माह में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होगी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से धाम परिसर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को व्यवस्थित एवं सहज दर्शन मिल सकें।

## खबरें फटाफट

### आढ़ती पर हमला करने के मुख्य साजिशकर्ता सहित 3 गिरफ्तार




**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने सब्जी मंडी में आढती पर हमला करने के मुख्य साजिश कर्ता सहित 3 आरोपियों को काबू किया है तथा 2 नाबालिग आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है।पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने सब्जी मंडी में आढती पर हमला करने के मुख्य आरोपी अंकुश शर्मा, साहिल शर्मा व रुद्रदेव उर्फ़ देव वासीयान अमीन जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है तथा अमीन वासी 2 नाबालिग आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है।जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक कुमार ने बताया कि दिनांक 27 जुलाई 26 को पुलिस को दिए अपने बयान में संजेश कुमार वासी गोबिन्द गढ जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसकी सब्जी मण्डी कुरुक्षेत्र में दुकान है जिसमे वह सब्जी व फ्रूट का काम करता है।दिनांक 26/27 की रात को वह अपनी दुकान पर था, समय करीब 2-30 सुबह उसके पास बिल्लू वासी अमीन का फोन आया कि क्या कर रहे हो।उसने कहा कि माल बेच रहा है तो उसने कहा कि वह उसके आपके पास आ रहा है। उसके बाद वह मॉल बेचने लग गया और 15/20 मिन्ट बाद एक लडका उसके पास आया और कहने लगा कि आप ही संजय हो तो उसके हां कहते ही उसने अपने साथियों को भी बुला लिया।उन सभी ने मिलकर उसे लाठियों से पीटना शुरू कर दिया।उसके साथी आढतियों ने उसे छुडाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की।उसने शौचालय मे छिपकर अपनी जान बचाई।जाकर आरोपी उसकी गुथी से 1 लाख 15 हजार रूपये निकालकर जान से मारने की धमकी देकर मौका से भाग गए।उसे ईलाज के लिए प्राइवेट हस्पताल में दाखिल करवाया गया।जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 द्वारा की गई।

### भैंस चोरी करने के 3 आरोपी गिरफ्तार




**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने भैंस चोरी करने के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने भैंस चोरी करने के आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ़ जुम्मन वासी ददनौर जिला सहारनपुर यूपी, जीशान उर्फ़ फान्ना वासी हरोडा जिला सहारनपुर यूपी व अब्दुल सत्तार वासी क़स्बा बेहट जिला सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में रूप सिंह वासी गांव लोहारा डेरा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि दिनांक 24 जून 2026 की रात को लगभग 2 बजे उसके घर से उसकी भैंस को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए।सुबह जब वह अपनी भैंस को चारा डालने के लिए गया तो उसे उसकी भैंस नहीं मिली।दिनांक 24 जून 2026 को सुबह गांव लोहारा के मेन गेट के पास उसकी कटड़ी बरामद हुई परंतु उसकी भैंस नहीं मिली।जिसकी शिकायत पर थाना लडवा में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को सौंपी गई।दिनांक 30 जुलाई 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक के मार्गनिर्देश में मुख्य सिपाही भजन सिंह, पीएसआई राहुल, पवन कुमार की टीम ने भैंस चोरी करने के आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ़ जुम्मन वासी ददनौर जिला सहारनपुर यूपी, जीशान उर्फ़ फान्ना वासी हरोडा जिला सहारनपुर यूपी व अब्दुल सत्तार वासी क़स्बा बेहट जिला सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार कर लिया।

## भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हो ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा

### जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया मासिक निरीक्षण



**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को तहसील सदर स्थित निर्वाचन कार्यालय के ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मासिक बाह्य निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की संख्या, उनकी कार्यशीलता, कंट्रोल रूम की व्यवस्था, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों की सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के बाहरी हिस्से में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी समेत संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने सुरक्षा गार्डों की शिफ्टवार तैनाती, प्रवेश नियंत्रण तथा वेयरहाउस की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

## कान्वेंट स्कूल में जागरूकता शिविर आयोजित



**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा और सीजेएम व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव के मार्गदर्शन में शुक्रवार को कान्वेंट स्कूल सेक्टर 9 में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पैनल अधिवक्ता मोनिका शर्मा ने विद्यार्थियों के लिए कानूनी जागरूकता कक्षा का आयोजन कर उन्हें यौन उत्पीड़न अधिनियम, साइबर क्राइम व बच्चों संबंधित नालसा योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को यौन उत्पीड़न के मामलों को अपने अध्यापकों या परिवार को रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों को मुफ्त कानूनी सलाह व सहायता बारे जानकारी दी और चाइल्डलाइन हेल्पलाइन नम्बर व नालसा हेल्पलाइन नंबर बारे जागरूक किया।

## विधायक डॉ. नीलकंठ ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**वाराणसी।** वाराणसी दक्षिणी विधानसभा में 76 दिवसीय वार्ड प्रवास कार्यक्रम में 13 वें दिन शुक्रवार को विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के दुर्गाकुंड वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने पार्कों, सड़कों, धार्मिक स्थलों के बाहर झाड़ू लगाया।

स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने क्षेत्र के नागरिकों की समस्या और परेशानी को सुना एवं सुझाव के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में गली वॉक करते हुए स्वच्छता कार्यक्रम का यह एक और चरण चल रहा है। जिसमें वार्ड वार्ड जाकर के वहां की स्वच्छता व्यवस्था को देखने के साथ ही वह स्वयं भी झाड़ू चला रहे हैं। उनके साथ में भाजपा के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दिए हुए स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ाते हुए निरंतर एक-एक कदम बढ़ा जा रहा है।

## व्यापारियों के सुझावों से होगा कर्ण नगरी के बाजारों का सुनियोजित विकास : महापौर

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र कुंजपुरा रोड के समग्र एवं सुनियोजित विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को लीला ग्रैंड होटल में कुंजपुरा रोड मार्केट एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक में करनाल विधायक जगमोहन आनंद तथा महापौर रेणु बाला गुप्ता ने व्यापारियों के साथ विस्तार से संवाद में बाजार के विकास, जनसुविधाओं और व्यापारिक हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा की। बैठक में व्यापारियों ने भी अपनी विभिन्न समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को प्रमुखता से रखा।

इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापारी वर्ग किसी भी शहर की आर्थिक प्रगति की मजबूत नींव है। प्रदेश सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा तथा बाजारों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के सुझावों को विकास योजनाओं में उचित प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे करनाल के बाजार और अधिक व्यवस्थित एवं आधुनिक बन सकें।

## अतिथि अध्यापकों ने करना था मुख्यमंत्री आवास का घेराव

### प्रशासन ने बैरिकेटिंग कर रोका

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में आज अतिथि अध्यापकों के द्वारा सीएम हाउस का घेराव करने का ऐलान किया गया था लेकिन प्रशासन ने अध्यापकों को जिंदल चौक पर बैरिकेडिंग लगा रोक दिया जहां से सात लोगों का एक डेलिगेशन सरकार के साथ बातचीत करने के लिए मुख्यमंत्री आवास तक गया।



अतिथि अध्यापक पिछले लंबे समय से नौकरी पक्का करने और सरकारी अध्यापकों के सम्मान वेतन,सरकारी अध्यापकों को अन्य मिलने वाली सुविधा को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं पिछले दिनों कोर्ट भी अध्यापकों के पक्ष में अपना फैसला सुना चुका है लेकिन उसके बावजूद भी हरियाणा सरकार के द्वारा अध्यापकों को अभी तक पक्का करने के आदेश जारी नहीं हुए हैं। अतिथि अध्यापकों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती तब तक वह प्रदर्शन करते रहेंगे उन्होंने कहा कि पहले सरकार उनका केस कोर्ट में होने का हवाला देती थी लेकिन अब तो कोर्ट भी फैसला सुना चुका है ऐसे में सरकार को जल्द से जल्द अतिथि अध्यापकों को पक्का करना चाहिए और-अपने किए वायदे को निभाना चाहिए।

## जगमोहन आनंद ने व्यापारियों की भूमिका को बताया शहर की आर्थिक शक्ति

**आशुतोष गौतम, हरियाणा मेल**

**करनाल।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र कुंजपुरा रोड के समग्र एवं सुनियोजित विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को लीला ग्रैंड होटल में कुंजपुरा रोड मार्केट एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक में करनाल विधायक जगमोहन आनंद तथा महापौर रेणु बाला गुप्ता ने व्यापारियों के साथ विस्तार से संवाद में बाजार के विकास, जनसुविधाओं और व्यापारिक हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा की। बैठक में व्यापारियों ने भी अपनी विभिन्न समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को प्रमुखता से रखा।

इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापारी वर्ग किसी भी



शहर की आर्थिक प्रगति की मजबूत नींव है। प्रदेश सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा तथा बाजारों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापारियों का सशक्त सहयोग ही एक समृद्ध, व्यवस्थित और विकसित करनाल की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक बाजार में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

महापौर ने कहा कि बैठक में कुंजपुरा रोड मार्केट के सुव्यवस्थित विकास, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, नियमित स्वच्छता, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, जनसुविधाओं के विस्तार तथा व्यापारियों की आवश्यकताओं से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

## अब दावे व आपत्तियों का निपटान करने के लिए अलर्ट मोड में रहेंगे अधिकारी: विश्राम कुमार मीणा

**सोनिका वधवा, हरियाणा मेल**

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला की चारों विधानसभाओं में फोटो युक्त मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूचियों को प्रारम्भिक प्रकाशन किया गया है। अब 31 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक बीएलओ, संबंधित निर्वाचक,सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी अलर्ट मोड में रहकर दावे व आपत्तियां स्वीकार करेंगे। इन दावे व आपत्तियों का निपटान कार्य 28 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। इस मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 3 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा।



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में एसआईआर विषय को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों की एक बैठक को सम्बोधित करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला की चारों विधानसभाओं का ड्राफ्ट रोल शुक्रवार 31 जुलाई को प्रकाशित कर दिया गया है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही मतदाता सूचियां की प्रति आमजन व मतदाताओं के निरीक्षण हेतु प्रत्येक विधानसभा के खंड कार्यालय, नगर पालिकाओं तथा तहसीलों में उपलब्ध रहेगी। अब जिले के ड्राफ्ट रोल में 677498 मतदाता शामिल हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 106333 मतदाताओं के वोट कटे हैं। इनमें 27708 की डेथ, 32299 अनुपस्थित, 37986 शिफ्टिड, 5869 पहले से दर्ज और 2471 के अन्य कारण पाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि जिला में कुल 810 बूथ पर 810 बीएलओ नियुक्त हैं। जिले में 783831 मतदाता थे, इनमें से 677498 वोटरों को एन्यूमरेशन फार्म डिजिटाइज किया गया है।

जिले में 48707 मतदाताओं का डाटा की मैपिंग नहीं हो पाई। बीएलओ द्वारा 111713 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 106333 एन्यूमरेशन फार्म एकत्रित नहीं हो पाए। सर्वे के दौरान 27708 की डेथ, 32299 मतदाता ट्रेक नहीं हो पाए, 37986 मतदाता स्थाई शिफ्ट हो चुके हैं, 5869 मतदाता पहले से दर्ज पाए गए और 2471 मतदाताओं के अलग-अलग विभिन्न कारण होने पर उनके मत को हटाया गया है।

## कुलदीप बिश्नोई का कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पहुंचे पूर्व सांसद और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई का स्नेह मिलन समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। कुरुक्षेत्र में आयोजित यह तीसरा स्नेह मिलन समारोह था। इससे पहले सिरसा और पानीपत में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

कुरुक्षेत्र के इस स्नेह मिलन समारोह में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। कुलदीप बिश्नोई ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से एक-एक कर मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और समर्थकों के साथ सेल्फी भी ली।

मीडिया से बातचीत करते हुए कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि उन्हें दिल से खुशी है कि पुराने साथियों ने उन्हें इतना प्यार और स्नेह दिया। उन्होंने कहा कि राजनीति में ऐसे साथी बहुत कम मिलते हैं, जो हर परिस्थिति और हर संघर्ष में आपके साथ मजबूती से खड़े रहें। उन्होंने कहा कि आज का यह मिलन समारोह एक रैली का रूप ले चुका है और आने वाले समय में हरियाणा, राजस्थान और अन्य राज्यों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंजाब में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाने का प्रयास करेगी। कार्यक्रम में माइक की व्यवस्था नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि स्नेह मिलन समारोह का उद्देश्य भाषण देना नहीं, बल्कि लोगों से मिलना और उनका हालचाल जानना है।

## प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र, पेयजल परियोजना का किया निरीक्षण

हरियाणा मेल, एजेंसी

**बाराबंकी।** प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री एवं बाराबंकी के प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न विकास कार्यों और जनसुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण भवन पहुंचने पर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाटा-बरौली, नगरीय पेयजल परियोजना, कान्हा गौशाला तथा निवलेट फार्म एवं गो-आश्रय स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रभारी मंत्री ने सीएचसी जाटा-बरौली में ओपीडी, वार्ड, दवा वितरण, साफ-सफाई, पेयजल और बिजली व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल तक जाने वाले संपर्क मार्ग को भी शीघ्र दुरुस्त कराने को कहा। इसके बाद मझलेपुर में निमार्णाधीन ओवरहेड पानी की टंकी का निरीक्षण कर निर्माण कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि नगरवासियों को जल्द स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाया जाए: सीएम योगी

■ मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 172वीं बैठक



हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों के मेधावी बच्चों (पाल्यों) के लिए संचालित मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 172वीं बैठक हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 के 3025.49 करोड़ के बजट सहित किसान कल्याण, कृषि विपणन एवं मंडी व्यवस्था से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि प्रदेश की मंडियों का आधुनिकीकरण एवं पुनरोद्धार करते हुए उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए, ताकि किसानों को बेहतर, पारदर्शी एवं सुविधाजनक विपणन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। उन्होंने मंडियों में पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने मंडी स्थलों में पीपीपी मॉडल पर कृषि उपज प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए नियमों को अधिक व्यवहारिक एवं निवेश अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य, मूल्य संवर्धन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने अधिकाधिक मंडियों को ई-नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) प्लेटफॉर्म से जोड़ने, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन से अधिकाधिक किसानों को जोड़ने तथा प्रत्येक जनपद में ऑर्गेनिक उत्पादों के सर्टिफिकेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के संशोधित आय-व्यय अनुमान तथा वर्ष 2026-27 के बजट को अनुमोदित किया गया। वर्ष 2026-27 के लिए 2228.59 करोड़ की अनुमानित प्राप्तियों तथा 3025.49 करोड़ के व्यय प्रावधान को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की मंडी समितियों की आय वर्ष 2024-25 के 1991.33 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 2305.80 करोड़ पहुंच गई है। यह 15.79 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है।

बजट में मंडी स्थलों के निर्माण एवं विस्तार, संपर्क मार्गों के निर्माण एवं मरम्मत, ग्रामीण हाट, किसान बाजार, गोवंश आश्रय स्थलों, छात्रावास निर्माण, मंडी समितियों के लिए भूमि क्रय तथा अन्य विकास कार्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। पूर्व से स्वीकृत निर्माण कार्यों को गति देने के लिए 1212.02 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। संचालक मंडल ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना तथा मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना की अवधि एक जुलाई 2025 से 30 जून 2030 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। इन दोनों योजनाओं के संचालन के लिए वर्ष 2026-27 के बजट में 30 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे दुर्घटना अथवा खेत-खलिहान में अग्निकांड जैसी परिस्थितियों में किसानों एवं उनके परिवारों को समयबद्ध आर्थिक सहायता मिलती रहेगी। बैठक में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के अंतर्गत दलहन एवं तिलहन की खरीद व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न सहकारी संस्थाओं को ब्याजमुक्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

# जनजातीय क्षेत्र में उच्च शिक्षा नामांकन के लिए अधिकाधिक प्रयास हों: राज्यपाल

■ राजस्थान को नशामुक्त करने में स्थानीय लोगों से चर्चा कर निरंतर प्रयास करने पर दिया जोर



हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा में नवनिर्मित अकादमिक भवन, कुलगुरु आवास और स्वामी विवेकानंद प्रतिमा का लोकभवन से ऑनलाइन अनावरण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा जितनी गुणवत्तापूर्ण और समयानुरूप होगी, उतनी ही वह जीवन के लिए अधिक उपयोगी और सार्थक होगी। उन्होंने जनजातीय क्षेत्र में उच्च शिक्षा नामांकन के लिए भी अधिकाधिक प्रयास किए जाने का आह्वान किया।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनका शिक्षा दर्शन विद्यार्थी के चरित्र निर्माण, आत्म-विश्वास और सर्वांगीण विकास से जुड़ा है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में विद्यार्थी की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए भी निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राजस्थान को नशामुक्त करने में स्थानीय लोगों से चर्चा कर निरंतर प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने टीबी मुक्त और नशामुक्त बांसवाड़ा अभियान चलाए जाने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि आदिवासी जल, जंगल और जमीन के सच्चे प्रहरी होते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा जनजातीय जल और प्रकृति संरक्षण परंपराओं के आलोक में अधिकाधिक शोध और अनुसन्धान किए जाने की आवश्यकता जताई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें लोकल से ग्लोबल और आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्थानीय संसाधनों से विकसित तकनीक का आधुनिकीकरण करने पर जोर दिया गया है। उन्होंने आचार्यों का आह्वान किया कि वे ऐसी विद्या का प्रसार करे जिससे विद्यार्थी अपने आपको पहचान सके और अपने पैरों पर खड़ा होने की क्षमता अपने अंदर विकसित कर सके।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़े और इस अवसर पर नव निर्मित भवनों और स्वामी विवेकानंद प्रतिमा के अनावरण की शुभकामनाएं दी। इससे पहले कुलगुरु ने विश्वविद्यालय गतिविधियों के बारे में अवगत कराया।

## खबरें फटाफट

### चर्चित प्रबल हत्याकांड के दोषियों को आजीवन कारावास

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश में बिजनौर जिले के चर्चित प्रबल हत्याकांड के 14 साल बाद फास्ट कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए सभी सात आरोपितों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। फैसला सुनते ही सभी दोषियों के चेहरे लटक गये। वही, मृतक प्रबल की इकलौती बहन प्राची ने फैसले पर न्यायालय का आभार प्रकट किया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट-दो के न्यायधीश ने शुक्रवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के बहुचर्चित 14 वर्ष पुराने प्रबल अग्रवाल हत्याकांड में सभी सात आरोपितों विनय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, राहुल गुप्ता, निखिल, संजय गुप्ता और अनुज अग्रवाल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है । उन पर जुमार्ना भी लगाया गया है। अदालत से दोष सिद्ध होने की घोषणा के बाद पुलिस ने सभी सातों दोषियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। मृतक प्रबल की इकलौती बहन प्राची ने फैसले पर संतोष व्यक्त करते हुए कहां कि आज 14 वर्षों तक न्याय की लड़ाई लड़कर मृतक भाई तथा माता-पिता की आत्मा को शांति मिलेगी। परिवार में अकेली बची प्रबल की बहन प्राची अग्रवाल ने काफी विषम परिस्थितियों में 14 वर्षों तक कोर्ट में पैरवी की। उन पर मुकदमें में समझौते के काफी दबाव भी डाले गयें, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। कोर्ट के फैसले पर बहन प्राची ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आज 14 वर्षों तक न्याय की लड़ाई लड़कर मृतक भाई तथा माता-पिता की आत्मा को शांति मिलेगी। उसने न्यायाल का आभार प्रकट किया है।

### कांवड़ यात्रा को लेकर एडीजी जोन ने किया घाट का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश

**फर्रुखाबाद।** कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एडीजी जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के साथ थाना कादरी गेट क्षेत्र स्थित पांचाल घाट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाट क्षेत्र में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीजी ने संबंधित अधिकारियों से कांवड़ यात्रा मार्ग, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों, पुलिस बल की तैनाती और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने घाट क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके अलावा, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष योजना भी तैयार की गई है। निरीक्षण के दौरान पुलिस और प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

### कांग्रेस ने 10 हजार पौधों का नि:शुल्क वितरण कर 10 लाख पौधे लगाने का लिया संकल्प

**जौनपुर।** जौनपुर में पर्यावरण संरक्षण और हरित अभियान को गति देने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को शहर में पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान के नेतृत्व में बड़ी मस्जिद के निकट आयोजित कार्यक्रम में 10 हजार पौधों का नि:शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि, कांग्रेस पूरे जनपद में अपने स्तर से 10 लाख पौधे लगाने का अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक कदम है। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने, शुद्ध प्राणवायु उपलब्ध कराने, वर्षा चक्र को संतुलित रखने और बढ़ती गर्मी के प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अंधाधुंध पेड़ों की कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी पर जोर दिया।

# उप्र को वैश्विक व्यापार, विनिर्माण और निर्यात का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026

■ 25 से 29 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का चौथा संस्करण



हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार, विनिर्माण और निर्यात के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) का चौथा संस्करण आगामी 25 से 29 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसे उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, नवाचार, उत्पादों और निर्यात सामर्थ्य को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो ने पिछले तीन संस्करणों में प्रदेश के उत्पादों, उद्यमों और उद्योगों को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनाया है। अब यह आयोजन केवल एक व्यापार प्रदर्शनी नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के विजन को आगे बढ़ाने वाला वैश्विक मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश यानी 'अनलिमिटेड पोटेंशियल' का प्रदेश है और यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो इस सामर्थ्य को अनुभव करने का सबसे प्रभावी मंच है। उन्होंने निर्देश दिए कि देश और विदेश में इस आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक निवेशक, खरीदार और आगंतुक इसमें सहभागी बनें। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष ट्रेड शो की थीम 'यूपी फॉर ग्लोबल ग्रोथ: इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग एंड एक्सपोर्ट्स' रखी गई है। आयोजन में 2400 से अधिक प्रदर्शकों, 1.50 लाख से अधिक पंजीकृत बी2बी खरीदारों, 4.50 लाख से अधिक बी2सी आगंतुकों तथा 85 देशों से 550 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही 4000 से अधिक एमओयू, 3200 करोड़ से अधिक प्रस्तावित एमओयू मूल्य और 13 हजार 500 करोड़ से अधिक बिजनेस इंक्वायरी होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने सिंगापुर, ओमान, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, थाईलैंड, जापान, इंडोनेशिया और रूस सहित अन्य देशों के साथ भी सक्रिय संवाद स्थापित कर उनकी अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस बार ओडीओपी, ओडीओसी, एमएसएमई, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, रक्षा एवं एयरोस्पेस, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, पर्यटन एवं फिल्म, अक्षय ऊर्जा तथा अन्य प्रमुख क्षेत्रों का व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा।

## सुबोध कॉलेज की बेसमेंट में बनी पार्किंग में आग लगने से तीन इलेक्ट्रिक स्कूटी जलकर खाक

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** राजधानी के गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित रामबाग सर्किल के पास सुबोध कॉलेज की बेसमेंट पार्किंग में शुक्रवार सुबह अचानक आग लगने से तीन इलेक्ट्रिक स्कूटी जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। सूचना पर 22 गोदाम फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची और करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते अन्य वाहनों को हटाने से बड़ा नुकसान टल गया। फायर वूमन सीता ने बताया कि सुबह करीब 8:45 बजे कॉलेज की बेसमेंट पार्किंग में खड़ी एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में शॉर्ट सर्किट होने की आशंका है, जिससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास में खड़ी दो अन्य इलेक्ट्रिक स्कूटी भी उसकी चपेट में आ गईं। तीनों स्कूटी से उठती आग की ऊंची लपटों और धुएं को देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही 22 गोदाम फायर स्टेशन से दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने सबसे पहले आसपास खड़े अन्य वाहनों को सुरक्षित स्थान पर हटाया, जिससे आग फैलने से रोकी जा सकी।

# आंबेडकर प्रतिमा स्थापना को लेकर बवाल, पांच कर्मचारी निलंबित

हरियाणा मेल, एजेंसी



**देवरिया।** देवरिया जिले में गौरी बाजार थाना क्षेत्र स्थित लबकनी गांव में सरकारी खलिहान की भूमि पर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर गुरुवार को हुए विवाद के बाद कार्रवाई तेज हो गई है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने बताया कि बुधवार शाम दलित समुदाय के कुछ लोगों ने खलिहान की भूमि पर चबूतरा बनाकर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा रखी थी। इसको लेकर गुरुवार सुबह विवाद हो गया। विरोध करने वाले ग्रामीणों का कहना था कि सार्वजनिक सरकारी भूमि पर प्रशासन की अनुमति के बिना प्रतिमा स्थापित नहीं की जा सकती। उनका सुझाव था कि प्रतिमा को आबादी क्षेत्र अथवा किसी पार्क में नियमानुसार अनुमति लेकर स्थापित किया जाए। इसको लेकर विवाद हो गया था। सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची थी। दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया जा रहा था, तभी कुछ अराजकतत्वों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया, जिसमें पुलिस और प्रशासन के कर्मचारी घायल हो गए। घटना के बाद जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने मौके पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक जांच में स्थानीय स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर गौरीबाजार थाना के उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव, बीट हेड कांस्टेबल रमेश यादव, एलआईयू के बीट हेड कांस्टेबल नागेंद्र सिंह, संबंधित लेखपाल तथा पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया।

## पांच लाख में डमी अभ्यर्थी बैठाकर बनी महिला पटवारी चढ़ी एसओजी के हत्थे

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित पटवार भर्ती परीक्षा-2021 में अपनी जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर पटवारी की सरकारी नौकरी हासिल करने वाली 18 माह से फरार 10 हजार की इनामी महिला को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित महिला परीक्षा में फजीर्वाड़ा कर चयनित हुई थी और वर्तमान में निलंबित पटवारी थी। मामले में डमी अभ्यर्थी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित चुंकी बाई (41) ने वर्ष 2021 की पटवार भर्ती परीक्षा में फर्जी तरीके से चयन प्राप्त किया था। चयन के बाद उसकी पहली नियुक्ति पटवार हल्का इन्दु (कुम्हेर) में हुई थी। जबकि बाद में वह उपखंड कार्यालय पहाड़ी में पटवारी के पद पर कार्यरत रही। प्रकरण सामने आने के बाद उसे निलंबित कर दिया गया था। एसओजी को मिली गोपनीय शिकायत की जांच के बाद वर्ष 2024 में मामला दर्ज किया गया।

प्रकरण में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं तथा राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम, 1992 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# राजधानी जयपुर में दो माह के लिए बीएनएसएस धारा 163 लागू

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** राजधानी में कानून-व्यवस्था, लोक-प्रशांति और नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस आयुक्तालय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)-2023 की धारा 163 के तहत सात निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार द्वारा जारी आदेश 1 अगस्त से 29 सितंबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने मकान मालिकों और संस्थानों को बिना पहचान पत्र और पुलिस सत्यापन के किसी भी किराएदार, घरेलू नौकर, ड्राइवर, चौकीदार, सेल्समैन या निजी कर्मचारी को रखने पर रोक लगाई है। नियुक्ति या किराए पर रखने के 15 दिन के भीतर संबंधित व्यक्ति का पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

शहर के होटल, गेस्ट हाउस, लॉज, धर्मशाला और सराय संचालकों को बिना फोटोयुक्त पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को कमरा नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं। ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम, पता और मोबाइल नंबर ई-विजिटर्स पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा। रेस्टोरेंट, पब, बार, डिस्कोथेक, नाइट क्लब और फार्म हाउस में प्रतिबंधित नशीले पदार्थों तथा हुक्का पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। रात 10 बजे के बाद डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी, जबकि रात 12 बजे के बाद शराब की बिक्री नहीं की जा सकेगी।

मोबाइल सिम विक्रेताओं को ग्राहकों की वैध पहचान, फोटो और चेहरे का मिलान किए बिना सिम जारी नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कार की टक्कर से पति-पत्नी और 8 वर्षीय बेटे की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**उदयपुर।** जिले में गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर गुरुवार रात एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि परिवार का बड़ा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक और उसमें सवार अन्य लोग वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार बेकरिया थाना क्षेत्र में आकियावड़ के पास गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल गोगुंदा अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने 8 वर्षीय तुषार को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल उसके पिता नवनीत मीणा (36), मां संगीता (33) और बड़े भाई निखिल (14) को उदयपुर के एमबी अस्पताल रेफर किया गया। शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान नवनीत और संगीता ने भी दम तोड़ दिया, जबकि निखिल की हालत गंभीर बनी हुई है।

गोगुंदा थाना के एएसआई योगेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक परिवार राजसमंद जिले के चक्की क्षेत्र का निवासी था और स्कूटी से पिंडवाड़ा की ओर जा रहा था। इसी दौरान आकियावड़ के पास कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी।

हादसे के बाद कार चालक और उसमें सवार अन्य लोग वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए।

### ऊंट से टकराकर सेना की एसयूवी पलटी, मेजर की मौत

**जैसलमेर।** जिले के थईयात आर्मी क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में भारतीय सेना के एक मेजर की मौत हो गई, जबकि दो लेफ्टिनेंट गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब सेना की टाटा सफारी अचानक सामने आए ऊंट से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एसयूवी चार से पांच बार पलटते हुए करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में ऊंट की भी मौके पर ही मौत हो गई। सदर थाना पुलिस के एएसआई जगदीश चारण ने बताया कि बीती रात मेजर हमजा आरिफ (26) अपने दो साथियों लेफ्टिनेंट आयुष्मान और लेफ्टिनेंट अभिनव राठौड़ के साथ ड्यूटी पूरी कर आर्मी स्टेशन लौट रहे थे।

आर्मी स्टेशन से करीब 18 किलोमीटर दूर थईयात क्षेत्र में अचानक सड़क पर ऊंट आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर उससे टकरा गया। टक्कर के बाद वाहन कई बार पलट गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया ट्रैवल विद् पर्पस का लोकार्पण



हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** लेखक एवं ट्रैवल इंडस्ट्री से जुड़े उद्यमी अंशु सर्राफ की पहली पुस्तक ₹ट्रैवल विद् पर्पस – हाउ टू सी द वर्ल्ड विदाउट हार्मिंग इट₹ का जयपुर में आयोजित समारोह में लोकार्पण किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पुस्तक का विमोचन करते हुए जिम्मेदार और सतत पर्यटन के संदेश को समय की आवश्यकता बताया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान जैसे पर्यटन प्रधान राज्य के लिए यह पुस्तक विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पर्यटन विकास के साथ विरासत, संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। समारोह में प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन (आईएएस), पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक राजेश कुमार शर्मा तथा एसएमएस स्कूल के निदेशक दामोदर प्रसाद गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ट्रैवल एवं उद्योग जगत से जुड़े कई प्रतिनिधियों, उद्यमियों, यात्रा प्रेमियों और पुस्तक प्रेमियों ने भी भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में राजेश कुमार शर्मा के सहयोग और मार्गदर्शन की सराहना की गई। इस कार्यक्रम के दौरान लेखिका सोनिया माहेश्वरी ने लेखक अंशु सर्राफ के साथ संवाद सत्र का संचालन किया, जबकि मंच संचालन अंकिता जैन ने किया। संवाद के दौरान अंशु सर्राफ ने अपनी यात्राओं, ट्रैवल इंडस्ट्री के अनुभवों और पुस्तक लिखने की प्रेरणा साझा करते हुए कहा कि यात्रा सिर्फ.पासपोर्ट से नहीं, बल्कि एक उद्देश्य के साथ कीजिए। उन्होंने बताया कि पुस्तक का उद्देश्य यात्रियों को पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति के प्रति जिम्मेदार बनाना है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का किया स्वागत

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के प्रयासों से अपनी मांगों के समाधान की उम्मीद जगी तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम साथिनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री के पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचने पर बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने उनका आभार व्यक्त करते हुए लंबित मांगों पर सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम साथिनों ने मानदेय में वृद्धि, ग्रेच्युटी भुगतान सहित विभिन्न लंबित मांगों पर सरकार की ओर से सकारात्मक रुख अपनाए जाने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार से मिले भरोसे के बाद उन्हें उम्मीद है कि उनकी मांगों पर शीघ्र ही उचित निर्णय लिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम साथिनों की समस्याओं को गंभीरता से ले रही है। सरकार उनकी मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है तथा उनके हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। महिला कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री का आभार जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सरकार जल्द ही उनकी लंबित मांगों पर निर्णय लेकर राहत प्रदान करेगी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

# लोक परीक्षा संशोधन विधेयक पारित होना ऐतिहासिक कदम: केशव प्रसाद

■ कहा-योग्य अभ्यर्थियों के परिश्रम को उनका उचित सम्मान दिलाने का कार्य करेगा विधेयक



हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्यसभा में लोक परीक्षा संशोधन विधेयक, 2026 के पारित होने का ऐतिहासिक कदम बताया है। उप मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्यसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 का पारित होना देश के करोड़ों मेहनती एवं प्रतिभाशाली युवाओं के हितों की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उप मुख्यमंत्री के अनुसार यह विधेयक परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय बनाने की मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह महत्वपूर्ण कदम परीक्षा माफियाओं और अनुचित साधनों पर प्रभावी अंकुश लगाकर योग्य अभ्यर्थियों के परिश्रम को उनका उचित सम्मान दिलाने का कार्य करेगा। एक मजबूत, ईमानदार और जवाबदेह परीक्षा व्यवस्था ही विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव है, और यह विधेयक उसी संकल्प को नई शक्ति प्रदान करता है।

## 'विद्या वाहिनी' योजना का शुभारंभ



### ■ मुख्यमंत्री ने छात्राओं को वितरित कीं नि:शुल्क साइकिलें

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को पूर्वी विनोद नगर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित समारोह में दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी 'विद्या वाहिनी' योजना का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद की उपस्थिति में दिल्ली सरकार के विद्यालयों में कक्षा 9 में अध्ययनरत 3,000 से अधिक छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छात्राओं से आत्मीय संवाद किया, उनकी पढ़ाई, भविष्य की योजनाओं और सपनों के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें पूरे आत्मविश्वास और समर्पण के साथ शिक्षा प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं की प्रतिभा और स्नेह की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम नारी शक्ति के सम्मान और प्रत्येक बेटी को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने के हमारे सामूहिक संकल्प का उत्सव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण में महिला-नेतृत्व वाले विकास को केंद्र में रखा है तथा शिक्षा को महिला सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम माना है। 'विद्या वाहिनी' योजना उसी दूरदर्शी सोच से प्रेरित होकर प्रारंभ की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'विद्या वाहिनी' योजना के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से दिल्ली सरकार के विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 1.40 लाख छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें उपलब्ध कराई जाएंगी और यह योजना आगे के वर्षों में भी इसी तरह जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि यह योजना छात्राओं के विद्यालय तक सुरक्षित एवं सुगम आवागमन को सुनिश्चित करेगी, उनके समय की बचत करेगी, विद्यालयों में नियमित उपस्थिति बढ़ाएगी, ड्रॉपआउट की संभावना को कम करेगी तथा अभिभावकों की दैनिक चिंता को भी कम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक साइकिल केवल परिवहन का साधन नहीं होती, बल्कि यह स्वतंत्रता, आत्मविश्वास, गरिमा, आत्मनिर्भरता और अवसर का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव है। जब एक बेटी शिक्षित होती है तो वह केवल ज्ञान ही नहीं प्राप्त करती, बल्कि आत्मविश्वास, जागरूकता और अपने भविष्य से जुड़े सही निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करती है।

#### पूरी लगन व अनुशासन के साथ अध्ययन करने का आह्वान

मुख्यमंत्री ने छात्राओं से अपील की कि वे पूरी लगन और अनुशासन के साथ अध्ययन करें, साइकिल का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें, यातायात नियमों का पालन करें तथा सदैव सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि यह साइकिल केवल एक उपहार नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरूआत है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'महिला-नेतृत्व वाले विकास और 'विकसित भारत' के विजन को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार 'विद्या वाहिनी' योजना के माध्यम से धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष है क्योंकि दिल्ली का नेतृत्व एक महिला मुख्यमंत्री के हाथों में है, जो यह सुनिश्चित कर रही हैं कि बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहे। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिलता है तो नीतियों के केंद्र में महिलाओं का सम्मान, उनकी शिक्षा और उनका सशक्तिकरण स्वत: आ जाता है तथा आज का कार्यक्रम इसका सशक्त उदाहरण है।

## श्रद्धा हत्याकांड : ट्रायल में हस्तक्षेप से हाईकोर्ट का इनकार, याचिका का निस्तारण

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बहुचर्चित श्रद्धा हत्याकांड मामले का ट्रायल समयबद्ध तरीके से पूरा करने की मांग करने वाली याचिका का निपटारा कर दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि ट्रायल की पहले से ही रोजाना सुनवाई हो रही है। ऐसे में इसे लेकर कोई आदेश देने की जरूरत नहीं है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील सीमा कुशवाहा ने कहा कि जिस तरह से अभी ट्रायल चल रहा है, ऐसे में ट्रायल खत्म होने में 2-3 साल तक लग जाएगा। दिल्ली पुलिस की ओर से गवाहों की गवाही करायी जा रही है। साकेत कोर्ट ने 9 मई, 2023 को इस मामले के आरोपी आफताब के खिलाफ हत्या करने का आरोप तय कर दिया था। कोर्ट ने आफताब पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (सबूतों को नष्ट करने) के तहत आरोप तय किये थे। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि आफताब ने सोच समझ कर इस घटना को अंजाम दिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य से पता चलता है कि श्रद्धा और आफताब का लिव-इन रिलेशन हिंसक था। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि श्रद्धा प्रैक्टो ऐप के जरिये डॉक्टरों से परामर्श भी ले रही थी।

## वाराणसी से आई संत रविदास जन्मस्थली की पावन माटी का दिल्ली में स्वागत

### ■ करोलबाग विश्रामधाम में कलश स्थापित

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'संत श्री रविदास समरसता संकल्प अभियान' के तहत वाराणसी स्थित संत श्री रविदास की जन्मस्थली से लाई गई पावन माटी के कलश का शुक्रवार को दिल्ली में स्वागत किया गया। नोएडा-दिल्ली बॉर्डर पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का अभिनंदन किया, जिसके बाद कलश यात्रा करोलबाग स्थित संत रविदास विश्रामधाम पहुंची। यहां दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कलश को जनदर्शन के लिए स्थापित किया।

भाजपा ने संत रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में लगभग सात माह तक चलने वाले अभियान की शुरूआत की। 29 जुलाई को वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने संत रविदास की जन्मस्थली की पावन माटी के कलश देशभर से आए प्रतिनिधियों को सौंपे थे, जिन्हें अब समरसता का संदेश लेकर विभिन्न राज्यों में पहुंचाया जा रहा है। दिल्ली भाजपा के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने वाराणसी से पावन माटी लेकर राजधानी पहुंचने के बाद नोएडा-दिल्ली बॉर्डर पर मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम सहित अनेक नेताओं की मौजूदगी में स्वागत स्वीकार किया। इसके बाद कलश यात्रा करोलबाग स्थित संत रविदास विश्रामधाम पहुंची। विश्रामधाम में आयोजित समारोह के दौरान पूज्य संत अजय भाई ने संत रविदास को भजनांजलि अर्पित की।

#### स्थापना का साक्षी बनना सौभाग्य का विषय

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि संत रविदास जन्मस्थली से आई पावन माटी के कलश की स्थापना का साक्षी बनना प्रत्येक श्रद्धालु के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस पावन अभियान में भाजपा पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी तथा इस पवित्र मिट्टी को राजधानी के प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### हर्ष मल्होत्रा ने ताहिर हुसैन को उम्रकैद की सजा के फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता ताहिर हुसैन को न्यायालय द्वारा उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के फैसला का स्वागत किया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने आज एक बयान जारी कर कहा कि न्यायालय के फैसले के बाद आम आदमी पार्टी का असली चेहरा सबके सामने आया है कि किस प्रकार से पूर्वी दिल्ली में आम आदमी के गुंडो ने दंगे फैलाये है और आईबी ऑफिसर अंकित शर्मा की ब्रूटल हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ऐसे गुंडों को ना सिर्फ पार्टी में पनाह दी है बल्कि उन्हें बचाने के लिए भी अपनी ताकतों का इस्तेमाल करते रहे हैं। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि अभी हाल ही में देश ने देखा कि किस प्रकार से आम आदमी पार्टी से जुड़े लोगों ने संसद भवन में घुसने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आआपा का असली चेहरा अब दिल्ली ही नहीं पंजाब की जनता भी समझ चुकी है। दिल्ली की जनता ने पिछले साल ही दिल्ली से आम आदमी पार्टी को भगाया था और अब पंजाब की जनता उन्हें सत्ता से बेदखल करने वाली है।

### बवाना हत्याकांड के दो शार्प शूटर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, एएसआई की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी गोली

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (एनआर-दो) यूनिट ने बवाना के चर्चित जोगिंदर उर्फ काला हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए हिमांशु उर्फ भाऊ-विक्की उर्फ हडल गैंग के दो शार्प शूटरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों ने पुलिस टीम पर फायरिंग भी की, लेकिन गोली एएसआई प्रवीण दहिया की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी, जिससे उनकी जान बच गई। पुलिस का दावा है कि समय रहते कार्रवाई कर रोहिणी में होने वाली एक और टारगेट किलिंग को भी नाकाम कर दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बवाना निवासी 19 वर्षीय हर्ष वासने और सुल्तानपुर डबास निवासी 20 वर्षीय विपिन उर्फ श्याम सुंदर के रूप में हुई है। दोनों 18 जुलाई को पूठ खुर्द में जोगिंदर उर्फ काला की दिनदहाड़े हत्या के मामले में वांछित थे। पोस्टमार्टम में मृतक के शरीर पर छह गोली लगने की पुष्टि हुई थी और मौके से छह खोखे मिले थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि दोनों आरोपित चोरी की स्कूटी पर अवैध हथियार लेकर रोहिणी में दो लोगों की हत्या करने जा रहे हैं। इसके बाद सेक्टर-29 रोहिणी के पास जाल बिछाया गया। रात करीब 11 बजे पुलिस ने स्कूटी रोकने का प्रयास किया तो पीछे बैठे हर्ष ने एएसआई प्रवीण दहिया पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने स्कूटी के टायर को निशाना बनाया, हालांकि गोली टेल लाइट पर लगी और स्कूटी फिसल गई। इसके बाद दोनों को दबोच लिया गया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के जनपद गौतमबुद्धनगर नोएडा के थाना फेस-दो क्षेत्र मे बीती रात को पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई है। थाना फेस -2 के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विकास (22) पुत्र सतवीर सिंह मूल निवासी जनपद हाथरस थाना फेस-दो क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में काम करते थे। वह बीती रात को कंपनी से काम करके अपने घर जा रहे थे। थाना फेस- 2 के सामने सड़क पर एक अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया। उनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डिवाइडर से टकराई कार, एक की मौत, तीन घायल

**नोएडा।** थाना फेस -वन क्षेत्र के सेक्टर 14 के पास एक अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि बीती रात को फरीदाबाद निवासी हेमंत कुमार (35) अपने तीन साथियों के साथ एक कार में सवार होकर जा रहे थे। उनकी कार सेक्टर 14 के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में कार सवार चारों लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर नोएडा के कैलाश अस्पताल में उपचार के दौरान हेमंत कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उपराज्यपाल बोंटा पार्क रिज और कमला नेहरू रिज में आयोजित मेगा वृक्षारोपण अभियान में हुए शामिल

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा बोंटा पार्क रिज और कमला नेहरू रिज में आयोजित मेगा वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और डीडीए को ऐसे अभियान नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए।

उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि बोंटा पार्क रिज में आयोजित मेगा प्लांटेशन ड्राइव के साथ-साथ शुक्रवार को दिल्ली के 76 अन्य स्थानों पर भी इसी तरह के वृक्षारोपण अभियान चलाए गए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत युवाओं, पर्यावरणविदों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के सहयोग से एक लाख से अधिक पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध और टिकाऊ दिल्ली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने डीडीए अधिकारियों से वृक्षारोपण कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की अपील की।

साथ ही कमला नेहरू रिज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपराज्यपाल ने दिल्ली के रिज जंगलों के पारिस्थितिक संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' केवल पर्यावरण संरक्षण का अभियान नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और प्रकृति से जुड़ा एक सार्थक जनआंदोलन है।

उन्होंने बच्चों और स्थानीय आरडब्ल्यूए की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि डीडीए दिल्ली के विभिन्न पार्कों में लगभग एक लाख पेड़ लगाएगा।

इस अवसर पर उपराज्यपाल ने लूप ट्रेल के किनारे लगाए गए देशी पौधों का अवलोकन किया। उन्होंने पुनर्जीवित झील, तितली संरक्षण स्थल और जल संरक्षण क्षेत्र का भी भ्रमण किया।

## पालम अग्निकांड में फेल हो गई थी फायर ब्रिगेड की स्काई लिफ्ट: सौरभ भारद्वाज

### ■ फायर विभाग की नाकामियों को छिपाने के लिए झूठ बोलकर दिल्ली के लोगों को किया गुमराह

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के पालम इलाके में 18 मार्च को हुए भीषण अग्निकांड मामले में दिल्ली सरकार के झूठ की पोल खुल ही गई। इस अग्निकांड में आई जिलाधिकारी (डीएम) की जांच रिपोर्ट साफ कहती है कि अगर फायर विभाग की स्काई लिफ्ट फेल नहीं होती तो जान गंवाने वाले 9 लोगों में से कइयों को बचाया जा सकता था। उन्होंने कहा कि फायर विभाग की नाकामियों को छिपाने के लिए सरकार और मंत्रियों ने लगातार झूठ बोलकर दिल्ली के लोगों को गुमराह किया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि आम आदमी पार्टी पहले दिन से ही कह रही हैं कि अगर फायर ब्रिगेड के स्काई लिफ्ट फेल नहीं होते, तो पालम अग्निकांड में जान गंवाने वाले नौ लोगों की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार झूठ बोल कर दमकल विभाग की नाकामियों पर पर्दा डालते रहे। सौरभ भारद्वाज ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि डीएम की इस रिपोर्ट को आने और सार्वजनिक होने में लगभग आधा साल लग गया, जो कि वास्तव में बेहद शर्मनाक है।

## गाजियाबाद में पांच हजार करोड़ का घोटाला, दो कंपनियों पर लगे आरोप

हरियाणा मेल, एजेंसी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद के थाना कवि नगर में वैदिक आयुरक्योर कंपनी और एक्सिस ई-कॉर्पोरेशन के खिलाफ पांच हजार करोड़ रुपये के बड़े घोटाले का मामला दर्ज किया गया है। अधिवक्ता महेश कुमार वर्मा की शिकायत पर दस लोगों को नामजद किया गया है। इन पर लोगों को निवेश के नाम पर ठगने का आरोप है।

एसीपी कविनगर सिद्धार्थ गौतम ने शुक्रवार को बताया कि अधिवक्ता महेश कुमार वर्मा के मुताबिक कंपनियों ने नौ हजार रुपये की आईडी पर प्रतिमाह 1100 रुपये रिटर्न और घरेलू सामान पर 33 फीसदी छूट देने का वादा किया था। शुरूआत में निवेशकों को लाभ मिला, जिससे उनका विश्वास बढ़ा। पंकज सोनी सेठ ने गाजियाबाद में कई बैठकें आयोजित कीं। कंपनियों ने विश्वास जमाने के लिए ग्रोसरी की दुकानें भी खोलीं। निवेशकों से ग्रोसरी स्टोर के नाम पर लाखों रुपये के समझौते किए गए। बाद में कंपनियां धीरे-धीरे गायब हो गईं और निवेशकों का पैसा हड़प लिया।

## ठेकेदार की बाइक डिवाइडर से टकराई, उपचार के दौरान मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर नोएडा के थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के सेक्टर 62 के पास से बाइक पर सवार होकर जा रहे एक ठेकेदार की मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई।

थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि रामनाथ अधिकारी (53) पुत्र काली पोदी अधिकारी निवासी न्यू अशोक नगर दिल्ली अपनी स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर बीती रात सी- 103 सेक्टर 63 स्थित कंपनी से दिल्ली स्थित अपने घर जा रहे थे। उनके अनुसार डीएमई कॉलेज के सेक्टर 62 के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में उन्हें चोट लगी। उनको उपचार के लिए फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान बीती रात को उनकी मौत हो गई।

## संत रविदास की 650वीं जयंती पर भाजपा मनाएगी सात माह लंबा उत्सव



हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** संत रविदास की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देशभर में सात माह लंबे उत्सव का आयोजन करने जा रही है। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने वाराणसी में संत रविदास की जन्मस्थली पर आयोजित कार्यक्रम में देशभर से पहुंचे भाजपा के प्रदेश संगठनों को उनकी जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी से भरे कलश सौंपे। इन कलशों को संबंधित राज्यों के गांव-गांव और गली-गली तक ले जाया जाएगा। दिल्ली भाजपा की 11 सदस्यीय टीम भी संत रविदास की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी का कलश लेकर शुक्रवार को दिल्ली पहुंची। दिल्ली-नोएडा सीमा पर दिल्ली सरकार के मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, दिल्ली भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष लाजपत राय, विधायक राजकुमार भाटिया एवं रविकांत, दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष विनोद बछेती एवं कौशल शर्मा, मंत्री गौरव खारी, प्रदेश प्रवक्ता यासिर जिलानी, कार्यालय मंत्री कैलाश जैन, मयूर विहार जिलाध्यक्ष विजेन्द्र धामा और शाहदरा जिलाध्यक्ष दीपक गाबा सहित अन्य नेताओं ने 11 सदस्यीय टीम का स्वागत किया।

## कुलजीत सिंह चहल ने नवयुग स्कूल में 'विकसित भारत अनुभवशाला' का किया शुभारंभ

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को नवयुग स्कूल, सरोजिनी नगर में 'विकसित भारत अनुभवशाला' (एआर एवं वीआर लैब) का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि यह अत्याधुनिक अनुभवात्मक शिक्षण केंद्र विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ते हुए सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक, व्यावहारिक और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप अनुभवात्मक शिक्षा, नवाचार, रचनात्मकता तथा भविष्य उन्मुख शिक्षण को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि होमी लैब के साथ यह साझेदारी एनडीएमसी स्कूलों के विद्यार्थियों तक विश्वस्तरीय अनुभवात्मक शिक्षा पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित अनुभवात्मक शिक्षा उपलब्ध कराना तथा उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करना है। उपाध्यक्ष ने बताया कि यह लैब अत्याधुनिक तकनीक, भविष्य उन्मुख वातावरण तथा सीबीएसई के 70 से अधिक पाठ्यक्रम एवं सह-पाठ्यक्रम विषयों पर आधारित विशेष डिजिटल सामग्री से सुसज्जित है। यहां विद्यार्थी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान तथा नैनो टेक्नोलॉजी जैसी उभरती तकनीकों को आधुनिक एवं अनुभवात्मक माध्यम से समझ सकेंगे। चहल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल पढ़ने का विषय नहीं है, बल्कि इसे सीखने की पूरी प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। विद्यार्थी जहां एआई मॉडल कैसे तैयार होते हैं और कैसे कार्य करते हैं, यह समझेंगे, वहीं एआई आधारित शिक्षण प्रणाली उनके सीखने के अनुभव को अधिक रोचक, सहभागितापूर्ण, व्यक्तिगत तथा प्रभावी बनाएगी।

## व्यापारी कल्याण दिवस के कार्यक्रम में बैंक्विट हॉल की लिफ्ट टूटकर गिरी

### ■ कई बड़े व्यापारी और भाजपा नेता फंसे, मुकदमा दर्ज

### ■ कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे थे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, सांसद महेश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर और विधायक पंकज सिंह

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा पांचवा व्यापारी कल्याण दिवस नोएडा के सेक्टर 51 स्थित वेडिंग विला बैंक्विट हॉल में बृहस्पतिवार की रात को मनाया जा रहा था। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह सहित भाजपा के कई बड़े-बड़े नेता पहुंचे थे।

कार्यक्रम के समापन के बाद रात के समय खाना चल रहा था। कुछ लोग बैंकट हॉल के ऊपरी मंजिल से खाना खाकर लिफ्ट से नीचे आ रहे थे। तभी अचानक लिफ्ट टूटकर नीचे गिर गई। इस घटना में कई लोग फंस गए जिनमें भाजपा के कुछ नेता भी शामिल थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने इमरजेंसी चाबी से लोगों को लिफ्ट से बाहर निकाला तथा उनकी जान बचाई। इस घटना में सेक्टर 51 चौकी प्रभारी की शिकायत पर बैंक्विट हॉल के संचालक सहित तीन लोगों के खिलाफ आज सुबह को मुकदमा दर्ज हुआ है। थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक ग्राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि सेक्टर 51 में स्थित वेडिंग विला बैंक्विट हॉल में बृहस्पतिवार की रात को उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा पांचवा व्यापारी कल्याण दिवस का प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि गणमान्य लोगों की उपस्थिति के चलते वहां पर पुलिस ड्यूटी लगी थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली की वेडिंग विला में लगी लिफ्ट में सवार होकर कुछ लोग नीचे आ रहे थे, तभी लिफ्ट अचानक टूटकर नीचे गिर गई। लिफ्ट में कुछ लोग फंस गए। जिन्हें इमरजेंसी चाबी के द्वारा बाहर निकला गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कुछ लोगों को मामूली चोट लगी। इस मामले में सेक्टर 51 चौकी प्रभारी आशु चौधरी ने वेडिंग विला बैंक्विट हॉल के संचालक विनोद अरोड़ा, अश्वनी छावड़ा तथा मैनेजर अश्विनी शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 289 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है।

## एटीएम मशीन में तोड़फोड़ कर बैटरी और कीमती सामान चोरी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नोएडा।** थाना ईकोटेक- तीन क्षेत्र के हल्द्वानी गांव में लगे एटीएम मशीन में तोड़फोड़ कर अज्ञात बदमाशों ने वहां लगी तीन बैटरी, एक यूपीएस, एक आईटी, एक स्टेबलाइजर, एक नेटवर्क माडम, बोल्ट का डायलर आदि चोरी कर लिया है। थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि सुपर टेक इको विलेज- थ्री निवासी दीपक गरकोटी ने बीती रात को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह इंडिया वन पेमेंट्स लिमिटेड में जोनल ऑपरेशन मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी का एक एटीएम हल्द्वानी गांव में लगा है। वहां पर कस्टोडियन सुबोध पैसे डालने गए तो उन्होंने पाया कि अज्ञात व्यक्तियों ने एटीएम के बैंक रूम से तीन बैटरी, एक यूपीएस, एक आईटी, एक स्टेबलाइजर ,एक नेटवर्क माडम और बोल्ड के डायलर आदि चोरी कर लिया है।

## महिला से दुर्व्यवहार के मामले में आआपा विधायक वीरेन्द्र पर भाजपा का हमला



हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली के प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक नितिन त्यागी ने दिल्ली कैंट से आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायक वीरेन्द्र कादयान और उनके पुत्र अंकित कादयान पर एक महिला फूल विक्रेता के साथ कथित मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।

नितिन त्यागी ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में दावा है कि आआपा विधायक के स्टाफ ने महिला के स्टॉल से फूलों का एक गुलदस्ता मंगवाया, लेकिन भुगतान नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब महिला ने अपने पैसे मांगे तो उसका फूलों का स्टॉल दिल्ली कैंट बोर्ड के अधिकारियों से हटवा दिया गया। नितिन त्यागी ने बताया कि जब महिला शिकायत लेकर विधायक के आवास पहुंची, जहां विधायक के पुत्र अंकित कादयान और उनके साथियों ने कथित तौर पर महिला से मारपीट की। त्यागी ने यह भी आरोप लगाया कि महिला के साथ उसका दो वर्षीय बच्चा भी मौजूद था। उन्होंने दावा किया कि इस मामले में पुलिस ने कई दिनों तक एफआईआर दर्ज नहीं की और बाद में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के दबाव के बाद मामला दर्ज किया गया। नितिन त्यागी ने कहा कि शनिवार सुबह करोल बाग भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) से मुलाकात कर विधायक और उनके पुत्र के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करेगा।





## वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए शान मसूद



हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में रविवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को शान मसूद की कमी खलेगी, क्योंकि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को उंगली में चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। तरौबा में खेले गए पहले टेस्ट की पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए जेडेन सील्स की गेंद लगने से मसूद के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट लग गई थी; पाकिस्तान यह मैच 90 रन से हार गया था। इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज में भी मसूद के खेलने पर संदेह है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि 19 अगस्त से लीड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में उनकी उपलब्धता उनके ठीक होने पर निर्भर करेगी।

# डिफेंडिंग चैंपियन काशी रुद्रास ने सीजन 4 की जर्सी का किया अनावरण



■ ऐतिहासिक तीसरे खिताब के लक्ष्य के साथ बाबा विश्वनाथ का लिया आशीर्वाद

हरियाणा मेल, एजेंसी

**वाराणसी।** दो बार की यूपी टी-20 लीग चैंपियन काशी रुद्रास ने शुक्रवार को वाराणसी में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आगामी सीजन के लिए अपनी नई जर्सी का आधिकारिक अनावरण किया। इस अवसर के साथ टीम ने अपने नए अभियान की शुरूआत शहर की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत और अपने प्रशंसकों के साथ गहरे जुड़ाव का उत्सव मनाते हुए की। काशी की कालजयी विरासत और भगवान शिव के दर्शन से प्रेरित यह नई जर्सी काशी रुद्रास की पहचान और मूल्यों को दर्शाती है। जर्सी का नीला रंग भगवान शिव की शांति का प्रतीक है, जो धैर्य, स्पष्टता और दबाव में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की क्षमता को दर्शाता है। वहीं नारंगी रंग भगवान शिव की प्रचंड ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करता है, जो साहस, आक्रामकता और निडरता का प्रतीक है। जर्सी पर बनी कॉस्मिक डिजाइन भगवान शिव को 'गुरु ऑफ द यूनिवर्स' के रूप में सम्मान देती है और असीम महत्वाकांक्षा की प्रेरणा देती है, जबकि मंडला पैटर्न संतुलन, एकता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। इन सभी तत्वों के माध्यम से यह जर्सी काशी रुद्रास की भावना और पहचान को साकार करती है। जर्सी लॉन्च से पहले कप्तान करण शर्मा और मुख्य कोच ध्रुव सिंह के नेतृत्व में, उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के निदेशक जावेद अख्तर तथा टीम प्रबंधन के अधिकारियों की मौजूदगी में काशी रुद्रास ने श्रद्धापूर्वक काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। इस दौरान टीम ने भारत के सबसे प्राचीन जीवंत शहरों में से एक काशी की भावना, दृढ़ता और गौरव का प्रतिनिधित्व करने के अपने संकल्प को दोहराया।

**यूपीटी-20 सीजन 4 के लिए काशी रुद्रास की 18 सदस्यीय टीम**

करण शर्मा (कप्तान), अभिषेक गोस्वामी, उपेंद्र यादव, अटल बिहारी राय, शुभम चौबे, कार्तिक यादव, सुनील कुमार, सक्षम राय, उवैस अहमद, ऋषभ राजपूत, दीपांशु यादव, अर्नव बलियान, मोहम्मद शरीम, वैभव चौधरी, विजय यादव, विराट जायसवाल, मानव सिंधु, साहब युवराज सिंह।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित खेलो इंडिया योजना को दी मंजूरी, 36,441 करोड़ रुपये होंगे खर्च

KHELO INDIA

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित खेलो इंडिया योजना और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एएनएसएफ) के लिए बढ़ी हुई सहायता योजना को मंजूरी दे दी। वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए दोनों योजनाओं पर कुल 36,441 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने इसे स्वतंत्रता के बाद देश का सबसे महत्वाकांक्षी खेल विकास कार्यक्रम बताया है।

सरकार के अनुसार, नई खेलो इंडिया योजना का बजट पिछली योजना की तुलना में लगभग आठ गुना अधिक है। इसका उद्देश्य खेलों को युवा विकास, राष्ट्र निर्माण और भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने का प्रमुख आधार बनाना है।

**खिलाड़ियों की संख्या में होगा बड़ा विस्तार**

सरकार ने मौजूदा खेलो इंडिया एथलीट कार्यक्रम के साथ इमर्जिंग खेलो इंडिया एथलीट (ई-केआईए) श्रेणी भी शुरू करने का फैसला किया है। इससे संगठित खेल विकास प्रणाली में शामिल खिलाड़ियों की संख्या लगभग दस गुना तक बढ़ जाएगी। प्रतिभा पहचान समितियां, टैलेंट स्काउट, हाई परफॉर्मेंस निदेशक और प्रबंधक देशभर में खिलाड़ियों की पहचान और निगरानी करेंगे।

**अधिक प्रतियोगिताएं और महिलाओं व पैरा खिलाड़ियों पर जोर**

योजना के तहत स्कूल, विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय और विभिन्न खेलों की लीगों के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को भी बढ़ावा दिया जाएगा। महिलाओं, पैरा खिलाड़ियों, स्वदेशी खेलों तथा सामाजिक समावेशन को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रीय खेलों और भारत में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन को भी समर्थन मिलेगा।

## ताइपे ओपन: उन्नति हुड्डा महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में, देविका सिहाग को हराया

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ताइपे ओपन-2026 के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली। शुक्रवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में उन्नति ने हमवतन देविका सिहाग को 23-21, 21-16 से हराया।

मुकाबले के पहले गेम में उन्नति ने दमदार शुरूआत करते हुए 11-3 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, देविका ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 21-21 से बराबर कर दिया, लेकिन निर्णायक क्षणों में उन्नति ने संयम बनाए रखा और लगातार दो अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। मध्यांतर तक उन्नति 11-9 से आगे थीं। इसके बाद उन्होंने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। लगातार अंक गंवाने के साथ देविका की लय भी टूटती गई और उन्नति ने 21-16 से गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

18 वर्षीय उन्नति अब सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियान और वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

## हॉकी विश्व कप से पहले भारतीय स्ट्राइकरों ने बताया सफलता का फॉर्मूला

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** एफआईएच हॉकी विश्व कप-2026 के आगाज में अब दो सप्ताह से भी कम समय बचा है। ऐसे में भारतीय पुरुष हॉकी टीम अंतिम तैयारियों में जुटी हुई है।

टीम के स्टार फॉरवर्ड मनदीप सिंह, अभिषेक और शिलानंद लकड़ा का मानना है कि आधुनिक हॉकी में सफलता के लिए फॉरवर्ड खिलाड़ियों के बीच बेहतर तालमेल, निरंतरता और टीमवर्क सबसे अहम हैं।

अपने चौथे एफआईएच विश्व कप में उतरने जा रहे अनुभवी फॉरवर्ड मनदीप सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने करियर की शुरूआत में सीनियर खिलाड़ियों से काफी कुछ सीखा और अब वही अनुभव युवा खिलाड़ियों के साथ साझा कर रहे हैं।

उन्होंने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, जब मैं युवा था, तब मैं सीनियर खिलाड़ियों से खूब सवाल पूछता था और उनसे बहुत कुछ सीखा। अब मैं वही अनुभव युवा फॉरवर्ड खिलाड़ियों के साथ साझा करता हूं। हम बड़े मुकाबलों में दबाव को संभालने, शांत रहने और सही फैसले लेने पर चर्चा करते हैं। मनदीप के अनुसार, गोल करने की सफलता केवल प्रतिभा से नहीं बल्कि सुनियोजित अभ्यास से मिलती है। उन्होंने कहा, हम फॉरवर्ड खिलाड़ियों के अभ्यास सत्र काफी विशेष होते हैं। हम डी के भीतर तालमेल बनाने, अंतिम पास को सही तरीके से लेने और हर आक्रमण को परिणाम तक पहुंचाने पर लगातार मेहनत करते हैं। हमारा लक्ष्य हर बार डी में प्रवेश करने पर गोल करना, गोल पर शॉट लगाना या पेनल्टी कॉर्नर हासिल करना होता है। उन्होंने आगे कहा, एक अच्छा स्ट्राइकर सिर्फ गोल करने के बारे में नहीं सोचता। हॉकी टीम का खेल है और साथियों के साथ जितनी बेहतर समझ होगी, उतना ही प्रभावी प्रदर्शन होगा।

अपने पहले एफआईएच विश्व

**स्ट्राइकर की निरंतरता गेंद के बिना उसकी गतिविधियों से होती है शुरू**

शिलानंद लकड़ा ने कहा, एक स्ट्राइकर की निरंतरता गेंद के बिना उसकी गतिविधियों से शुरू होती है। ऑफ-द-बॉल मूवमेंट और प्रेसिंग बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि फॉरवर्ड ही टीम की पहली रक्षापंक्ति होते हैं। गेंद हासिल करने के बाद अन्य फॉरवर्ड खिलाड़ियों के साथ तालमेल बनाना और फिर आक्रमण को गोल, शॉट या पेनल्टी कॉर्नर में बदलना हमारी जिम्मेदारी होती है।

मानसिक मजबूती पर उन्होंने कहा, डी के भीतर संयम अभ्यास से आता है। यदि आप प्रशिक्षण में मेहनत नहीं करेंगे तो दबाव की स्थिति में सही निर्णय नहीं ले पाएंगे। हम ध्यान (मेडिटेशन) और अनुभव के जरिए मानसिक रूप से भी खुद को मजबूत बनाते हैं। जितना अधिक खेलेंगे, उतना ही कठिन परिस्थितियों में शांत रह पाएंगे।

## बनारस की कराटे खिलाड़ी गौरी पाठक वर्ल्ड पुलिस गेम्स में चयनित

हरियाणा मेल, एजेंसी




**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी लहरतारा निवासी कराटे खिलाड़ी गौरी पाठक ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले वर्ल्ड पुलिस गेम्स के लिए भी चयनित हुई है। हाल में ही गौरी ने 11वें ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टरझ2026 में व्यक्तिगत कुमिते (-61 किग्रा) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। गौरी के इस स्वर्णिम सफलता पर जिला कराटे संघ ने खुशी जताई है।

शुक्रवार को जिला कराटे संघ के महासचिव दिलीप कुमार सैनी व कोच किसलय मानव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित 9वें साउथ एशियन कराटे प्रतियोगिता में गौरी पाठक ने रजत पदक जीता था। यह प्रतियोगिता 5 से 6 जुलाई तक खेली गई। बनारस की गौरी पाठक ने भारतीय टीम में जिले का प्रतिनिधित्व किया।

गौरी पाठक वर्तमान में सीआरपीएफ में अपनी सेवाएं दे रही हैं। वर्तमान में गौरी मानव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स और कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से सेकेंड डिग्री ब्लैक बेल्ट है।

# दिल्ली में फिर लौटेगा टी20 का रोमांच

### भव्य उद्घाटन समारोह के साथ आज से शुरू होगा डीपीएल 2026

हरियाणा मेल, एजेंसी




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में क्रिकेट का रोमांच एक बार फिर लौट आया है। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 का तीसरा सत्र शुक्रवार से प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू होगा। पुरुष वर्ग के उद्घाटन मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली किंग्स का सामना पुरानी दिल्ली 6 से होगा।

टूर्नामेंट के पहले मुकाबले से पहले दर्शकों के लिए भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा। शाम 5:30 बजे से शुरू होने वाले इस समारोह में मशहूर गायक सुनंदा शर्मा और सुखबीर सिंह अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि लीग हर सीजन के साथ नई ऊंचाइयों को छू रही है।

उन्होंने कहा, हमें दिल्ली प्रीमियर लीग के एक और सत्र की शुरूआत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में इस टूर्नामेंट ने शानदार विकास किया है और खिलाड़ियों, फ्रेंचाइजियों तथा प्रशंसकों का भरपूर समर्थन मिला है। हमें विश्वास है कि इस बार का सीजन और भी रोमांचक होगा, जिसमें उच्च स्तर का क्रिकेट, कांटे के मुकाबले और अरुण जेटली स्टेडियम में शानदार माहौल देखने को मिलेगा। हम बड़ी संख्या में प्रशंसकों के आने और इस टूर्नामेंट का आनंद लेने की उम्मीद करते हैं। सेंट्रल दिल्ली किंग्स के कप्तान यश धुल ने कहा कि उनकी टीम पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ सप्ताह में टीम ने बेहतरीन तैयारी की है और सभी खिलाड़ी नए सीजन को लेकर उत्साहित हैं। हमारे पास अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन है। हमारा लक्ष्य निडर क्रिकेट खेलना, लगातार अच्छा प्रदर्शन करना और हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। वहीं, पुरानी दिल्ली 6 के कप्तान अनुज रावत ने भी टीम के आत्मविश्वास पर भरोसा जताया।

# राष्ट्रमंडल खेल: मुक्केबाज प्रीति पवार ने फाइनल में बनाई जगह, स्वर्ण पदक पर नजर



हरियाणा मेल, एजेंसी

**ग्लासगो।** भारत की मुक्केबाज प्रीति पवार ने राष्ट्रमंडल खेल-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 54 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल में प्रीति ने जाम्बिया की कैथरीन म्वापे को 5-0 के एकतरफा फैसले से हराकर कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया।

मुकाबले की शुरूआत से ही प्रीति ने बेहतरीन फुटवर्क और तेज काउंटर पंचों से मुकाबले पर अपनी पकड़ बना ली। म्वापे लगातार आक्रामक होने की कोशिश करती रहीं, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने सटीक लेफ्ट-राइट जैब से उन्हें कई बार बैकफुट पर धकेल दिया। दूसरे राउंड में प्रीति के दमदार प्रहारों के बाद म्वापे को दो बार स्टैंडिंग काउंट का सामना करना पड़ा।

दूसरे राउंड के बाद सभी पांचों जजों ने प्रीति के पक्ष में 10-8 का स्कोर दिया और भारतीय मुक्केबाज 5-0 की मजबूत बढ़त के साथ अंतिम राउंड में उतरीं। तीसरे और अंतिम राउंड में म्वापे ने वापसी की कोशिश की, लेकिन प्रीति ने शानदार काउंटर अटैक करते हुए लगातार प्रभावी पंच लगाए। एक बेहतरीन लेफ्ट हुक और उसके बाद लगातार लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन ने जाम्बियाई मुक्केबाज को पूरी तरह दबाव में ला दिया। मुकाबले के अंत तक प्रीति ने अपना दबदबा बनाए रखा। घंटी बजने के बाद फैसला पूरी तरह भारतीय खिलाड़ी के पक्ष में गया और प्रीति ने 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बना ली। अब स्वर्ण पदक के मुकाबले में प्रीति पवार का सामना कनाडा की स्कारलेट डेलगाडो से होगा। भारतीय मुक्केबाज की नजर अब राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक पर होगी।

### सीमा ने महिलाओं के डिस्कस थ्रो फाइनल में जीता कांस्य



**ग्लासगो।** भारत की सीमा कालीरामना ने गुरुवार को राष्ट्रमंडल खेल 2026 में महिलाओं के डिस्कस थ्रो फाइनल में कांस्य पदक जीता। उनके दूसरे प्रयास में 58.65 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो (छह में से उनके केवल दो ही वैध थ्रो थे) उन्हें पोडियम तक पहुँचाने के लिए काफी था। प्रतियोगिता में शामिल दूसरी भारतीय, निधि रानी, 57.10 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इन खेलों में महिलाओं के डिस्कस थ्रो में भारत का यह नौवां पदक है और कालीरामना छठी अलग-अलग मेडलिस्ट हैं। सीमा पूनिया के नाम चार राष्ट्रमंडल खेल पदक हैं, जिनमें तीन रजत शामिल हैं। जमैका की सामंथा हॉल ने 61.66 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण जीता, जबकि कनाडा की जूलिया टंक्स ने 60.67 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक हासिल किया।


### लवप्रीत सिंह ने सुपर हेवीवेट भारोत्तोलन में जीता रजत

**ग्लासगो।** भारत के स्टार भारोत्तोलक लवप्रीत सिंह ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों के +110 किग्रा सुपर हेवीवेट वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। स्कॉटिश इवेंट कैंपस में गुरुवार को खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में लवप्रीत ने कुल 388 किलोग्राम (स्नैच 176 किग्रा + क्लीन एंड जर्क 212 किग्रा) वजन उठाया। स्वर्ण पदक न्यूजीलैंड के डेविड एंड्रयू लिटी ने कुल 389 किलोग्राम वजन उठाकर केवल एक किलोग्राम के अंतर से जीता।

# BUSINESS

## स्टॉक मार्केट में सिल्वरस्टॉर्म पार्क्स की कमजोर शुरूआत, घाटे में आईपीओ निवेशक

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** एम्यूजमेंट पार्क और रिजॉर्ट बुकिंग के साथ ही प्राइवेट और कॉरपोरेट इंवेंट्स ऑर्गेनाइज करने का काम करने वाली कंपनी सिल्वरस्टॉर्म पार्क्स एंड रिजॉर्ट्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मामूली गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 133 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 10 पैसे के डिस्काउंट के साथ 132.90 रुपये के स्तर पर हुई।

लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर मामूली बढ़त के साथ इश्यू प्राइस 133 रुपये तक चढ़े लेकिन थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये टूट कर 126.30 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गए। हालांकि थोड़ी देर बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर लोअर सर्किट ब्रेक कर दिया। इसके बावजूद इस शेयर की स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं हो सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सिल्वरस्टॉर्म के शेयर 127 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 6 रुपये यानी 4.51 प्रतिशत का नुकसान हो गया। इस कंपनी का 82.43 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 से 28 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.69 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.54 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.92 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.39 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

## कैबिनेट ने पीएम-किसान योजना को 2030-31 तक बढ़ाने को दी मंजूरी

हरियाणा मेल, एजेंसी




**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में उक्त प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना को जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इस अवधि के दौरान योजना के लिए कुल 3.15 लाख करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय को मंजूरी दी गई है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए कुल 4.47 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का मानना है कि इस योजना के विस्तार से किसानों का निवेश बढ़ेगा, खेती की उत्पादकता में सुधार होगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पीएम-किसान योजना की फरवरी, 2019 में शुरू की गई थी। इस योजना के तहत जमीन के मालिक पात्र किसान परिवारों को हर साल 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलती है, जो तीन बराबर किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है। आधार ऑथेंटिकेशन, डिजिटल वेरिफिकेशन और एक मजबूत डीबीटी सिस्टम के जरिए इस योजना ने पारदर्शिता, कार्यकुशलता और जवाबदेही का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया है।

## पहली तिमाही में टाटा स्टील का शानदार प्रदर्शन, भारत में मुनाफा 35 प्रतिशत बढ़कर 4,668 करोड़ रुपये

हरियाणा मेल, एजेंसी

TATA STEEL

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2026) के वित्तीय परिणामों में मजबूत प्रदर्शन दर्ज करते हुए घरेलू कारोबार में उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद कंपनी ने लाभप्रदता, परिचालन दक्षता और बिक्री के मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन किया है। कंपनी का भारत में कर पश्चात लाभ (पीएटी) सालाना आधार पर लगभग 35 प्रतिशत बढ़कर 4,668 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि समेकित (कंसोलिडेटेड) कर पश्चात लाभ 19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,385 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। शुक्रवार को जारी कंपनी की विज्ञप्ति के अनुसार, पहली तिमाही में समेकित राजस्व 60,794 करोड़ रुपये रहा, जबकि समेकित ईबीआईटीडीए 9,370 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। भारत में कंपनी का राजस्व 36,989 करोड़ रुपये रहा और ईबीआईटीडीए 9,908 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इस दौरान भारत में ईबीआईटीडीए मार्जिन 27 प्रतिशत रहा, जबकि प्रति टन ईबीआईटीडीए बढ़कर 19,162 रुपये हो गया, जो कंपनी की बेहतर परिचालन क्षमता और लागत नियंत्रण को दर्शाता है। उत्पादन और आपूर्ति के मोर्चे पर भी कंपनी का प्रदर्शन संतोषजनक रहा। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान भारत में 5.76 मिलियन टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया गया, जबकि 5.17 मिलियन टन इस्पात की डिलीवरी की गई। कंपनी ने बताया कि मेरामंडली और कलिंगानगर संयंत्रों में निर्धारित रखरखाव कार्य के कारण उत्पादन और आपूर्ति पर सीमित असर पड़ा, लेकिन आगामी महीनों में परिचालन पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद है।

## लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

■ एक दिन में 1.31 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई निवेशकों की दौलत

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली के दबाव में निफ्टी और सेंसेक्स दोनों सूचकांक लाल निशान में गिर गए। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे ये दोनों सूचकांक वापस हरे निशान में पहुंच कर कारोबार करने लगे। बाजार में दोपहर एक बजे के थोड़ी देर बाद तक खरीदारी का जोर बना रहा। इसके बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण दोनों सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे फिसल गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत और निफ्टी 0.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 70.51 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 77,998.66 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली शुरू हो, जिसकी वजह से यह सूचकांक 118.22 अंक यानी 0.15 अंक की कमजोरी के साथ 77,809.93 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स ने रफ्तार पकड़ ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर एक बजे के थोड़ी देर बाद यह सूचकांक दिन के निचले स्तर से 462.32 अंक उछल कर 344.10 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 78,272.25 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली का दबाव बन गया।

मुख्यमंत्री ने पंजाब के सनौर में सरदार उधम सिंह जी के 87वें शहीदी दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

# पंजाब में वादों की गिनती ज्यादा, काम अब भी अधूरा: नायब सैनी

- **पंजाब के मुख्यमंत्री बताएं कितनी घोषणाएं पूरी हुई: नायब सिंह सैनी**
- **भाजपा करेगी सरदार उधम सिंह के सपनों को पूरा**

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री से सवाल किया कि वे प्रदेश की जनता को बताएं कि पिछले विधानसभा चुनाव में की गई 56 घोषणाओं में से कितनी पूरी हुई हैं , अगले चुनाव होने में मात्र 4 माह शेष हैं क्या वे सभी घोषणाओं को पूरा कर देंगे।

सैनी आज पंजाब के सनौर में सरदार उधम सिंह जी के 87वें शहीदी दिवस पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने सरदार उधम सिंह को नमन करते हुए कहा कि पंजाब में भाजपा सरकार ही सरदार उधम सिंह द्वारा युवाओं के विकास के लिए देखे गए सपनों को पूरा कर सकती है। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि केवल नारों से नहीं नियत से राज्य का विकास होता है।



## मुख्यमंत्री ने शहीद उधम सिंह जी के शहादत दिवस पर किया नमन



**हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महान स्वतंत्रता सेनानी और अदम्य साहस के प्रतीक शहीद उधम सिंह जी के शहादत दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने सरकारी आवास पर यहां संत कबीर कुटीर में शहीद उधम सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद उधम सिंह जी का अदम्य साहस, अटूट राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के स्वाभिमान के लिए दिया गया सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में दर्ज एक अमर अध्याय है। शहीद की शहादत को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, राष्ट्र उनकी वीरता, समर्पण और महान त्याग का सदैव कृतज्ञ रहेगा। जालियांवाला बाग हत्याकांड के न्याय के लिए उन्होंने जिस प्रकार का संकल्प और धैर्य दिखाया, वह अतुलनीय है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब में एक्साइज इंस्पेक्टर की भर्ती में गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए "आप सरकार" को घेरा और इसे प्रतिभावान युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा बताया। उन्होंने कार्यक्रम में एक वक्ता द्वारा "पंजाब सरकार ने 30 प्रतिशत चुनावी वायदे पूरे किये" का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान बताएं कि उन्होंने गत चुनाव में की गई कितनी घोषणाओं को पूरा कर लिया है? और क्या शेष 4 माह में बाकी घोषणाओं को पूरा कर देंगे ?

सैनी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज विरासत पर गर्व करते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हरियाणा में हमारी सरकार इसी भावना पर काम कर रही है। उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा किसानों , महिलाओं तथा युवाओं के हित में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने चुनावी संकल्प –पत्र में 217 संकल्प लिए थे जिनमें से 70 संकल्प तो मात्र डेढ़ साल में ही पूरे कर दिए हैं , बाकि के 147 संकल्प भी बहुत जल्द पूरे कर देंगे।

उन्होंने पंजाब की जनता को शहीद सरदार उधम सिंह जी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया और कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो महापुरुषों का सम्मान कर देश को विकसित और संस्कारित करने की दिशा में काम कर रही है।

नायब सिंह सैनी ने सनौर को पावन धरती बताया और कहा कि कुछ धरतियाँ केवल इतिहास का हिस्सा बनती हैं... लेकिन कुछ धरतियाँ इतिहास गढ़ती हैं। सनौर ऐसी ही पुण्यभूमि है। यह केवल एक कस्बा नहीं है, केवल एक क्षेत्र नहीं है; यह राष्ट्रभक्ति की राजधानी है। इस धरती की हर मुट्ठी हमें याद दिलाती है कि आजादी हमें विरासत में नहीं मिली, बल्कि गुरुओं के तप, वीरों के पराक्रम और शहीदों के बलिदान से मिली है।

उन्होंने सरदार उधम सिंह के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनकी राष्ट्रभक्ति से अवगत करवाया कि किस प्रकार से सरदार उधम सिंह ने जलियांवाला हत्याकांड के दोषी अंग्रेज अफसर डायर को लंदन जाकर मारा था। उधम सिंह जी ने अंग्रेज जनता और अंग्रेजी साम्राज्यवाद में फर्क किया। उनकी लड़ाई किसी धर्म, किसी जाति, किसी देश की जनता से नहीं थी बल्कि अन्याय के खिलाफ थी।

नायब सिंह सैनी ने पंजाब की जनता में जोश भरते हुए कहा कि एक उधम सिंह ने इक्कीस वर्षों तक अपना संकल्प निभाया और एक साम्राज्य की नींव हिला दी। आज अगर साढ़े तीन करोड़ पंजाबी अपने संकल्प निभा लें, तो पंजाब की तकदीर बदलने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती परनीत कौर, कार्यक्रम के आयोजक हरदीप सिंह कंबोज, बाबा ब्रह्मदास जी महाराज, स्वामी राजेश्वरानंद महाराज , संत महेश मुनि जी महाराज समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री

---

जमीनी धोखाधड़ी के मामलों में ऊर्जा मंत्री अनिल विज सख्त

# डीएसपी को केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

- **स्वीमिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को मंत्री अनिल विज ने आशीर्वाद दिया**

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज अम्बाला छावनी स्थित अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए जमीनी धोखाधड़ी के अलग-अलग मामलों में पुलिस को केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बीडी फ्लोर मील क्षेत्र निवासी महिला ने शिकायत देते हुए बताया कि उन्होंने कुछ समय पूर्व बीडी फ्लोर मील क्षेत्र में ही एक प्रापर्टी डीलर से प्लाट की डील की थी। डीलर को लगभग ढाई लाख रुपए की अग्रिम राशि भी दी गई थी। इसके बाद डीलर ने न तो उन्हें प्लाट दिया और न ही उनकी राशि वापस लौटाई। मंत्री अनिल विज ने इस मामले में डीएसपी कैंट को मामला दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार, एक अन्य शिकायतकर्ता ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बताया कि बंगाली मोहल्ले में एक प्रापर्टी का मामला अदालत में विचाराधीन है और प्रापर्टी पर स्टे है। उसका आरोप था कि स्टे होने के बावजूद एक अन्य पार्टी ने प्रापर्टी को बेच दिया। मंत्री अनिल विज ने मामले में डीएसपी कैंट को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। दलीपगढ़ से आए बुजुर्ग दंपत्ति ने अपने बेटे व बहू पर उनसे मारपीट कर घर से निकालने व परेशान करने की शिकायत दी जिसपर मंत्री अनिल विज ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य कई मामलों में भी मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर कैंट डीएसपी कुलदीप, बिजली निगम के एक्सईएन विकास, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रितेश अग्रवाल, नगर परिषद से एमई कुलभूषण सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



### पोक्सो एक्ट में आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए

**ऊर्जा मंत्री** अनिल विज को परिवार सदस्यों ने पोक्सो एक्ट में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की शिकायत दी। परिवार ने घटना की जानकारी देते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की। इस मामले में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने महेशनगर थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, एक शिकायतकर्ता ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उसका बिजली की मीटर वर्ष 2012 में कट गया था, मगर अब उसे बिजली विभाग द्वारा लाखों का बिल भेज दिया गया है। इस मामले में मंत्री अनिल विज ने एसई को जांच के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आज सीबीएसई नॉर्थजोन स्वीमिंग प्रतियोगिता की विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डीएसओ राम शर्मा व अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर खिलाड़ी धवल ठाकुर, पवनी, हर्षिता, ओजस्वी व अन्य को मंत्री अनिल विज ने आशीर्वाद दिया।

इसी प्रकार, मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी में दसवीं कक्षा की छात्रा दिया डांग को जयपुर में गत दिनों आयोजित हुई मिस टीन दीवा 2026 प्रतियोगिता में रनर-अप आने पर आशीर्वाद दिया व परिवार को शुभकामनाएं दी।

---

# अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व का बोध होना बेहद जरूरी: डा. अग्रवाल

- **जल संरक्षण का संदेश देती पुस्तक 'एक बूँद सौ सवाल' का हुआ विमोचन**
- **सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने किया विमोचन**

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा निवास चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने आज बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने प्रसिद्ध लेखिका डा. शमीम शर्मा और उनकी पुत्रवधू डा. सरिता शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से लिखित पुस्तक 'एक बूँद सौ सवाल' का विमोचन किया और दोनों लेखिकाओं को इस अनुपम कृति के लिए बधाई दी। डॉ. अग्रवाल ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि इसमें पानी



के सभी आयामों ऐतिहासिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और पर्यावरण को बेहद सरल और सुंदर शैली में पिरोया गया है। यह पुस्तक हर आयु वर्ग के लिए अत्यंत पठनीय और उपयोगी है। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने हाल ही में उद्योग विभाग की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब राज्य में किसी भी नए इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट या पार्क की मंजूरी से पहले जल की उपलब्धता और उसकी व्यावहारिकता का आकलन अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, औद्योगिक इकाइयों के लिए जल का संरक्षण जरूरी है, ताकि भूमिगत जल दोहन को रोका जा सके।

उन्होंने कहा कि हरियाणा एक अर्ध–शुष्क प्रदेश है, जहां जल का हमेशा से सांस्कृतिक और वैज्ञानिक महत्व रहा है। हमारी पुरानी परंपराओं (जैसे कुआँ–पूजन) और स्वच्छता के नियमों को धर्म से इसलिए जोड़ा गया था ताकि लोग पानी को प्रदूषित न करें और जलजनित बीमारियों से सुरक्षित रहें। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आज युवाओं की भाषा में एक शून्यता आ गई है। अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व का बोध होना बेहद जरूरी है। हिंदी देश को जोड़ने वाली प्रमुख भाषा है और इसे सहेजने के लिए 'एक बूँद सौ सवाल' जैसी सरल, गुणवत्तापूर्ण और व्यावहारिक पुस्तकों का अधिक से अधिक सृजन होना चाहिए।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दैनिक ट्रिब्यून के संपादक नरेश कौशल ने कहा कि साहित्य अभिव्यक्ति नहीं, सामाजिक परिवर्तन का साधन है। उनकी लेखनी ने नारी अस्मिता, कन्या भ्रूण हत्या, सामाजिक विसंगतियों, ग्रामीण जीवन, पारिवारिक संबंधों और मानवीय मूल्यों को अत्यंत सहज किन्तु प्रभावशाली स्वर प्रदान किया है। हरियाणवी भाषा को साहित्यिक गरिमा प्रदान करने में उनका योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

इस कार्यक्रम में उर्दू प्रकोष्ठ हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के निदेशक ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की और दोनों लेखिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने जल जैसे समसामायिक विषय पर पुस्तक लेखन का कार्य किया है, जो कि सराहनीय है। इस मौके पर पुस्तक की लेखिका डा. शमीम शर्मा ने कहा कि पुस्तक में जल संरक्षण से जुड़े 49 अध्याय हैं। जल बचाना आज की जरूरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुस्तक की रचना की गई है।

---

# एचटेट परीक्षाओं में आवेदन से लेकर परीणाम तक गड़बड़झाला: दिग्विजय

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने हरियाणा में आयोजित एचटेट परीक्षा की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने आवेदन से लेकर परिणाम तक गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षक चयन में पैसे का खेल होगा तो छात्रों का भविष्य प्रभावित होगा और जरूरत पड़ी तो जेजेपी अदालत का रुख करेगी। दिग्विजय ने आरोप लगाया कि एचटेट–2024 के परिणाम में धांधली हुई, बायोमेट्रिक प्रक्रिया को दरकिनार कर 1284 नए अभ्यर्थियों को पास किया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम संदिग्ध परिस्थितियों में जारी किया गया और मामले को दबाने के लिए अधिकारियों के तबादले किए गए। साथ ही, जिस एजेंसी पर सवाल उठे, उसे फिर से जिम्मेदारी देना भी संदेह पैदा करता है।



उन्होंने परीक्षा के दौरान बिना सील के पेपर, समय से अधिक परीक्षा और सीसीटीवी रिकॉर्ड नष्ट करने जैसे आरोप भी लगाए। ओएमआर शीट को नष्ट करने की कोशिश का भी जिक्र किया गया। दिग्विजय ने कोचिंग सेंटरों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

---

# बिल्डरों को राहत, बकाया ईडीसी चुकाने के लिए छह महीने मिले

- **समाधान से विकास-2021' योजना अब 31 दिसंबर तक लागू**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने लाइसेंस और चेंज ऑफ लैंड यूज (सीएलयू) मामलों में एक्सटर्नल डेवलपमेंट चार्ज (ईडीसी) के बकाया भुगतान को लेकर बिल्डरों और डेवलपर्स को राहत देते हुए वन टाइम सेटलमेंट योजना समाधान से विकास–2021 की अवधि छह महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दी है। इस फैसले से उन डेवलपर्स को लाभ मिलेगा जो अब तक बकाया राशि का निपटान नहीं कर पाए थे। हालांकि सरकार ने देरी से भुगतान करने वालों पर आर्थिक दबाव भी बढ़ाया है। संशोधित नियमों के तहत अब जितनी देर से भुगतान किया जाएगा, उतना ही अधिक ब्याज और पेनल इंटरेस्ट देना होगा। 100 प्रतिशत मूलधन जमा करने वाले डेवलपर्स को भी बकाया ब्याज का एक निर्धारित हिस्सा देना होगा, जो हर महीने 1 प्रतिशत बढ़ेगा। इसी प्रकार 50 प्रतिशत मूलधन जमा करने के विकल्प में भी ब्याज की देनदारी समय के साथ बढ़ती जाएगी। सरकार के अनुसार, 50 प्रतिशत मूलधन जमा करने पर शेष राशि चार छमाही किस्तों में जमा की जा सकेगी, जिस पर 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज और डिफॉल्ट की स्थिति में अतिरिक्त 2 प्रतिशत ब्याज देना होगा। लाभ केवल उन्हीं मामलों में मिलेगा, जिनमें संपत्ति की सेल डीड तय समय से पहले विभाग के पक्ष में दर्ज हो जाएगी।

---

# दो लाख मतदाताओं की एक से अधिक स्थानों पर वोट

- **मृत्यु के बाद 7.66 लाख मतदाताओं के नाम कटे**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के बाद निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को प्रारंभिक मतदाता सूची जारी कर दी। 15 जून से 31 जुलाई तक चले इस अभियान में कुल 2 करोड़ 6 लाख 55 हजार 929 पंजीकृत मतदाताओं में से 34 लाख मतदाता धरातल पर मौजूद नहीं पाए गए, जिनके नाम सूची से हटा दिए गए। अब जारी ड्राफ्ट के आधार पर 30 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दर्ज कर इन नामों को दोबारा जोड़ा जा सकता है, बशर्ते संबंधित व्यक्ति अपने अस्तित्व का प्रमाण दे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास के अनुसार, 83.64 प्रतिशत यानी 1 करोड़ 72 लाख 72 हजार 627 मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा किए। अभियान में 24.30 लाख मतदाता स्थानांतरित या अनुपस्थित मिले, 7.66 लाख की मृत्यु हो चुकी थी और 2.04 लाख नाम दोहराव में पाए गए। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों की प्रारंभिक सूची प्रकाशित कर दी गई है। सत्यापन के लिए 23 जिलों में हजारों अधिकारियों और बीएलओ ने घर–घर जाकर काम किया। 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा भी प्रपत्र–6 के माध्यम से नाम जुड़वा सकते हैं। अंतिम सूची 3 अक्टूबर को जारी होगी।

---

# सीमा सांगवान ने राष्ट्रमंडल खेलों में जीता कांस्य पदक

- **मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दी बधाई**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**चंडीगढ़।** भिवानी जिले के छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचीं महिला एथलीट सीमा सांगवान ने डिस्कस थ्रो स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया और देश की झोली में एक और मेडल डाला।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सीमा सांगवान को बधाई देते हुए कहा कि सीमा ने अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट खेल भावना से डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमा की यह ऐतिहासिक सफलता न केवल हरियाणा के लिए बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए गर्व का विषय है। उनकी यह उपलब्धि राज्य की अन्य युवा महिला खिलाडियो को भी खेलों के क्षेत्र में आगे बढे और नई बुलंदियों को छूने के लिए प्रेरित करेगी।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि हरियाणा सरकार लगातार खिलाडियों को प्रोत्साहन और विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज हरियाणा के युवा हर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का परचम लहरा रहे हैं, जिसका श्रेय खिलाड़ियों की अथक मेहनत और राज्य सरकार की खेल–अनुकूल नीतियों को जाता है।

---

# भ्रष्टाचार की पर्याय बन चुकी है भाजपा सरकार: सैलजा

- **कांग्रेस की जनहित योजनाओं के नाम बदलकर उन्हें लूट का माध्यम बनाया गया**
- **गरीबों की योजनाओं में भ्रष्टाचार का आरोप, निष्पक्ष जांच की उठी मांग**

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) सदस्य कुमारी सैलजा ने अंबाला में डॉ. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना में सामने आए कथित 17.03 रुपये करोड़ के घोटाले को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार के शासन में गरीब, दलित और वंचित वर्ग के लिए बनाई गई योजनाएं भी भ्रष्टाचार से अछूती नहीं रहीं। यह सरकार विकास और सुशासन के केवल जुमले देती है, जबकि धरातल पर भ्रष्टाचार को संरक्षण मिलता दिखाई देता है।



कुमारी सैलजा ने कहा कि जिन योजनाओं का उद्देश्य गरीबों को सम्मानजनक जीवन देना था, उन्हें भाजपा सरकार ने नाम बदलकर अपने खाते में डालने का प्रयास किया, लेकिन उन योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही। उन्होंने कहा कि अंबाला में सामने आया मामला यह दशार्ता है कि गरीबों के लिए निर्धारित सहायता राशि तक में कथित रूप से बिचौलियों और भ्रष्ट तंत्र ने सेंध लगा दी।

सांसद ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने देश के समग्र विकास के लिए अनेक दूरदर्शी योजनाएं शुरू की थीं।

भाजपा ने उन योजनाओं के नाम बदलकर उन्हें अपनी उपलब्धि बताने का प्रयास किया, लेकिन उनका परिणाम जनता के सामने है। जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जे एन एन यू आर एम) जैसी शहरी विकास की अवधारणा को बदलकर स्मार्ट सिटी मिशन का प्रचार किया गया, करोड़ों रुपये खर्च किए गए, देश के 100 शहरों को स्मार्ट बनाने के बड़े–बड़े दावे किए गए, लेकिन आज भी अधिकांश शहर ट्रैफिक, जलभराव, टूटी सड़कों, गंदगी और अव्यवस्थित बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। जनता पूछ रही है कि आखिर स्मार्ट सिटी का वादा कहां पूरा हुआ?

कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में शायद ही कोई ऐसा विभाग बचा हो जहां भ्रष्टाचार के आरोप न लगे हों। गरीबों के आवास, किसानों, युवाओं, कर्मचारियों और आम नागरिकों से जुड़ी योजनाओं में लगातार अनियमितताओं की खबरें सामने आती रही हैं। यदि गरीबों और दलितों के लिए बनाई गई योजनाओं में भी कथित घोटाले सामने आ रहे हैं तो यह सरकार की जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न है।

सांसद ने मांग की कि अंबाला प्रकरण की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों, एजेंटों तथा इसमें शामिल किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा जिन गरीब लाभार्थियों के साथ अन्याय हुआ है उन्हें न्याय दिलाया जाए।

कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस जनता के अधिकारों और गरीबों के हितों की रक्षा के लिए सदैव आवाज उठाती रहेगी और भ्रष्टाचार के प्रत्येक मामले को मजबूती से जनता के सामने लाएगी।

---

# एक्सटेंशन लेक्चरर्स व गेस्ट लेक्चरर्स को मिलेगी जॉब सिक्योरिटी

- **सरकार ने नियमों का ड्राफ्ट पब्लिक डोमेन पर डाला,15 दिन में मांगे सुझाव**
- **पांच साल की सर्विस व 240 दिन वेतन लेने वालों को मिलेगा लाभ**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने एक्सटेंशन लेक्चरर्स और गेस्ट लेक्चरर्स (सिक्योरिटी ऑफ सर्विस) एक्ट, 2025 को लागू करने के लिए ड्राफ्ट नियमों को सार्वजनिक कर दिया है। इससे राज्य भर के सरकारी कॉलेजों में काम कर रहे योग्य एक्सटेंशन और गेस्ट लेक्चरर्स के लिए सर्विस की शर्तें, मेहनताना, छुट्टी के अधिकार और नियम तय करने का रास्ता साफ हो गया है।

उच्च शिक्षा विभाग ने 15 दिनों के अंदर हितधारकों तथा आम जनता से सुझाव मांगे हैं। प्रस्तावित हरियाणा एक्सटेंशन लेक्चरर्स और गेस्ट लेक्चरर्स (सिक्योरिटी ऑफ सर्विस) नियम, 2026, एक्ट के सेक्शन 10 के तहत बनाए गए हैं। ड्राफ्ट नियमों के अनुसार, योग्य एक्सटेंशन और गेस्ट लेक्चरर्स, जिन्होंने कम से कम पांच साल की कुल सर्विस पूरी कर ली है, और साल में कम से कम 240 दिन मेहनताना मिला है, उन्हें सर्विस की सुरक्षा के फायदों के लिए माना जाएगा। सरकार एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल बनाने का भी प्रस्ताव रखती है। योग्य एक्सटेंशन लेक्चरर्स और गेस्ट लेक्चरर्स अपनी डिटेल्स पोर्टल पर अपलोड करेंगे, जिसे उनके प्रिंसिपल और संबंधित डीडीओ वेरिफाई करेंगे।

ड्राफ्ट नियमों में खास तौर पर अलग–अलग हालात में सरप्लस सिक्योर्ड कर्मचारियों के री–एडजस्टमेंट का इंतजाम है। अगर सिक्योर्ड कर्मचारी राज्य के किसी भी सरकारी कॉलेज में अपने सब्जेक्ट में सरप्लस है, तो ऐसे सिक्योर्ड कर्मचारियों की लिस्ट डायरेक्टरेट को भेजी जाएगी ताकि उन्हें किसी दूसरे सरकारी कॉलेज में एडजस्ट किया जा सके, जहां काम का बोझ हो। इसी तरह सिक्योर्ड महिला कर्मचारी शादीशुदा होने पर दूसरे जिले में री–एडजस्टमेंट के लिए मैरिज सर्टिफिकेट की कॉपी के साथ रिप्रेजेंटेशन दे सकती हैं और पुरानी बीमारियों से पीड़ित कर्मचारी भी चीफ मेडिकल ऑफिसर से जारी मेडिकल सर्टिफिकेट जमा करके दूसरे जिले में ट्रांसफ के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

पारिवारिक हालात या जीवनसाथी की मौत का सामना कर रहे कर्मचारी, एक हलफनामा या मौत का सर्टिफिकेट देकर री–एडजस्टमेंट के लिए योग्य होंगे। निदेशालय के पास यह अधिकार होगा कि वह सिक्योर्ड कर्मचारियों को किसी भी सरकारी कॉलेज में री–एडजस्ट भी कर सकता है, जहां काफी काम का बोझ हो।

प्रस्तावित फ्रेमवर्क सिक्योर्ड कर्मचारियों को 57,700 का एक मासिक वेतन, साथ ही 2 परसेंट की सालाना इंक्रीमेंट और राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर नोटिफाई की गई दरों पर महंगाई भत्ता देता है। महिला सिक्योर्ड कर्मचारियों को छह महीने तक की मैटरनिटी लीव मिलेगी, जबकि पुरुष कर्मचारियों को 15 दिन की पैटरनिटी लीव मिलेगी।

इसके अलावा, अगर किसी सिक्योर्ड कर्मचारी को किसी पागल जानवर ने काट लिया है, तो उसे एंटी–रैबिट ट्रीटमेंट के लिए पांच दिन तक की स्पेशल कैजुअल लीव दी जा सकती है, बशर्ते उसे काबिल मेडिकल अधिकारियों से बेड रेस्ट का मेडिकल सर्टिफिकेट दिखाना होगा।

ड्राफ्ट नियमों में राजनीतिक गतिविधियों, हड़तालों, सरकारी और प्राइवेट व्यापार या नौकरी की आलोचना पर रोक सहित आचरण और सजा के विस्तृत नियम भी बताए गए हैं।

हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट ने कहा कि नियमों को फाइनल करने से पहले तय समय में मिले सभी सुझावों की जांच की जाएगी।

मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक **ऋषि नारायण आचार्य** द्वारा स्वत्वाधिकारी शिवा पब्लिकेशन के लिए मैसर्स आर डी प्रिन्टर्स एंड पब्लिशर्स प्रा. लि., बी–48, सेक्टर–8, नोएडा गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) 201301 से मुद्रित तथा सी–2589, सुशांत लोक–1, चकरपुर गुरुग्राम हरियाणा 122001 से प्रकाशित। संपादकीय कार्यालयः द्वितीय तल आपका सिटी प्लाजा, सिविल लाईन रोड गुड़गांव। RNI No. HARHIN/2012/47672, फोन. 9990909797, Email: haryanamail.info@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गुरुग्राम न्यायालय होगा।